संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 219 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

मणिपुर में थम नहीं रही हिंसा। फिर से मणिपुर में गोलीबारी हुई है।

फास्ट न्यूज

धारा 370 : हमने सुप्रीम कोर्ट में श्रेष्ठ वकील चुने : उमर

टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली
नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कहा कि अभी लड़ाई जारी है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि इंसाफ जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के मामले में पूरी कोशिश की गई। बढ़िया वकील किए गए और उन्होंने अदालत में अपने तर्कों को बड़ी मजबूती के साथ रखा है। इस बात की उम्मीद है कि न्यायाधीश उनके तर्कों से आश्वस्त होंगे। उमर ने कहा कि पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ने के लिए कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम को नियुक्त करने से बेहतर कुछ नहीं कर सकती थी। हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया। कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम देश के शीर्ष पांच वकीलों में से दो हैं। जीत या हार भगवान के हाथ में है। एक इंसान केवल कोशिश कर सकता है और हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब हमें सफलता देने के लिए भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए।

नहीं जानता ऐसा कह पर वह किसे खुश करना चाहते हैं : वहीं, डीपीएपी प्रमुख गुलाम नबी आजाद के मुसलमान ज्यादातर हिंदू धर्म से धर्मांतरित वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने यह किस संदर्भ में कहा है। ऐसा कहकर वह किसे खुश करना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा एनसी संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम श्रीनगर स्थित कन्वेंशन सेंटर समेत सरकारी इमारतों से हटाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि उनका नाम कोई नहीं मिटा सकता। लोगों के दिलों में उनका नाम है।

राजस्थान में भाजपा के चुनाव प्रबंधन की कमान पंचारिया को

नई दिल्ली/जयपुर : भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को संकल्प पत्र समिति का संयोजक बनाया है। इसके अलावा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया गया है। इन नियुक्तियों की घोषणा जयपुर में पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह भी मौजूद रहे। जोशी ने बताया कि संकल्प पत्र समिति का आकार संयोजक, सात सह संयोजक और 17 सदस्यों सहित कुल 25 का है। राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, राज्यसभा सदस्य किरोड़ीलाल मीणा, राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष मेहरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी और पार्षद राखी राठौड़ को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति में संयोजक और छह सह संयोजक समेत 21 सदस्य होंगे।

एमपी-छग चुनाव को लेकर भाजपा ने फूंका बिगुल

● भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषित की 39 प्रत्याशियों की पहली सूची, छत्तीसगढ़ के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई

चौंकाया

भाजपा ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाते हुए विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल
भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाते हुए विधानसभा चुनाव-2023 के लि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची गुरुवार को जारी कर दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। पार्टी प्रत्याशियों की सूची पार्टी के दिल्ली मुख्यालय से राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई है। मध्यप्रदेश के विधानसभा प्रत्याशियों की पहली सूची में 39 नाम हैं। इस सूची में भोपाल उत्तर एवं मध्य के लिए भी पार्टी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। सूची के अनुसार पार्टी ने सबलगढ़ से सरला विजेंद्र रावत, सुमावली से अदल सिंह कंसाना, गोहद से लालसिंह आर्य, पिछोर से प्रीतम लोधी, चाचौड़ा से प्रियंका मीणा, चंदेरी से जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बंडा से वीरेंद्रसिंह लम्बरदार, महाराजपुर से कामाख्या प्रताप सिंह, छतरपुर से ललिता यादव, पथरिया से लखन पटेल, गुन्नौर से राजेश कुमार वर्मा, चित्रकूट से सुरेंद्रसिंह गहरवार, पुष्पराजगढ़ से हीरासिंह श्याम, बड़वारा से धीरेंद्र सिंह, बरगी से नीरज ठाकुर, जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर, शाहपुरा से ओमप्रकाश धुर्वे, बिछिया से विजय आनंद मरावी, बैहर से भगतसिंह नेताम, लांजी से राजकुमार करायें, बरघाट से कमल मस्कोले, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, सौसर ने नानाभाऊ मोहोड़, पांढुर्णा से प्रकाश उइके, मुल्ताई से चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही से महेंद्रसिंह चौहान, भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा, भोपाल मध्य से ध्रुव नारायण सिंह, सोनकच्छ से राजेश सोनकर, महेश्वर से राजकुमार मेव, कसरावद से आत्माराम पटेल, अलीराजपुर से नागरसिंह चौहान, झाबुआ से भानु भूरिया, पेटलावद से निर्मला भूरिया, कुक्षी से जयदीप पटेल, धरमपुरी से कालूसिंह ठाकुर, राऊ से मधु वर्मा तराना से ताराचंद गोयल एवं घटिया से सतीश मालवीय को पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

छग: भाजपा ने की 21 उम्मीदवारों की घोषणा

टीम एक्शन इंडिया/रायपुर
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कुल 90 सीटों में से 21 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दिया है।
भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। केन्द्रीय चुनाव समिति ने छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए छत्तीसगढ़ से 21 नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक दुर्ग सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन क्षेत्र पाटन से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया है। इन दोनों दिग्गज नेताओं के बीच पहले भी चुनावी टक्कर हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में दुर्ग संसदीय सीट पर उम्मीदवार रहे विजय बघेल पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक अंतर से विजयी हुए हैं। वहीं भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए जिन नाम पर मुहर लगाई गई है, उनमें प्रेम नगर से भूलन सिंह मरावी, भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर से शकुंतला सिंह पोर्ते, रामानुजगंज से रामविचार नेताम, लुंड्रा से प्रबोज मिंज, खरसिया से महेश साहू, धर्मजयगढ़ से हरीश चंद्र राठिया, सरायपाली से सरला कोसरिया को उतारा है। खल्लारी से अलका चंद्राकर, से सांसद मानपुर से संजीव साहा, कांकेर से आशाराम नेताम और बस्तर से मनीराम कश्यप शामिल हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समुद्र में उतारा 'विंध्यगिरी'

रिमोट से बटन दबाते ही डेक से खिसककर समुद्र के पानी में उतर गया जहाज

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी को रिमोट से बटन दबाकर समुद्र में उतार दिया। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। जहाज का नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया गया विंध्यगिरी प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। रिमोट से बटन दबाते ही जहाज डेक से खिसकना शुरू हुआ और देखते ही देखते युद्धपोत समुद्र के पानी में उतर गया। इस ऐतिहासिक पल के दौरान भारत माता की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत को जहाज निर्माण की क्षमता दिलाने में भारतीय उद्योगों का प्रमुख योगदान है। उन्होंने नौसेना और जीआरएसई के कर्मचारियों को समय पर जहाज का निर्माण करने के लिए धन्यवाद दिया। नौसेना प्रमुख आर. हरि कुमार ने बताया कि इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। एक तरह से देखा जाए तो तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट पुरानी एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को श्रद्धांजलि है।

ऋण मुहैया कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी

आरबीआईएच) की ओर से विकसित किया जा रहा है, जो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है

आप को झटका

आरबीआई ने ऋण मुहैया कराने के लिए एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की



टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिना किसी परेशानी के ऋण मुहैया कराने के लिए एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) की ओर से विकसित किया जा रहा है, जो आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। 10 अगस्त, 2023 को जारी विकासात्मक और नियामक नीतियों से संबंधित बयान के तहत केंद्रीय बैंक ने यह घोषणा की है। डिजिटलीकरण में तेजी से प्रगति के साथ, भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की अवधारणा को अपनाया है। यहां बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों और स्टार्ट-अप को भुगतान, क्रेडिट व अन्य वित्तीय गतिविधियों में अभिनव समाधान तैयार करने और आम लोगों को मुहैया कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डिजिटल क्रेडिट डिलीवरी के लिए, क्रेडिट मूल्यांकन के लिए जरूरी डेटा केंद्र और राज्य सरकारों, खाता एग्रीगेटर्स, बैंकों, क्रेडिट सूचना कंपनियों, डिजिटल पहचान प्राधिकरणों आदि विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध हैं। हालांकि, वे अलग-अलग प्रणालियों में हैं, जो नियम-आधारित आसान ऋण मुहैया करने और समय पर उसका वितरण सुनिश्चित करने में अड़चन पैदा करते हैं। पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म उधारदाताओं को आवश्यक डिजिटल जानकारी के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान कर-के आसान क्रेडिट की डिलीवरी सक्षम करेगा। एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ओपन आर्किटेक्चर, ओपन एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और मानकों पर आधारित होगा जिससे सभी वित्तीय क्षेत्र के घटक प्लग एंड प्ले मॉडल में निर्बाध रूप से जुड़ सकेंगे। प्लेटफॉर्म को सूचना प्रदाताओं तक पहुंच और उपयोग के मामलों एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाना है। यह लागत में कमी, त्वरित संवितरण और स्केलेबिलिटी के संदर्भ में ऋण देने की प्रक्रिया में दक्षता लाएगा।

नेहरू की पहचान उनके कर्म हैं, नाम नहीं: राहुल

केंद्र पर तंज

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
केंद्र सरकार ने 14 अगस्त को दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था। 1929-30 में बना तीन मूर्ति भवन भारत में कमांडर-इन-चीफ का आधिकारिक निवास था। अगस्त 1948 में यह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का आधिकारिक निवास बन गया। राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर लद्दाख गए हैं। वे सुबह दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुए और दोपहर करीब 1 बजे यहां पहुंचे। लद्दाख में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहुल का स्वागत किया।

' भाजपा को सत्ता से बाहर करने का लें प्रण'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें मिलकर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। सभी को इसकी प्रतिज्ञा लेनी है कि भाजपा वर्ष 2024 में सत्ता में वापस न आने पाए। क्योंकि वर्तमान सरकार से देश खुश नहीं है। खड़गे ने गुरुवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन- प्रतिज्ञा- उज्ज्वल भारत की को संबोधित करते हुए कहा कि वह सभी को सलाह देना चाहते हैं कि आप अच्छा काम करें और भाजपा को हटाएं।

डॉक्टर्स अस्पताल की आत्मा हैं : सीएम शिवराज

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के चयनित डॉक्टरों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डॉक्टर तो जीवनदाता होते हैं। आप सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का काम आपके हाथ में हैं। भगवान के बाद लोग डॉक्टर को सबसे अधिक सम्मान देते हैं। "डॉक्टर्स, अस्पताल की आत्मा हैं। आप पूरी लगन और निष्ठा के साथ मानव सेवा व जीवन रक्षा का कार्य करते रहें, आपको किसी तरह की कोई परेशानी न हो; यह हम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान गुरुवार को अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के चयनित डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चिकित्सकों का काम सिर्फ नौकरी करना नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करना है। बच्चों से पूछो कि बड़े होकर क्या बनना चाहते हो, तो अधिकतर बच्चे कहते हैं कि डॉक्टर। उन्होंने कहा कि और मैं भी कहता हूं, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, उसमें रहने वाली जनता मेरी भगवान है और उनका पुजारी शिवराज सिंह चौहान है।

शरद पवार ने पीएम मोदी पर कसा तंज

टीम एक्शन इंडिया/मुंबई
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार ने गुरुवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल किला वाले भाषण का जिक्र करते हुए उनपर निशाना साधा। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को मी पुन्हा येईन (मैं फिर आऊंगा) कहा था, मैं उन्हें बताता चाहता हूं कि ऐसी ही बात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही थी और वह सत्ता में आएंगे, लेकिन उनका कद घट गया।

निर्माण कार्य

राम मंदिर आंदोलन में अपने प्रा□ों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए

राम मंदिर आंदोलन में गोली खाने वालों को मिलेगा सम्मान

सम्मान

इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों-भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या
अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। जनवरी में इसका उद्घाटन होना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भगवान राम के मंदिर के लोकार्पण के साथ-साथ उन लोगों को भी सम्मान देने की योजना बना रहा है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाए थे। इन वीर शहीदों को सम्मान देने के लिए ट्रस्ट की बैठकों में कई माध्यमों पर चर्चा हुई है। इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों-भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया है। अंततः अयोध्या में बनने वाले प्रस्तावित राम म्यूजियम में ऐसे सभी शहीदों को स्थान देकर उन्हें सम्मान देने की योजना पर अंतिम सहमति बन सकती है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सूत्रों ने कि ट्रस्ट की बैठकों में इस बात पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। कुछ सदस्यों ने इन राम भक्तों की मूर्तियां स्थान-स्थान पर लगवाने का प्रस्ताव किया तो कुछ ने इनके नाम पर अयोध्या की सड़कों-चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में सबसे बड़ी बाधा यह रही कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों की संख्या की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है। लगभग पांच सौ वर्ष लंबे चले राम मंदिर आंदोलन में हजारों लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। 1990 के दशक में चले आंदोलन से पूर्व के आंदोलनों में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों के विषय में ठीक-ठीक सूचना पाना भी कठिन हो सकता है। इनकी संख्या भी बहुत अधिक हो सकती है।

चन्द्रयान 3: विक्रम लैंडर मॉड्यूल से हुआ अलग

कदम बढ़ाया

इसरो के ट्वीट में कहा गया चंद्रयान-3 मिशन: लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा, सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त!

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने अपनी चंद्र अन्वेषण यात्रा में गुरुवार को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रज्ञान रोवर को लेकर चल रहा अंतरिक्ष यान का विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया। इससे मिशन एक कदम और आगे बढ़ गया। इसरो ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इसरो के ट्वीट में कहा गया चंद्रयान-3 मिशनः लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा, सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त! एलएम को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है। कल लगभग शाम चार बजे पहले से तय गति कम करने के बाद एलएम थोड़ी निचली कक्षा में उतरने के लिए तैयार है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत दुनिया में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन इस उपलब्धि को हासिल कर चुके हैं। चन्द्रयान-3 की विशेषता यह है कि यह भारत के प्राकृतिक उपग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा। कोई और अन्य देश अभी तक ऐसा नहीं कर सका है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रदेश में स्वचालित मौसम केंद्र ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एडब्ल्यूएस की संख्या बढ़ाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वह बुधवार सायं यहां आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एडब्ल्यूएस स्थापित करने से मौसम से संबंधित अद्यतन रियल टाइम डाटा उपलब्ध होगा, जिससे मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में समय पर उचित कदम उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रदेश में ऑब्जर्वेटरी सेंटर स्थापित करने की

आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एसडीआरएफ को और सशक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ को आपात स्थिति से निपटने के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इन उपकरणों से गिरे हुए लेंटर व स्लैब उठाने और भारी स्टील की कटिंग सुविधा उपलब्ध होने से आपदा की स्थिति में बचाव कार्यों में अत्यधिक मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में काफी संख्या में पेड़ गिरे हैं। इन पेड़ों की कटाई व निपटान वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरे हुए पेड़ों के स्थान पर पौधरोपण करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कुल्लू जिला में सडकें बाधित होने के दृष्टिगत गंभीर मरीजों को आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त स्टैंड बाई हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रदेश के विभिन्न भागों में चलाए जा रहे राहत व बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, प्रधान सचिव, सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

निर्विघन 45 साल दुकानदार बन सेवा दे रहे एसके चोपड़ा हुए सेवानिवृत

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

आवश्यक नहीं है कि सेवानिवृति सरकारी महकमे से ही हो, किसी स्थान पर रहने के बाद यदि उस काम से सम्मान के साथ हटना भी किसी सेवानिवृति से कम नहीं होता है। ऐसे में यदि सहयोगियों द्वारा बाकायदा कार्यक्रम कर विदाई की जाए तो सेवानिवृति का महत्व और बढ़ जाता है। शहर के मुख्य बाजार में एसके ट्रेडर्ज के नाम से मशहूर सुरेश कुमार चोपड़ा ने जब अपने 45 साल दुकानदारी को विराम देकर स्वेच्छा से आराम करने की इच्छा जताई तो सहयोगी व्यापारियों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन रखा। स्थान था स्थानीय परिधि गृह और उसमें बतौर मुख्यातिथि सदर विधायक त्रिलोक जंवाल ने शिरकत की। संयुक्त व्यापार मंडल के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकांश

व्यापारियों ने भाग लिया तथा अपने व्यापारी भाई को सहर्ष विदाई दी। व्यापार मंडल बिलासपुर में लगातार 19 साल बतौर कोषाध्यक्ष सेवाएं देने वाले सुदेश कुमार इस अवसर भावुक दिखे। अपने संबोधन और अनुभव सांझा करते हुए उन्होंने कहा कि दुकान में आने वाले हर भगवान रूपी ग्राहक से कभी उन्होंने निम्नस्तरीय बात नहीं की तथा दुकान में बिक्री के लिए आने वाले पदार्थों की गुणवत्ता से भी कभी समझौता नहीं किया। वहीं संयुक्त व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र पंडित ने कहा कि सुदेश कुमार ने इस प्रकार की स्वेच्छा सेवानिवृत्ति पाकर समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य व्यापारियों को भी इससे सीख लेनी चाहिए। वहीं संरक्षक स्वतंत्र सांख्यान, पूर्व प्रधान राज पाल सांख्यान और भुवनेश्वरी लुंबा ने सुदेश कुमार और उनकी पत्नी रीता चोपड़ा को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

न्यूज फ्लैश

आपदा राहत कोष के लिए अंशदान

टीम एक्शन इंडिया/शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को गत दिवस को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ ने आपदा राहत कोष-2023 के लिए 1,82,200 रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने अंशदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान विपदा के समय में पीड़ितों की मदद के लिए सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष हरीश ठाकुर, महासचिव जोगिंदर सकलानी और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

करंट लगने से दो कर्मी जख्मी, एक पीजीआई रेफर

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में करंट की चपेट में आने से बिजली बोर्ड के 2 कर्मी झुलस गए है। दोनों की पहचान विशाल विजलमान जिला चंबा और हेमराज निवासी नालागढ़ के रूप में हुई है। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। बता दें गंभीर अवस्था में विशाल को नाहन से पीजीआई रेफर कर दिया गया है। वहीं हेमराज की हालत पूरी तरह से स्थिर है। मेडिकल कॉलेज में ही हेमराज का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, विशाल कांशीवाला के समीप सीपीएफ कॉलोनी में खंभे पर बिजली की तारों की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान उसे हाई वोल्टेज करंट लगा। वहीं नाहन के समीप बनोग में भी हेमराज तारों की मरम्मत करते हुए करंट की चपेट में आ गया। अस्पताल में दोनों को उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, दोनों की हालत फि लहाल स्थिर बताई जा रही है। खबर की पुष्टि बिजली बोर्ड के अधिशासी अभियंता राहुल राणा ने की है।

18 अगस्त को शिमला से बाहर प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/शिमला। एक सरकारी प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शुक्रवार यानि 18 अगस्त, 2023 को अपने सरकारी आवास ओकओवर शिमला में आम जनता से मिल नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्यमंत्री शिमला से बाहर होंगे।

रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स का 'रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोधी' के लॉन्च के साथ शिमला में विस्तार

शिमला: रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स ने एलिगेंस और आतिथ्य को फिर से परिभाषित करते हुए, शिमला के सुरम्य हिल स्टेशन, शोधी में एक नई प्रॉपर्टी लॉन्च की। 'रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोधी' एक विशेषता वाला आश्चर्यजनक प्रतिष्ठान है, जिसमें कुल 44 उत्कृष्ट डिजाइन वाले कमरे हैं, जो मेहमानों को विलासिता और प्राकृतिक वैभव के उत्तम मिश्रण का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स ने शिमला में अपनी चौथी प्रॉपर्टी स्थापित कर, एक प्रमुख आतिथ्य श्रृंखला के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है, और इस क्षेत्र में विस्तार किया है। चंदर के बालजी, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, रॉयल ऑर्किड एंड रीजेंटा होटल्स ने कहा, हिमाचल प्रदेश मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। शिमला शहर से आते हुए, मैंने इस क्षेत्र की सुंदरता की पेशकश को देखा है। शोधी अपने आप में एक प्राकृतिक आकर्षण होने के कारण, यह हमारे लिए इस क्षेत्र में अपनी तीसरी प्रॉपर्टी खोलने का एक स्पष्ट विकल्प था। आतिथ्य उद्योग में अपनी व्यापक यात्रा में, हम अपने मेहमानों को प्रसन्न करने पर पहले से कहीं अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, हम "रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोधी" का अनावरण करते हुए उत्साहित हैं, जो विलासिता और प्राकृतिक वैभव को बढ़ाता है। शिमला की प्राचीन सुंदरता के बीच स्थित, रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोधी एनएच 5 तक आसान पहुंच और मुख्य राजमार्ग से 200 मीटर की दूरी पर एक सुविधाजनक स्थान पर स्थित है। आकर्षण को बढ़ाते हुए यह प्रॉपर्टी विस्तृत पार्किंग स्थान दिखाती है, हरा-भरा प्राकृतिक नजारा, एक रूफटॉप कैफे और एक खुला बगीचा, जो अपने मेहमानों को शहर की हलचल से एक शांत मुक्ति प्रदान करता है।

प्रॉपर्टी का यह निर्मल वातावरण आगंतुकों को प्रकृति की सुंदरता को निहारने और तरोताजा होने का मौका देता है। फिलिप लोगन, (सीओओ), रॉयल ऑर्किड एंड रीजेंटा होटल्स ने कहा, शोधी में नई प्रॉपर्टी का जुड़ना हमारे सम्मानित मेहमानों के लिए विशेष अनुभव और एक शांत विश्राम स्थल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। 'रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोधी' शिमला के लुभावने परिदृश्यों के बीच आराम और रोमांच की तलाश करने वाले यात्रियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनने के लिए तैयार है।

जिला में अभी तक 9 लोग लापता, तलाशी का कार्य जारी

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

13 से 15 अगस्त तक मंडी जिला में हुई भारी बारिश के कारण जिला में अभी तक 267 लोगों के घर पूरी तरह से टूट गए हैं। 19 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 9 लोग अभी तक लापता हैं और उनकी तलाशी का कार्य जारी है। मंडी जिला प्रशासन ने बहाली के कार्य को शुरू तो कर दिया है लेकिन यह कार्य अभी आने वाले कई दिनों तक जारी रहने वाला है। एडीसी मंडी निवेदिता नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में अभी तक मिली जानकारी के अनुसार 267 सडकें पूरी तरह से बंद पड़ी हुई हैं। जिला से होकर गुजरने वाला चंडीगढ़.मनाली नेशनल हाईवे अनेकों स्थानों पर बंद है और इसे बहाल करने में एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है। कुल्लू.मनाली के लिए वाया कटौला कमांद रूट पर छोटे वाहनों को भेजा जा रहा है लेकिन वहां पर भी बार-बार भूस्खलन होने के कारण दिक्कतें पेश आ रही हैं। मंडी पठानकोट नेशनल हाईवे भी पूरी तरह से बंद है लेकिन वाया कटिंडी डायना पार्क होकर गाडियां भेजी जा रही हैं। इसे बहाल करने में अभी समय लग सकता है। जिला में 317 पानी की सकीमें पूरी तरह से प्रभावित हैं। 1219 ट्रांस्फ ार्मर डाउन हैं जिस कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है।

स्मॉल यूनिवर्सिटीज में शूलिनी यूनिवर्सिटी विश्व में 19वें सर्वश्रेष्ठ स्थान पर

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

प्रतिष्ठित स्मॉल यूनिवर्सिटीज टाइम्स हायर एजुकेशन टीएचई रैंकिंग 2023 में शूलिनी यूनिवर्सिटी सभी ग्लोबल यूनिवर्सिटीज में दुनिया में 19वें सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी के रूप में उभरा है। इन रैंकिंग के अनुसार यूनिवर्सिटी को भारत की नंबर एक प्राइवेट स्मॉल यूनिवर्सिटी और ओवर ऑल भारत में दूसरा स्थान दिया गया।रैंकिंग में दुनिया भर के 90 से अधिक देशों के यूनिवर्सिटीज शामिल हैं। कैटेगरी में रैंकिंग के लिए योग्य होने के लिए, यूनिवर्सिटीज को टीएचई की वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में शामिल होना होगा और उनके पास 5,000 से कम

छात्र होंगे। दुनिया में सबसे अच्छे स्मॉल यूनिवर्सिटी का शीर्ष स्थान कैलिफ र्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को मिला है, जो एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी है, जिसके पूर्व छात्रों और फैकल्टी में 47 नोबेल पुरस्कार विजेता हैं। द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बेंगलुरु को दुनिया में 10वां स्थान दिया गया है और यह देश के सभी यूनिवर्सिटीज में शीर्ष स्थान पर है। सर्वश्रेष्ठ स्मॉल यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल भारत के विश्वविद्यालयों की पूरी सूची इस प्रकार है:आईआईएससी बेंगलुरु (10वां), शूलिनी यूनिवर्सिटी (19वां), महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी (28वां), अलगप्पा यूनिवर्सिटी (30वां), आईआईआईटी हैदराबाद (36वां), आईआईटी इंदौर (42वें), एनआईटी हमीरपुर (46वें), आईआईटी पटना (48वें), आईआईटी गांधीनगर (50वें)। चांसलर प्रो. पीके खोसला ने कहा कि यह बेहद गर्व की बात है कि शूलिनी यूनिवर्सिटी ने देश के स्मॉल प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए फैकल्टी और रिसर्चर्स की सराहना की। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने कहा कि स्मॉल यूनिवर्सिटीज के छात्रों को बड़ी यूनिवर्सिटीज के छात्रों की तुलना में लाभ होता है, क्योंकि उन्हें अधिक व्यक्तिगत ध्यान और संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिल सकती है।

आगामी चार दिनों में भारी बरसात से मिलेगी राहत, 21 के बाद फिर सक्रिय होगा मॉनसून

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

इस बार हिमाचल प्रदेश में मौनसून ने उग्र रूप दिखाया और लगातार हुई भारी बरसात ने चारों ओर तबाही मचाई। शिमला समेत प्रदेश के कई इलाकों में लगातार 48 घंटे तक बारिश होती रही जिसके बाद हिमाचल प्रदेश में तबाही का ऐसा मंजर देखने को मिला कि लोग घरों में भी खौफ के साए में रह रहे हैं। वहीं मौसम विभाग की माने तो अब मौसम प्रदेश में कुछ राहत बक्श सकता है अगले कुछ दिनों तक कम बारिश होने की संभावना जताई गई है जिसके बाद प्रदेश में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एक

रास्ता खुलता हुआ नजर आ रहा है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में जारी मानसूनी बरसात में गिरावट देखने को मिली है और आगामी 21 तारीख तक जारी रहने की संभावना है उन्होंने बताया कि 21 अगस्त के बाद एक बार फि र प्रदेश में बरसात का दौरा बढ़ सकता है और कुछ इलाकों में भारी बारिश भी देखने को मिल सकती है। सुरेंद्र पॉल ने बताया कि ऐसे में प्रदेश के कुछ इलाकों में अलर्ट भी जारी किया जा सकता है। सुरेंद्र पाल ने बताया कि बात अगर पूरे अगस्त महीने के करे तो महीने के आखरी हफ्ते में एक बार फि र मानसून में तेजी देखने को मिल सकती है। खैर लगातार बारिशें रेस्क्यू ऑपरेशंस में एक बड़ी अड़चन बनी हुई है ऐसे में बरसातों से अगर राहत मिलती है तो प्रदेश में जारी राहत और बचाव के काम को तेजी मिल सकती है।

सनसनीखेज हत्या मामले में 24 घंटे में दबोचे आरोपी

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। सीएम सुक्खू के करीबी नेता बृजराज ठाकुर के भाई राजेंद्र ठाकुर उर्फ पप्पू की सनसनीखेज हत्या के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दबोच लिया है। प्रभावशाली शख्स की हत्या के आरोपी महज 19 साल के शिलाई तहसील के जासवी गांव के लक्की व शिमला जिला की कुपवी तहसील के गौंठ गांव के सौरभ मांटा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी मुकेश कुमार डडवाल ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल सौरभ के पिता की गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है।

भाजपा के नेता आपदा की इस घड़ी में राजनीति कर रहे हैं: बंबर ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

स्थानीय परिधि गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य तथा पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता आपदा की इस घड़ी में राजनीति कर रहे हैं जबकि उन्हें सरकार का सहयोग करना चाहिए तथा केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग उठानी चाहिए। लेकिन भाजपा चाहती है कि किसी न किसी तरीके से हिमाचल की सरकार हिले और वे मौके का फ ायदा उठाएं। लेकिन इनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे क्योंकि ये आपदा में अवसर ढूढ रहे हैं। बंबर ठाकुर ने कहा कि पूरा प्रदेश भयंकर बारिश से त्राहिमाम की आर्तपुकार कर रहा है। लेकिन बिलासपुर के विधायक जेपी नड्डाए अनुराग ठाकुर का गुणगान करते नहीं थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा लोक सभा सांसद अनुराग ठाकुर ने अब तक कोई राहत राशि यदि हिमाचल या बिलासपुर के लिए दी है तो उसे जनता के बीच सार्वजनिक करे। यह हैरानी की बात है कि केंद्र में बिलासपुर से ताल्लुक रखने वाले दो नेताओं की कार्यशैली इस समय बहुत ज्यादा संदेह के घेरे में है। वहीं सता से बाहर हुए भाजपा नेताओं को सिर्फ सता की चिंता है जबकि प्रदेश में अनमोल जानें जा चुकी हैं और अरबों की संपति बर्बाद हो चुकी है। बंबर ठाकुर ने कहा कि केवल डींगे हांकने से काम नहीं चलेगा ये जनता है सब जानती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा यदि इतनी संवेदनशील है तो केंद्र सरकार से इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित घोषित करवाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि सदर की सडकों को खोलने के लिए डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने करीब 30 लाख रूपए जारी किए हैं जिससे जेसीबी दिन रात काम पर लगी हैं और अधिकांश सडकें खोल दी गई हैं।

अजय सोलंकी बिक्रमबाग में प्रभावित परिवार से मिले

टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ

विधायक अजय सोलंकी ने आज नाहन के विक्रमबाग पंचायत के खैरवाला गांव में भारी बारिश के कारण भू-स्खलन से प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनका हाल जाना। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और इस त्रासदीपूर्ण घटना पर दुख प्रकट किया। अजय सोलंकी आज बुधवार को खैरवाला गांव पहुंचे। उन्होंने गांव के निवासी ईसा के घर पहुंचकर उनके 14 वर्षीय बेटे की अकाल मृत्यु पर गहरा शोक जताया। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी

संवेदनाये प्रकट की। उन्होंने गांव के अन्य प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की और दुख प्रकट किया।विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि उन्होंने आज प्रभावित पंचायत का दौरा किया और भू-स्खलन से हुये नुकसान का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि ईसा के परिवार को फौरी राहत के तौर पर 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई है और राहत मैन्युअल के अनुसार और अधिक धनराशि प्रदान की जायेगी।उन्होंने कहा कि गत दिन विक्रमबाग के इस खैरवाला गांव में भू-स्खलन होने से ईसा के परिवार पर आफ त आ गई थी। जहां उनका 14 वर्षीय बेटा घर के मलवे में दबकर अकाल ही काल का ग्रास बनाए वहीं पर उनके दूसरे बेटे को गंभीर चोटें आई है। घर पूरी तरह नष्ट होने के कारण इस परिवार पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा है।

'भारी आपदा में राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं नेता प्रतिपक्ष'

टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय

हिमाचल प्रदेश में बरसात के इस मौसम में भयंकर बारिश के चलते पूरे हिमाचल को इस त्रासदी ने तबाही की ओर धकेल दिया है इस दृश्य को आज हिमाचल ही नहीं पूरा देश देख रहा है इस समय प्रदेश को जो जानमाल का नुकसान हुआ है वह किसी से छुपा नहीं है। ऐसी ऐसी घटनाएं हर जगह हो रही है जो दिल को दहलाने वाली है पूरा प्रदेश इस भयंकर त्रासदी की चपेट में है। यह बातें प्रदेश कांग्रेस सचिव राकेश चौहान ने आज जारी बयान में कहीं। चौहान ने कहा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस सरकार के

अन्य मंत्रियों के साथ-साथ कांग्रेस नेताओं के प्रयास है कि कैसे भी इस प्रकृति आपदा से निपटा जाए, पिछले 1 महीने से लगातार जान माल के साथ-साथ अरबों रुपए का नुकसान प्रदेश को हुआ है तथा इस प्रदेश के कई परिवारों को अपने परिवार के सदस्यों तक को खोना पड़ा है जिनकी संख्या कई सैकड़ों में पहुंच चुकी है। चौहान ने कहा कि आश्चर्य की बात है इस विकट स्थिति से बच्चा बच्चा भी भलीभांति परिचित है लेकिन भाजपा के प्रदेश नेता और केंद्र सरकार तथा भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की मानवता शायद मर चुकी है वह ऐसी परिस्थितियों में तमासगीर बने हुए हैं, अगर उनके अंदर जरा भी मानवता होती तो आज मानवीय धर्म का परिचय देते और अब तक हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय आपदा के तौर पर घोषित कर देते जो इस प्रदेश को जो जानमाल की क्षति पहुंची है उसमें अपनी सहभागिता का परिचय देते लेकिन बड़े आश्चर्य की बात है कि केंद्र सरकार, और भाजपा के नेताओं ने राजनीतिक भेदभाव के चलते मानवता और मानवीय धर्म को दरकानर करके इस प्रदेश की भोली.भाली जनता और इस प्रदेश के साथ बहुत बड़ा अन्याय और धोखा किया है। हिमाचल प्रदेश की जनता को इस भयानक त्रासदी के माहौल में केंद्र की मोदी सरकार को और भाजपा के इन राष्ट्रीय नेता को गंभीरता से लेना होगा। नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर जो भूमिका इस प्रदेश के सदन के और सदन के बाहर निभा रहे है उससे लगता है कि वह उस काबिल भी नहीं है राजनीतिक रोटियां सेकने के चक्कर में नेता प्रतिपक्ष का जो रोल होता है उसको भूल चुके हैं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इस प्रदेश और इस प्रदेश की जनता के साथ भद्दा मजाक कर रहे ऐसी परिस्थितियों में जहां प्रदेश के अंदर त्राहि-त्राहि मची है लगातार प्रदेश की जनता को झूठ बोलकर यह कह रहे हैं कि लगभग 1000 करोड केंद्र सरकार दे चुकी है पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को चाहिए इस समय कोई भी ऐसी केंद्र सरकार से अगर इस प्राकृतिक आपदा में स्वीकृति हुई है तो उसको सर्वजनिक करें अन्यथा आप को इस तरह से और ऐसी परिस्थितियों में प्रदेश और प्रदेश की जनता के साथ इस तरह का भद्दा मजाक करना शोभा नहीं देता।

'आपदा की इस घड़ी में भाजपा पूरी तरह समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है'

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेश भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक विस्तृत बैठक की गई। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण जो त्रासदी हुई उसके प्रति गंभीर चिंतन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने इस बैठक का समारोप करते हुए भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के कार्यकर्ता को निर्देश दिया कि आपदा की इस घड़ी में भाजपा पूरी तरह समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हो

और सेवा में जुटे। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह-प्रभारी संजय टण्डन, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा कोर ग्रुप, प्रदेश पदाधिकारी, संसदीय क्षेत्र के प्रभारी, सह-प्रभारी सभी लोग शामिल हुए। डॉ. राजीव बिन्दल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा द्वारा प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों से वर्चुअल माध्यम से बैठक की गई जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रपितक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री डॉ सिकन्दर कुमार, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा विशेषरूप से उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलाध्यक्षों एवं मण्डल अध्यक्षों को यह दिशा-निर्देश दिए कि आपदा की घड़ी में समाज की सेवा में जुट जाए और प्रभावितों की हर संभव सहायता करें।

आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही मदद

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

करसोग उपमंडल प्रशासन प्राकृतिक आपदा के नुकसान को कम करने के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर प्रशासनिक व आपदा राहत टीमें लोगों की हर संभव मदद कर रही है।

एसडीएम करसोग कपिल तोमर ने स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाब संबंधी कार्यो का मोर्चा संभाला हुआ है। पहाड़ों से जमीन धंसने व अन्य प्रकार की आपदा की विशेष निगरानी की जा रही है। ताकि समय रहते प्रभावी कदम उठा लोगों के जान माल के नुकसान को कम किया जा सके।

20 परिवारों को किया दूसरी जगह शिफ्ट

पांगणा के कलाशन, कनेरी-माहोग व कांडी-सपनोट पंचायतों में जमीन धंसने व घरों में दरारें आने की सूचना मिलने

पर एसडीएम करसोग कपिल तोमर ने मौके पर पहुंच प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संभावित खतरे को देखते हुए क्षेत्र के लगभग 20 परिवारों के घरों को खाली करवा दूसरी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया है। शिफ्ट किए गए परिवारों में से 2 परिवारों को पास के केएल आश्रम ठंडापानी में, जबकि दो परिवारों की रहने की व्यवस्था पंचायत घर व पटवार खानों में की गई है। जिनके खाने व ठहरने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है। एसडीएम ने बताया कि कुछ अन्य परिवार अपने रिश्तेदारों के पास ठहरे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जा रही है।

खील स्कूल भी किया शिफ्ट

एसडीएम ने कहा कि बरसात के कारण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खील के भवन को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि स्कूल को भी दूसरी सुरक्षित जगह शिफ्ट किया जा रहा है। जिसके निर्देश जारी कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करना आवश्यक था। सवा दो करोड़ का नुकसान

एसडीएम ने कहा कि गत तीन दिन तक निरंतर हुई भारी बरसात के कारण करसोग क्षेत्र में लगभग सवा दो करोड़ रुपये की संपति का नुकसान हुआ है। क्षेत्र में बरसात के कारण लगभग 69 घरों का नुकसान हुआ है। जिनमें 29 घर पूरी तरह से जमीदोज हो गए है जबकि 40 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में 32 गौशालाएं क्षतिग्रस्त हुई है और 17 पशुओं का नुकसान हुआ है। एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक सडके अभी बंद है। जिन्हें बहाल करने में 2 से 3 दिन का समय और लग सकता है। पानी की आपूर्ति करने वाली 75 योजनाएं भी प्रभावित हुई है। जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को काफी हद तक सुधार लिया गया है। बादल फ टने की घटना से एक महिला की असामायिक दुखद मृत्यु भी हुई है। 55 लाख की राहत राशि आबंटित एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के प्रभावित लोगों को राहत राशि प्रदान कर उनके जीवन को सामान्य बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। जिसके अन्तर्गत गत पांच दिनों में करसोग उपमंडल में प्रभावित परिवारों को लगभग 55 लाख रुपये से अधिक की राहत राशि आबंटित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को लगभग 42 तिरपाल भी वितरित किए गए है।

सादगी से मनाया विधायक नीरज नैयर का जन्मदिन

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

वीरवार को चम्बा सदर विधायक नीरज नैयर के जन्मदिन पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बिलकुल साधारण तरीके से मनाया। इस दौरान समस्त कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने कुष्ठ निवारण अस्पताल सरौल व क्षय रोग अस्पताल चम्बा मे जाकर रोगियों के बीच व उनको कम्बल, फ ल व मिठाइयां बाटंकर प्रिय विधायक के लिए की दीर्घ आयु की कामना की। इससे पहले जिला अस्पताल एंव पंडित जवाहरलाल नेहरू मैडिकल कालेज चम्बा मे भी कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकताओं ने स्वैच्छा रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर, विशेष तौर पर मौजूद

रहे। करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि इसबार भारी बारिश मे हिमाचल प्रदेश मे काफ ी नुकसान हुआ है। इसलिए साधारण तरिके से विधायक का जन्मदिन मनाया जा रहा है। जाकर वि इन समस्त कार्यक्रमों मे जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जगदीश हाण्डा, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव नरेश राणा, हिमाचल प्रदेश मत्स्य रिस्क फं ड कमेटी के गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लियाकत अली, महासचिव कपिल भूषण, महासचिव ओम प्रकाश, ब्लाक महासचिव भानू प्रताप सिंह, ब्लॉक महासचिव दीपक कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी ललित भूषण, सचिव कमल सिंह भारद्वाज, सचिव विजय कटोच, सचिव सुनील शर्मा, सहित आदि मौजूद रहे।

सौर ऊर्जा विभाग ने मुख्यमंत्री के आदेशों पर 24 घंटे में की कार्यवाही

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

सौर ऊर्जा विभाग ने मुख्यमंत्री के आदेशों पर त्वरित अमल करते हुए 24 घंटे के भीतर जिला मंडी के सरकाघाट उपमण्डल के भूस्खलन प्रभावित गांवों में 20 सोलर लाइट्स स्थापित की हैं। धर्मपुर उपमण्डल के भूस्खलन प्रभावितों गांवों में भी कल शुक्रवार को 20 सोलर लाइटस स्थापित की जाएंगी। भारी वर्षा के कारण इन दोनों उपमण्डलों में कई जगहों पर बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री के ध्यान में यह मामला आने पर उन्होंने सोलर लाइटें स्थापित करने के निर्देश दिए थे ताकि बिजली बहाल होने तक लोगों को सुविधा प्रदान की जा सके। सरकाघाट उपमण्डल के जुकैण, टटीह, भराड़ता, सुरजपुरबारी, गैहरा, पींगला, सडवाल,पटड़ीघाट, जवाली, गुमहु व कलखर आदि स्थानों पर सोलर लाइटस लगाई गई हैं।

सोलर लाइटस लगाने के लिए गैहरा के लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलकर उनका धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए गैहरा पहुंचे थे।उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आदेशों की अनुपालना करते हुए हिम ऊर्जा विभाग को सरकाघाट और धर्मपुर उपमण्डलों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइटस लगाने को कहा गया था। सौर ऊर्जा विभाग ने उपमण्डल सरकाघाट में सोलर लाइट्स लगा दी हैं और कल शुक्रवार तक धर्मपुर उपमण्डल मे भी 20 लाइट्स लगा दी जाएंगी। परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा रमेश ठाकुर ने बताया मुख्यमंत्री के आदेशों पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए सरकाघाट उपमंडल में 24 घंटे से भी कम समय में सोलर लाइट्स स्थापित कर दी गई।

पुरातन संस्कृति की धरोहर को बचाना आवश्यकः राजेश कपूर

टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री

कोटली उपमंडल के कसान पंचायत का सात दिवसीय नलावाड़ मेला शुरू हो गया। मेले का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी एवं पन्नालाल रक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजेश कपूर ने किया। मेले का शुभारंभ करने पहुंचे राजेश कपूर का क्षेत्र की 31 महिला मंडलों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पन्नालाल रक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजेश कपूर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन संस्कृति की धरोहर को सहेजना हम सब का कर्तव्य है। प्राचीन समय में अपने क्षेत्र में जो साईगलू नलवाड़ मेला

आयोजित किया जा रहा है यहां भी हमारी एक धरोहर है । प्राचीन धरोहर एक ऐसी पूंजी है जिससे सहेज कर आने वाली पीढि ?ीं को इसके बारे में अवगत करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि 54 साल पूर्व से आयोजित किए जा रहे इस मेले का स्वरूप आज भी वैसा ही है जैसा पूर्वजों ने शुरू किया था। हां इतना फ र्क अवश्य है कि अब बैल की जगह देवताओं का मेला आयोजित होने लगा है। 1969 में इस मेले की शुरूआत हुई और उसमें गांव के लोगों को अच्छी नस्ल के पशु मिले इसके लिए यहां के उस समय के तत्कालीन प्रधान ठाकुरदास ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस मेले का आयोजन करवाया था। उन्होंने कहा कि पन्नालाल रक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य है कि आम गरीब लोगों की मदद की जाए और अपनी संस्कृति को सहेजने में जो भी संभव हो वह सब कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है क्योंकि बहुत से भोले-भाले लोग अभी भी गरीबी की रेखा से नीचे अपना जीवन बसर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई गरीब का बच्चा जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता है या फि र किसी गरीब के पास अपना घर ना हो तो पन्ना लाल मेमोरियल रक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट उनकी हर समय मदद करने को तैयार है। इससे पूर्व स्थानीय ग्राम पंचायत कसान की प्रधान व मेला कमेटी की अध्यक्ष भिंतरा देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा उन्हें समृति चिन्ह प्रदान किया ।अपने संबोधन में मेला कमेटी की अध्यक्ष भिंतरा देवी ने कहा कि इस मेले के आयोजन में महिला मंडलों की भूमिका रहती है। इस मर्तबा 31 महिला मंडलों ने अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। जबकि मेले में खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है तथा देवताओं को भी निमंत्रण दिए गए हैं।

न्यूज फ्लैश

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 2643.01 करोड़ की राशि स्वीकृत

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना फेस तीन के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 2643.01 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है, इसके माध्यम से हिमाचल प्रदेश में 254 सडकों का निर्माण कार्य होगा। उन्होंने कहा कि सडक हिमाचल प्रदेश की जीवन रेखा है और इसको बरकरार रखने के लिए केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी है।बिंदल ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का इस अवसर पर धन्यवाद किया है। बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हिमाचल प्रदेश के विकास एवं इस संकट की घड़ी में मदद राशि की दृष्टि से किसी भी प्रकार की कमी नही आने दी है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत केन्द्र से 254 सडकों के विस्तारीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गत दिवस को बताया कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना पीएमजीएसवाई-3 के बैच-1 के तहत वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की 254 सडकों के उन्नयन को 2643.01 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार और विशेष तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह तथा केन्द्र के समक्ष हिमाचल के हितों की पैरवी करने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के चरण-3 में स्वीकृत इस राशि से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की 254 सडकों के विस्तारीकरण एवं उन्नयन के कार्य किए जायेंगे, जिनकी कुल लम्बाई लगभग 2683 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत राशि में केन्द्र का भाग 2372.59 करोड़ रुपये होगा जबकि राज्य का भाग 270.42 करोड़ रुपये है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश हित के मुद्दे केन्द्र सरकार के समक्ष जोरदार ढंग से उठा रही है।

हिमाचल एकजुट होकर कर रहा संकट का सामनाः संजय

टीम एक्शन इंडिया/ सेलन/ मनीष

मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग संजय अवस्थी ने कहा कि हिमाचल एकजुट होकर संकट का सामना कर रहा है। संजय अवस्थी ने आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लिया और प्रभावितों से मिलकर उन्हें विश्वास दिलाया कि आपदा के इन दुःखद क्षणों में प्रदेश सरकार उनके साथ है। संजय अवस्थी ने आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत

बधोखरी के गांव घाट दोची, ग्राम पंचायत मलौण के लोहारघाट तथा ग्राम पंचायत साई के चलोग में भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया और प्रभावितों को ढाढंस बंधाया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सभी प्रभावितों को समय पर राशन उपलब्ध करवाने तथा पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव घाट दोची के 11 परिवारों के आवास पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण यह परिवार बेघर हो गए हैं। इन परिवारों को दूसरी जगह पर घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर अवगत करवाया गया कि इस गांव की भूमि धंस चुकी है और यहां निवास करना सुरक्षित नहीं है।मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र का भू-गर्भ सर्वेक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने उपयुक्त रिपोर्ट के आधार पर नुकसान प्रभावित सभी 11 परिवारों को एक-एक लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर स्थानीय निवासी मदनलाल शर्मा ने भी प्रभावितों को एक लख रुपए प्रदान किए। ग्राम सुधार सभा बदोखरी द्वारा भी प्रभावितों को राशन के लिए 25 हजार रुपए प्रदान किए गए। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर भियूखंरी के निवासी रणजीत ठाकुर से भेंट कर उनका दुःख बांटा। रणजीत ठाकुर की सुपुत्री तमन्ना ठाकुर ग्राम पंचायत साई के चलोग गांव में भारी वर्षा के कारण आपदा में दुःखद मृत्यु को प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इनके परिजनों को फ ौरी राहत के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए गए थे। इन्हें 04 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।उन्होंने ग्राम पंचायत मलौण के गांव लोहारघाट में भारी वर्षा व बाढ़ के कारण दुःखद मृत्यु को प्राप्त हुए व्यक्तियों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें यथोचित सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। असामायिक मृत्यु के कारण दुःख एवं पीड़ा झेल रहे परिवारों के शोक में प्रदेश सरकार उनके साथ है। उन्होंने लोहारघाट निवासी स्वण फूला देवी के पति शावनूराम से भेंट की और उनका दुःख साझा किया। मुख्य संसदीय सचिव ने फूला देवी के परिजनों को अपनी ओर से 30 हजार रुपये प्रदान किए।

'घुमारवीं में होगा कॉफी उत्पादन एवं वाणिज्यिक संभावनाओं पर एक सेमिनार'

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

हिमाचल प्रदेश में कॉफ ी की पैदावार को आरंभ करने वाले डॉ. विक्रम शर्मा घुमारवीं में कॉफ ी उत्पादन एवं उसकी वाणिज्यिक संभावनाओं पर एक सेमिनार आयोजित कर रहे है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को सुबह 11 बजे यह कार्यक्रम आरंभ होगा। इसमें डॉक्टर वाई एस परमार बागवानी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसानों एवं बागवानों के लिए एक प्रदेश स्तर का कार्यक्रम होगा जिसमें घुमारवीं के विधायक

राजेश धमार्णी ने सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इसमें प्रदेश के सभी क्षेत्र से जुड़े किसानों के लिए सभी संभावनाओं पर चर्चा बीज एवं पौध उपलब्धता, इसकी फ इनल प्रोडक्ट कॉफी बीन्स की मार्केटिंग, अंतरराष्ट्रीय बाजार में विपणन में सहायता पर चर्चा की जाएगी तथा उसके अवसर तलाशे जायेंगे। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी की तरफ से यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर राजेश्वर चंदेल, यूनिवर्सिटी रिसर्च सेंटर नेरी से डीन डॉक्टर कमल शर्मा, उनके सहयोगी डॉक्टर शशि शर्मा भी आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में कॉफी बोर्ड से भी रिसर्च टीम के सदस्य भाग लेने पहुंच रहे हैं जो प्रदेश के नए किसानों की हर तरह से सहायता करेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम को करवाने के लिए विशेषतः क्षेत्र विधायक राजेश धमार्णी का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि उन्होंने एक बार पुनः मुझे और मेरे शोध पर मोहर लगाने का प्रमुख कार्य किया। उन्होंने कहा कि धमार्णी ने प्रदेश उत्थान को मध्य नजर रखते हुए हमेशा पार्टी, विचारधारा एवं क्षेत्रवाद को अलग रखते हुए ही कार्य किया है जिसके लिए जितनी सराहना की जाए कम है।

उन्होंने कहा कि प्रथम बार भी कॉफी के शोध को प्रमाणित करने के लिए इन्हीं शख्स ने कॉफी बोर्ड रिसर्च टीम प्रदेश में संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रदेश में बुलाई थी।

मेले की अंतिम संध्या में मिस गरजा 2023 सबके आकर्षण का केंद रहा

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

14 से 16 अगस्त तक मनाए जाने वाला तीन दिवसीय राज्यस्तरीय जनजातीय उत्सव गत रात्रि केलंग में सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता लाहौल स्पिति के विधायक रवि ठाकुर विधायक ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार हमारे प्राचीन एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के धरोहर के प्रतीक हैं, मेलों और उत्सवों के दौरान लोगों को संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार मनोरंजन के साथ-साथ धार्मिक आस्था और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होने युवा पीढ़ी से प्राचीन संस्कृति धरोहर के संरक्षण और सम्वर्धन कार्य करने पर आहवान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम इस जनजातीय उत्सव को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे तथा सांस्कृतिक संध्या और खेलों को अधिक बढ़ावा देंगें ताकि यह हमार जनजातीय उत्सव देश व प्रदेश में इस की परम्पारिक सांस्कृतिक झलकियां देखने को मिले। जनजातीय उत्सव के दौरान विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। मेले की अतिंम सांस्कृतिक संध्या में मिस गरजा 2023 सबके आकृर्षण का केंद्र रहा। इस प्रतियोगिता में लाहौल स्पीति की गोंदला गांव की संयोगिता मिस गरजा चुनी गई। कुल्लू की अखाडा बजार की शाइना प्रथम रंअप और भुन्तर की जासमीन दूसरा रंअप रही। प्रतियोगिता में कुल 11 सुंदरियों ने कैटवाक किया। इससे पूर्व मेला कमेटी अध्यक्ष राहुल कुमार ने मुख्यअतिथि को खतग और समृद् चिंह देकर सम्मानित किया।

'नरोला गला के समीप भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के स्थाई समाधान में लिया जाए विशेषज्ञ परामर्श'

टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि लाहडू-तुनूहट्टी-चंबा संपर्क सडक मार्ग में नरोला गला के समीप भारी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के स्थाई समाधान को लेकर तकनीकी विशेषज्ञ परामर्श के बाद लोक निर्माण विभाग कार्य शुरू करें। विधानसभा अध्यक्ष उपमंडल भटियात के तहत भारी बारिश के कारण आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के प्रवास के दौरान नरोला गला बुर्ज में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान विभागीय अधिकारियों को यह

निर्देश दिए। साथ में उन्होंने विगत वर्षों से लंबित हवारड़ी पुल के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यो को भी जल्द शुरू करने को कहा।उन्होंने बताया कि इस पुल के निर्माण कार्यों पर लगभग 9 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने लाहडू-तुनूहट्टी-चंबा संपर्क सडक मार्ग पर आवश्यक वस्तुओं की अपूर्ति में लगे भारी वाहनों को नियमित अंतराल के भीतर परिचालन शुरू करने के भी निर्देश दिए। आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार लोगों के साथ है।उन्होंने खंड विकास अधिकारी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत एक लाख रुपए तक कि राशि के कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने को कहा। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान ग्राम पंचायत लाहडू के लहेड-परवाट में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा खंड विकास अधिकारी को ग्रामीण रास्ते के पुनः निर्माण को जल्द शुरू करने को कहा। उन्होंने नरोला गला बुर्ज के आसपास के क्षेत्रों में आज शाम तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था शुरू करने को लेकर भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इस दौरान त्रिमथ वार्ड नंबर 3, नरोला गला बुर्ज, लहेड-परवाट, लाहडु पुल, कुम्हार गला का प्रवास कर आपदा से पूरी तरह क्षतिग्रस्त 5 घरों व एक आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त घर का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों को 55 हजार की तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई।गत दिनों कमल खड्ड में बहे स्थानीय युवक के परिजनों से मिलकर विधानसभा अध्यक्ष ने सांत्वना व्यक्त की। उन्होंने मृतक युवक की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इस दौरान प्रभावित परिवार को एक लाख रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

इस दौरान सदस्य निदेशक मंडल हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक राम सिंह चम्बियाल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाडक,सहित आदि मौजूद रहे।

उपायुक्त ने फल उत्पादकों संग की बैठक

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में फल तथा सब्जियों के सीजन को देखती हुए मण्डी-कमांद-कटौला-बजौरा मार्ग पर छोटे वाहनों को भेजने के लिए एक समय सारणी तय की गई है ताकी आवश्यक दैनिक उपभोग की वस्तुओं, ईंधन तथा एलपीजी गैस के आपूर्ती वाहनों को पहुंचाया जा सके।

इस समय कुल्लू-मण्डी की बीच पंडोह में राष्ट्रीय उच्च मार्ग को भारी क्षति हुई तथा इसके एक हफ्ते से पहले बहाल होने की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में सारी आवश्यक आवाजाही मण्डी-कमांद-कटौला-बजौरा से ही संचालित करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू से कटौला की ओर के लिए प्रातः 9 से 10 बजे तथा सांय 3 से सात बजे के बीच केवल छोटे वाहनों तथा

छोटे मालवाहक वाहनों को बाजौरा से छोड़ा जाएगा इसी प्रकार कमांद से कुल्लू की ओर को रात्रि 1बजे से प्रातः 6 बजे तथा दोपहर 12 बजे से 1बजे तक वाहनों को छोड़ा जाएगा।सडक पर बहाली का कार्य लोक निमार्ण विभाग द्वारा रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा ।उन्होंने सभी से अपील भी की है कि इस दौरान सभी प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस उप अधीक्षक राजेश कुमार,एपीएमसी की सचिव शगुन सूद सहित कुल्लू व मंडी जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

फतेहपुर की पंचायत बाड़ी में हुआ भारी भूस्खलन

जायजा लेने पहुंचे फ तेहपुर विधायक भवानी पठानिया

टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/ कांगडा/विजय समयाल

उप मंडल फ तेहपुर के अंतर्गत पडती ग्राम पंचायत बाड़ी के गांव बाड़ी का संपर्क अन्य क्षेत्रों से कट गया है। अब गांव वासियों को करीब 5 किलोमीटर तक लंबा सफ र तय कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग जसूर तलवाड़ा पर स्थित कस्बा धमेटा के समीप कैलबड बाड़ी मार्ग भूस्खलन के चलते ध्वस्त हो गया है। जिसका मुख्य मार्ग से पहुंचने के लिए करीब 6 किलोमीटर का सफ र तय करना पडेगा। भारी आपदा जो इस बरसात में हुई है वही फ तेहपुर के मण्ड क्षेत्र में पौंग बांध से छोडे जा रहे पानी से हालात वैसे ही खराब है। विधायक ने कहा की

वह लगातार प्रशासन से सम्पर्क कर रहे हैं, लोगों को हर प्रकार की मदद की जा रही है, राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है। उसी के चलते आज फतेहपुर की पंचायत बाड़ी का दौरा किया। लोगों की समस्याओं को जाना व जल्द सम्सया से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। बाड़ी पंचायत के लोगों के लिए जल्द सडक मार्ग शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

आईजीएमसी में स्क्रब टाइफस से महिला की मौत

शिमला। आईजीएमसी में सोलन की रहने वाली 62 साल की एक महिला की स्क्रब टाइफस के चलते मौत हुई है। बीती रात महिला ने दम तोड़ा। आईजीएमसी के एमएस डॉ. राहुल रॉव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि महिला को सोलन से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। उनका कहना है कि तेज बुखार वाले मरीजों के स्क्रब टाइफस के सैंपल लिए जा रहे हैं। डॉक्टरों की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि अब तक आईजीएमसी कुल 444 लोगों के सैंपल लिए गए थे, इनमें से अब तक 63 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। इस बीच मामले बढ़ने पर अब पूरे हिमाचल में स्क्रब टाइफस को लेकर भी अलर्ट किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएचसी और पीएचसी को आदेश जारी कर दिए हैं कि अगर कोई भी मरीज बुखार का सामने आए और उसके शरीर पर लाल दाने हों तो तुरंत उसका स्क्रब टाइफस का टेस्ट करवाएं।

बंगाणा बाजार में चिट्टे संग हमीरपुर के दो युवक काबू

टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी

थाना बंगाणा के तहत स्थानीय बाजार में पुलिस ने बाईक सवार दो युवकों को चिट्टे की खेप संग गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पंकज कुमार व अर्जुन निवासी नादौन, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बंगाणा पुलिस ने वीरवार को स्थानीय बाजार में नाकेबंदी की हुई थी। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को चैकिंग के लिए रोका। तलाशी के दौरान युवकों के

पास से 7.15 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान युवकों की पहचान हमीरपुर के पंकज कुमार व अर्जुन के रूप में की गई। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस दोनों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पौंग डैम से आज भी छोड़ा जा रहा पानी, जलमग्न हुआ इंदौरा का मंड क्षेत्र

अगले एक हप्ते तक खुले रह सकते है पौंग बांध के गेट, अब जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को भी स्टैंड बाय पर रखा है

टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ कांगड़ा/विजय समयाल

ब्यास नदी पर बने पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है ऐसे में बीबीएमबी द्वारा आज वीरवार के दिन भी सुबह से ही पौंग डैम से पानी छोड़ा जा रहा है पौंग डैम से निरंतर पानी छोडने की वजह से इंदौरा का मंड क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया है इसको लेकर अब जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को भी स्टैंड बाय पर रखा है क्योंकि पानी का बहाव तेज होने के कारण आज एनडीआरएफ के जवानों को भी लोगों को रेस्क्यू करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वही आज वीरवार को एयरफोर्स के जवानों ने भी लोगों को एयरलिफ्ट नहीं किया क्योंकि

आज वीरवार को एयरफोर्स के जवानों के पास बाढ़ में फं से लोगों की लोकेशन नहीं पहुंच पाई जिस कारण आज एयरफोर्स के हैलीकॉप्टर पठानकोट एयरबेस पर ही खड़े रहे वहीं बात अगर इंदौरा के मंड क्षेत्र में रह रहे लोगों की करे तो स्थानीय लोगों का साफ तौर पर कहना था कि इस बाढ़ के आने के कारण उनका लाखों रुपये के नुकसान के साथ-साथ इस बाढ़ में उनके पालतू पशु भी बह गए हालांकि एयरफोर्स के जवानों ने समय रहते लोगों को तो बाढ़ के क्षेत्र से निकाल लिया लेकिन उनके पालतू पशु उसी बाढ़ में फंसे रह गए।

इंदौरा के मंड क्षेत्र के स्थानीय निवासी मनमोहन सिंह ने कहा कि मंड क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को बीबीएमबी द्वारा यह पहले ही बता दिया गया था कि 12 अगस्त से पौंग डैम से पानी छोड़ा जाएगा लेकिन लोगों ने बीबीएमबी की इस चेतावनी को नजर अंदाज किया और इसी जगह पर बने रहे उन्होंने बताया कि जब पौंग बांध से पानी छोडने का सिलसिला शुरू हुआ तो अचानक से इंदौरा के मंड क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए उन्होंने कहा कि बाढ़ आने में कारण लोगों में अचानक अपनी जान को बचाने के लिए भगदड़ मच गई

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ व पुलिस के जवानों को इस क्षेत्र में रेस्क्यू करने के लिए नहीं भेजा होता तो कई लोग अपनी जान से हाथ गवां देते।

हीरा नगर में प्रस्तावित क्रशर को लेकर ग्रामीणों का विरोध

पुरानी एनओसी रद्द करने की उठाई मांग, ग्राम पंचायत को पत्र लिख गांव में स्टोन क्रशर न लगाने की मांग उठाई

टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी

हरोली विधासभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हीरा नगर में लगने वाले स्टोन क्रशर को लेकर ग्रामीणों में रोष है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध दर्ज करवाया और ग्राम पंचायत को पत्र लिख गांव में स्टोन क्रशर न लगाने की मांग उठाई।

हीरा नगर ने पंचायत प्रधान से अनुरोध किया कि हीरा नगर में लगने वाले स्टोन क्रशर को

अतिशीघ्र रुकवाया जाये। उन्होंने बताया कि पिछली पंचायत द्वारा दी गई एनओसी को रद्द किया जाए।

उन्होंने कहा कि गांव में क्रशर लगने से बहुत ज्यादा धूल मिट्टी उड़ेगी और रास्तों को नुक्सान पहुंचेगा।

साथ ही क्षेत्र के लोगों को रात के सयम दिक्कत पेश आएगी।

उन्होंने कहा कि गांव में 70 प्रतिशत ग्रामीणों के पास पशु है, जिनको जंगल में चराने के लिए छोड़ा जाता है, इसलिए उनके लिए काफी परेशानी होगी। उधर, ग्राम पंचायत हीरा नगर के उपप्रधान हरमेश सिंह का कहना है कि गांव में क्रशर नहीं लगना चाहिए।

बरोटीवाला में उत्तर प्रदेश निवासी से अफीम बरामद

सोलन। जिले के अंतर्गत बरोटीवाला में पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी को 249 ग्राम अफीम के साथ हिरासत में लिया है । पुलिस थाना बरोटीवाला के अंतर्गत विशेष अन्वेषण ईकाइ बद्दी द्वारा बरोटीवाला ट्रक यूनियन के पास एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली । जिसमें उसके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद हुआ । पुलिस अधीक्षक मोहित चावला ने बताया कि आरोपी की पहचान तेजपाल निवासी बदांयू, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है । इसके कब्जे से 249 ग्राम अफीम बरामद की गई।

न्यूज फ्लैश

दुलैहड़ में युवक ने फंदा लगा किया सुसाइड

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली के तहत दुलैहड़ में करीब 19 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक की पहचान जश्न पुत्र रामजी दास निवासी दुलैहड़ के रूप में हुई है, जो कि जमा दो कक्षा में पढ़ाई करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जश्न की माता वीरवार सुबह घर से दूरी पर स्थित पशुशाला में गई, जहां पर पाया कि बेटे को फंदे पर झूलता देख होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद प्रधान व पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मृतक के परिजनों के ब्यान दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि युवक ने सुसाइड क्यों किया, इसका पता किया जा रहा है।

बाईक की टक्कर से दो घायल, मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना गगरेट के तहत कुठेड़ा जसवालां में दो बाईकों की टक्कर में दो युवक घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने हादसे के संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक पंकज राणा निवासी कांगड़ा बुधवार रात्रि बाइक लेकर कुठेड़ा जसवालां के समीप से गुजर रहा था। इसी दौरान गांव के ही हितेश कुमार बाइक लेकर जा रहा था और पंकज की बाइक से टकरा गई। हादसे में दोनों बाईक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर हितेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

चंदपुर स्कूल के समीप बनी सडक क्षतिग्रस्त, बच्चों की सुरक्षा को खतरा

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। बारिश के चलते वेदांता इंटरनेशनल स्कूल चंदपुर के मुख्य द्वार के पास बनी सडक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिसके चलते स्कूल आने व जाने बच्चों की सुरक्षा के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। स्कूल की बसें भी बच्चों को लेकर ईधर से गुजरती हैं, जो हर समय खतरे को न्यौता दे रही हैं। इस संबंध में स्कूल प्रशासन द्वारा एसडीएम हरोली व लोक निर्माण विभाग को भी अवगत करवा दिया गया है तथा प्राथमिकता के आधार पर उक्त स्थान पर सडक की मुरम्मत करवाने के लिए अनुरोध किया है, लेकिन अभी तक इस कार्य को प्रारंभ नहीं किया गया है और स्थिति यथावत बनी हुई है। वहीं स्कूल प्रशासन की ओर से दो बार मिट्टी डलवा कर कुछ मुरम्मत करवाने की कोशिश की गई है, लेकिन तेज बारिश के चलते फिर से मिट्टी बह गई।

चौथे दिन नाले में मिला हिमाचल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर का शव

टीम एक्शन इंडिया/शिमला। राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र में भूस्खलन से ध्वस्त हुए शिव बावड़ी मंदिर में लापता लोगों को तलाशने व राहत कार्य जारी है। हादसे के चौथे दिन गुरुवार सुबह सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड, स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब 10 बजे घटनास्थल के नीचे नाले में एक और शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान प्रोफेसर पीएल शर्मा के रूप में हुई है। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष थे। उनकी पत्नी का शव दो दिन पहले मिल चुका है। हाथ की अंगूठी से शव की शिनाख्त की गई। उनका बेटा भी अभी लापता है। हादसे में अब तक 14 शव बरामद हुए हैं, जबकि एक शव की बाजू मिली है। राहत व बचाव कर्मी अब घटनास्थल से लगभग 400 मीटर नीचे नाले में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के लिए अंबाला से सेना के छोटा जेसीबी रोबोट को मलबा हटाने के लिए लाया गया है। मौके पर जैसे ही कोई शव मिलता है, शिनाख्त के वक्त गुमशुदा लोगों के परिजनों की व्याकुलता बढ़ जाती है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपनों की तलाश में लोग लापता लोगों की फोटो लेकर पहुंच रहे हैं। अभी भी मलबे में 8 से 10 और लोगों के लापता होने की आशंका है। बीते 74 घंटे से रेस्क्यू चल रहा है। इस हादसे में अब तक मंदिर के पुजारी सहित 14 लोगों के शव बरामद किए गए। एक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिमला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि हादसों के बाद जिनके स्वजन लापता हैं, वे पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि तलाशी शुरू की जा सके। हादसे के पहले दिन आठ, दूसरे दिन चार और तीसरे दिन एक शव बरामद हुआ था। हादसे में एक परिवार के सात सदस्यों की मौत हुई है, इनमें दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। परिवार की तीन पीढ़ियां खत्म हो गईं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर और बालूगंज स्कूल के एक शिक्षक की भी मौत हुई है।

खाद्य पदार्थ बेचने पर दो दुकानदारों को लगाया एक लाख जुर्माना

धर्मशाला। जिला कांगड़ा के चंबी और नगरोटा बगवां क्षेत्र के दो दुकानदारों को मिस ब्रांडेड और घटिया सामान बेचने पर न्याय निर्णायक अधिकारी (एडजुकेटिंग आफिसर) एडीएम कांगड़ा की अदालत ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत एक लाख का जुमार्ना लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुगंधी कौंडल ने बताया कि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन मिले इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग समय-समय पर खाद्य पदार्थ बेचने वाली दुकानों में बेचे जाने वाली खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता का निरीक्षण करता है।

उपमंडल हरोली में शातिरों ने फिर चुराई बिजली की तारें

टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी

उपमंडल हरोली में बिजली की तारें शातिरों के निशाने पर हैं। करीब तीन सप्ताह के भीतर हरोली में बिजली की तारें चुराने का मामला सामने आया है। ताजा मामला लोअर हरोली का है, जहां पर अज्ञात शातिरों ने बिजली की 1200 मीटर तार चुराकर ले गए हैं, जिसकी कीमत करीब 65 हजार रुपये आंकी जा रही है। मामले को लेकर विद्युत विभाग के जेई ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी उपमंडल हरोली के धनपुर में दो बार बिजली की तारें चुराने की शिकायत पुलिस के पास पहुंच गई है, लेकिन उन पर पुलिस टीम जांच कर रही है। विद्युत विभाग के जेई हैप्पी सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बुधवार देर शाम लोअर हरोली से बिजली उपभोक्ता का बिजली बंद होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मी ने जाकर देखा, तो पाया कि ट्रांसफार्मर बंद है और बिजली की तारे गायब है। जिसके बाद मौके पर पहुंचने पर पाया कि 4 पोल पर लगी करीब 1200 मीटर की तारे काटकर शातिर अपने साथ ले गए हैं। जिसके चलते विद्युत सप्लाई बाधित है। इस पर जेई हैप्पी सिंह ने शिकायत हरोली पुलिस को दी।

माता श्री चिंतपूर्णी में शुरू हुआ श्रावण अष्टमी नवरात्र मेला

टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रावण अष्टमी नवरात्र मेला वीरवार सुबह विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। श्रावण मास के नवरात्रे दस दिनों तक चलेंगे इस दौरान चिंतपूर्णी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। देश विदेश से मंगवाए गए रंग-बिरंगे फूलों से मंदिर की शोभा देखते ही बन रही है। माता रानी के नवरात्रों के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुख सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है। नवरात्रों के पहले दिन ही माता रानी की पवित्र पिंडी के दर्शन करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो

गया है। नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा मां के भक्तों को पर्ची सिस्टम के जरिये ही दर्शन करवाए जा रहे है। वहीं मेले के दृष्टिगत मेला क्षेत्र को दस सैक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक सैक्टर में एक-एक सैक्टर मैजिस्ट्रेट व एक-एक सैक्टर पुलिस अधिकारी की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस द्वारा मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए पुलिस और होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर न्यास द्वारा मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मेले के पहले दिन सैंकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने माता की पवित्र पिंडी के दर्शन किये। हल्की फुलकी बारिश की फुहारों के बीच श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं की माने तो माता चिंतपूर्णी श्रद्धालुओं की चिंताएं दूर करती है और सभी मन्नतें पूरी होती है। मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने बताया कि माता के नवरात्र मेले में शीश नवाने का बहुत महत्व होता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र मेले के दौरान माता के दरबार में शतचंडी यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सर्वत्र कल्याण की प्रार्थना होगी। उन्होंने कहा कि माता सभी श्रद्धालुओं पर कृपा करें।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए व्यापक प्रबंध

मंदिर अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि नवरात्र मेले के लिए सभी तरह की तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है, श्रद्धालुओं की हर सुख सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन की तरफ से जहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस और होमगार्ड के जवानों को जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का समुचित ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से माता की पावन पिंडी के दर्शन कराने के लिए भी व्यवस्था तय की गई है।

न्यूज फ्लैश

बराड़ा में जलभराव को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)
बराड़ा नगरपालिका पूर्व चेयर पर्सन रिचा पाहवा पति हनी पाहवा ने बरसात के मौसम में सड़को पर जलभराव की स्थिति अधिक होने के कारण सड़कों की खस्ता हालत को ठीक करने के लिए अंबाला डीसी डॉ शालीन से मुलाकात की ओर कहा की शाहबाद से दोसरका रोड़ पर नजदीक महाराणा प्रताप चौक की हालत बहुत ज्यादा खराब है। बराड़ा की जनता को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी स्थिति को ठीक करवाया जाए जल्द ही गटका डलवा कर यातायात को दुरुस्त करवाया जाए। हनी पाहवा ने कहा कि तुरंत प्रभाव से अंबाला डीसी डाक्टर शालीन ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

जेपी डीएवी स्कूल के मुक्केबाज को किया सम्मानित

गन्नौर: जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल के विशाल को

मुक्केबाजी खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एसडीएम गन्नौर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशाल ने डीएवी नेशनल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर के स्कूल का नाम रोशन किया है। एसडीएम ने कहा कि खेल हमारे अंदर समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और समूह में कार्य करने की भावना का विकास करते हैं। इसलिए हमें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में अनिवार्य रुप से अपनाना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य चंद्र प्रकाश ने भी विशाल को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

तेवड़ी गांव में 100 पौधे किए रोपित

गन्नौर: जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव तेवड़ी में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मास्टर शील मलिक ने पौधा लगा कर अभियान की शुरूआत की।

शील मलिक ने कहा की बारिश के मौसम में हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने मिलकर गांव को हरा भरा बनाने का प्रयास करने की शपथ ली। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि मुहिम के तहत तेवड़ी गांव में 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, डा. अनिल, अरुण लाकड़ा, अमित, गुरु गजानन पूरी, बलराज मलिक, रवि मलिक, अमृत नाथ,पवन मलिक मौजूद रहे।

काश! आर्थिक विकास के साथ-साथ हम सभी अपने मन का विकास भी कर पाते: एसपी चौहान

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
शहर की कई सामाजिक संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा है कि भारत ने आज आर्थिक विकास के जो आयाम छुए हैं, वह किसी से छिपे नहीं हैं। आज यातायात के इतने साधन हैं कि एक घर में कई कई गाडि?ां हैं, पार्किंग के लिए जगह मिलना लाटरी के समान हो गया है। बड़ी-बड़ी अटारियां , शॉपिंग मॉल, ऑफिस कॉप्लेक्स आज देखते ही बनते हैं। 77वीं आजादी की बेला में हम कह सकते हैं कि देश ने साइंस, टेक्लानॉजी व हर क्षेत्र में विकास किया है, इसके बावजूद एक कमी हमारे जीवन में खल रही है हम इस आर्थिक विकास के साथ मन का विकास भूल गए हैं, काश आर्थिक विकास के साथ साथ हमारे मन का विकास भी साथ साथ चलता तो आज भारतवर्ष सोने की चिडि?ा कहलाने का हकदार बन जाता। या यूं कहें कि साक्षात स्वर्ग यहीं बन जाता। तमाम आर्थिक विकास के बाद भी आज परिवारों में वो सुख शांति नहीं जो इतने गाडि?ों व बंगलों के बावजूद होनी चाहिए थीं, आज खर्चों के साथ-साथ आय भी बढ़ी है, इससे आर्थिक संपन्नता तो नजर आती है, लेकिन जब हम किसी का मन टटोलते हैं हर मन जैसे यहां उदासी का खजाना लिए घूम रहा है।

शनिवार को होगा महिलाओं का महाकुम्भ

राज्य स्तरीय तीज उत्सव में 20 हजार से अधिक महिलाएं लेंगी भाग: एडीसी वीना

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन
तीज उत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। स्थानीय सैक्टर 13-17 में होने वाला तीज उत्सव महिलाओं को समर्पित रहेगा। इस कार्यक्रम में जहां मुख्यमंत्री मनोहरलाल भाग लेंगे वहीं प्रदेश की 101 महिलाएं भी उन द्वारा सम्मानित की जाएगी। यही नहीं इस कार्यक्रम में स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली महिलाएं फूड स्टॉल पर पारम्परिक पकवान भी बनाती नजर आएंगी। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा बतौर एक महिला अधिकारी के नाते विशेष दिलचस्पी

संस्कृति उत्सव

8 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भाग लेंगे वहीं प्रदेश की 101 महिलाएं भी उन द्वारा सम्मानित की जाएगी

लेकर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार इस तरह का उत्सव चण्डीगढ़ से निकलकर हमारे जिले में आया है, जोकि हम सब महिलाओं के लिए गर्व की बात है। वीना हुड्डा ने कहा कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किसी भी तरह की कोई कोर कसर नही छोड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला की सभी महिला अधिकारी उनके साथ विशेष रूचि लेकर काम कर रही हैं। यह पहली बार होगा जब इस तरह के पारम्परिक त्यौहार सामूहिक रूप से सरकारी स्तर पर मनाए जाएगा। वीना हुड्डा ने कहा कि वे इस उत्सव को लेकर काफी उत्सुक हैं। उन्होंने इसके लिए जिला की महिलाओं से अपील भी की कि वे इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंहुचे।

धरोहर प्रदर्शनी की रहेगी धूम
तीज उत्सव को मनाने को लेकर धरोहर प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। जिसमें पुराने पारम्परिक परिधान और पुरानी खेती के उपकरण भी विशेष रूप से प्रदर्शित किए जा रहे हैं। सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के साथ-साथ कलां एवं संस्कृति विभाग की विशेष भूमिका रहेगी। इस कार्यक्रम में पारम्परिक परिधानों में हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेरते हुए कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

101 झूले होंगे तीज उत्सव कार्यक्रम में
अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 101 झूले लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल को तीज उत्सव के रंग में सजाया जा रहा है। यह एक तरह से महिलाओं का कुम्भ होगा जिसमें हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखरेगी। इस कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं।

एसडीएम ने नगरपालिका से रजिस्ट्रियों में हुई धांधली के मामले में मांगी रिपोर्ट

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।
तहसील में अवैध कालोनियों में हुई रजिस्ट्रियों के मामले में अब एसडीएम डा. निर्मल नागर ने नगरपालिका से रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम ने बिना एनओसी हुई रजिस्ट्रियों के कारण नगरपालिका को कितना आर्थिक नुकसान हुआ है इसका ब्यौरा मांगा है। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। नगरपालिका अधिकारी अब उस समय पर हुई करीब 63 रजिस्ट्रियों की जांच करने में जुट गए हैं। सोमवार को नगरपालिका द्वारा सोमवार तक रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत कर दी जाएगी।
नुकसान का आकलन इस तरह से किया जाएगा: नगरपालिका की सीमा में कई अवैध कालोनियां भी आती हैं। अवैध होने की वजह से नगरपालिका द्वारा इन कालोनियों में प्लाटों की खरीद फरोख्त के लिए एनओसी जारी नहीं की जाती और न ही डेवलपमेंट चार्ज लिया जाता है, लेकिन इनका प्लाटों का प्रोपर्टी टैक्स नगरपालिका द्वारा वसूल जरूर किया जाता है। नगरपालिका द्वारा 15 मई को हुई अधिकतर रजिस्ट्रियां अवैध कालानी में हुई हैं। इस दिन कुल 77 में से 63 रजिस्ट्रियां अवैध कालोनियों में बिना एनओसी की गई थी। रजिस्ट्री नायब तहसीलदार द्वारा की गई थी। ऐसे में नगरपालिका अधिकारी इन सभी 63 रजिस्ट्रियों का प्रोपर्टी टैक्स का पता लगा रही है, ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।
नायब तहसीलदार पर गिर चुकी है गाज: अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री करने के शिकायत पर राजस्व विभाग के वित्तायुक्त ने कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार शिवराज को तुरंत प्रभाव से गन्नौर से हटा दिया था। इसके बाद उन्हें सस्पेंड भी कर दिया था। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि 15 मई को हुई रजिस्ट्रियों से हुए नुकसान के बारे में आंकलन लगाने के लिए नगरपालिका सचिव की ड्यूटी लगाई गई है।

दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं पर सरकार का विशेष जोर: उपायुक्त

दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन हरियाणा में सबसे ज्यादा

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन
उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष जोर दे रहे हैं। दिव्यांग जनों के लिए पेंशन से संबंधित भी कई योजनाएं हैं जिनका वर्तमान में भी लाभ ले रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रोडवेज की बसों में सीट नंबर-3 दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित होती है। इस सीट पर लिखा जाना चाहिए कि यह दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित है क्योंकि उन्हें बैठने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि, बसों में चढने.के लिए हैंडल भी होने चाहिए ताकि दिव्यांगजनों को बस में चढ़ते वक्त किसी

लाभ उठाएं

8 दव्यांगता पर किसी का बस नहीं है लेकिन हमें दिव्यांगजनों को समान अधिकार देने चाहिए: उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार

तरह की दिक्कत न हो।
उपायुक्त ने बताया कि दिव्यांगता पर किसी का बस नहीं है लेकिन हमें दिव्यांगजनों को समान अधिकार देने चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत से सार्वजनिक संस्थान से जुड़ी बिल्डिंगों में दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने दिव्यांगजनों को अनेक लाभ दिए हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणा की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

पानीपत: सिंचाई विभाग के सलाहकार रिटायर्ड आईएएस देवेन्द्र सिंह ने वीरवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सीएम घोषणाओं को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने लघु सचिवालय के सभागार में जिला के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने कहा कि जो अधिकारी काम के प्रति गंभीर नहीं है उन्हें अपना रवैया सुधारना होगा। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत अब तक की प्रगति रिपोर्ट को साईट पर जाकर फोटो सहित भेजने के भी निर्देश दिए।

प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का, कांग्रेस की सरकार बनना तय: महिपाल

पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।
पानीपत ग्रामीण हलका के कांग्रेस नेता महिपाल सूबेदार ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया गया हाथ से हाथ जोडो अभियान पूरी तरह से सफल रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिये कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के मार्ग दर्शन में निरंतर लोगों के बीच जाकर कांग्रस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की पोल खोलने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है और आने वाला समय कांग्रेस का है। जनता ने अभी से अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मौका देने का मन बना लिया है। महिपाल सूबेदार

बृहस्पतिवार को ग्रामीण हलके के नूरवाला स्थित इंदिरा विहार कॉलोनी व हरि सिंह कॉलोनी में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। वहीं कालोनी वासियों की समस्याओं पर महिपाल सुबेदार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कर सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर शमशेर बाल्मीकि, बलवान शर्मा, राजेंद्र गुर्जर ,जीत सूबेदार प्रजापत, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चंद्र श्याम शर्मा, प्रकाश दुबे, सुधीर शर्मा, बलराज बाल्मीकि, राजेंद्र, टिंकू जोगी, सुरेश, रिंकू रोहिल्ला व जयदीप आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मण सभा की युवा कार्यकारिणी की घोषणा की गई

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन
समस्त ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा द्वारा युवा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। वहीं नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने पटका, फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के युवाओं को साथ लेकर समाज को संगठित करने, शिक्षा, खेल व राजनीति के क्षेत्र में आगे ले जाने का आश्वासन दिया। युवा कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रधान रतन शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके कार्यकाल को लेकर चर्चाओं का दौर समाज में चला हुआ है जिस बारे में वह सपष्ट कर

देना चाहते हैं कि खापों के प्रधानों का कार्यकाल 5 साल होता है। उसके बाद भी उन्होंने तो समाज को अधिकारी दिया हुआ है कि वह जब चाहे प्रधान का चुनाव करा ले। समाज व सभा की 21 सदस्यीय कमेटी वोटिंग से या सर्वसम्मति से चुनाव करा सकती है। उनके लिए समाज से बड़ा कुछ नहीं है। वहीं रतन शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों से ब्राह्मण समाज के नेताओं को अधिक से अधिक टिकट देने की मांग की खासकर लोकसभा के लिए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में करनाल लोकसभा सीट ब्राह्मणों की मानी जाती है। इसलिए इस बार इस सीट से जो भी पार्टी ब्राह्मण को टिकट देगी। ब्राह्मण समाज उसका साथ देगा। वहीं सभा की 21 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष बलवान शर्मा अहर ने कहा कि समिति ने संयुक्त रूप से निर्णय लेकर ब्राह्मण सभा का युवा शहरी जिलाध्यक्ष बिल्लू शर्मा कैत को व युवा जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुनील शर्मा पट्टीकल्याणा को बनाया है। इसके अलावा जिला प्रमुख कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष संदीप कौशिक गोयला कलां को बनाया है। ग्रामीण विधानसभा प्रभारी राजू राजाखेड़ी को बनाया गया है। रतन शर्मा ने कहा कि समाज के आगे बढ़ाने का जज्बा उक्त सभी युवा पदाधिकारियों में है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह अपनी जिम्मेवारी को पूरी मेहनत से निभायेंगे। इस अवसर पर बलवान शर्मा अहर, निगम पार्षद शिव कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा, प्रधान धर्मशाला हरी नगर सुभाष शर्मा, पूर्व सरपंच महेंद्र गौतम, वासुदेव राजा खेड़ी, बलवान जोशी , अशोक शर्मा, इसराना प्रधान रामचंद्र शर्मा,पूर्व सरपंच रामकरण शर्मा, बलवान भारद्वाज, विनोद शर्मा, सरपंच राधेश्याम शर्मा, रामकुमार व सुनील शर्मा एडवोकेट, डी.के.शर्मा एडवोकेट व जयदेव शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

फ्लिपकार्ट ने " स्पॉइल " लॉन्च करने की घोषणा की

गुरुग्राम। फ्लिपकार्ट ने खास तौर पर जेन जी के लोगों के लिए तैयार किए गए नए ऐप-इन-ऐप फैशन डेस्टिनेशन " स्पॉइल " लॉन्च करने की घोषणा की है। किफायती और ट्रेंड तय करने वाली स्टाइल पर ध्यान देते हुए वेस्टर्न वियर, ऐक्सेसरीज और फुटवियर समेत 40,000 से ज्यादा प्रोडक्ट इस नए ऑन-ऐप इंटरफेस के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। स्पॉइल का उद्देश्य व्यक्तिगत स्टाइल को व्यक्त करने के तरीके में व्यापक बदलाव लाना है जहां अलग-अलग तरह की डिजाइन होंगी जिनमें स्टाइल और व्यक्तिगत अस्तित्व का खयाल रखा गया है। इस लॉन्च के बारे में संदीप कर्वा, वाइस प्रेसिडेंट - फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, "" स्पॉइल " के साथ हमारा मिशन जेन जी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है जो उनके आंतरिक आत्मविश्वास को महत्व देते हैं और खुद को अपनी स्टाइल के माध्यम से व्यक्त करते हैं। यह ऐसी पीढ़ी भी है जो बिना किसी पूर्वाग्रह के हर दिन पुराने समय से चली आ रही रुढ़ियों को खत्म करते जा रहे हैं। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को सशक्त महसूस करने और स्टाइलिश बनने का हक है और इस नए लॉन्च का उद्देश्य यही करना है। दुनिया में ऑनलाइन खरीदारों के आधार के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है। बेन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तीन में से एक खरीदार जेन जी के हैं और ये खरीदार ऑनलाइन खरीदारी करते हुए ज्यादातर मामलों में पहली कैटेगरी के तौर पर फैशन को ही चुनते हैं और वह भी शुरूआती कीमतों पर। मैकिंजी की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जेन जी किसी कपड़े में फिट होने के बजाय लोगों से अलग दिखना चाहते हैं।

संगीत-प्रेमियों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहे हैं आईकूडू के प्रोडक्ट्स

टीम एक्शन इंडिया/नोएडा
भारतीय बाजार में लॉन्च होने के कुछ दिन बाद से ही इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड आईकूडू के दोनों प्रोडक्ट आईकूडू बड्स वन और बड्स जैड, शानदार साउंड क्वालिटी, नवीनतम डिजाईन और किफायती दामों में उपलब्ध होने के कारण तेजी से लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अपने शानदार और नए फीचर्स जिनमें टू वायरलेस स्टीरियो सेगमेंट में विंड नॉइज रिडक्शन, 50 डीबी एएनसी एआई ईएनसी फिल्टर, फुल टच कंट्रोल, लॉन्ग बैटरी लाइफ जैसे महत्वपूर्ण फीचर्स की बदौलत ही आईकूडू के प्रोडक्ट्स इतने कम समय में ही भारतीय बाजार में अपनी एक मजबूत पकड़ बनाने कामयाब रहे हैं। आईकूडू के रीजनल हेड ने ब्रांड की इस सफलता पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य संगीत के प्रति रूचि रखने वाले वर्ग को बेहतर अनुभव प्रदान कराना है, और इसके लिए हमने लेटेस्ट साउंड तकनीक और फीचर से लैस प्रोडक्ट्स बाजार में उतारे हैं।

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में मनाया गया महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का बलिदान दिवस

पानीपत/टीम एक्शन इंडिया पानीपत
शहर के आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में बृहस्पतिवार को महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की । विद्यालय के प्रबंधक जसवीर आर्य, कोषाध्यक्ष महताब आर्य, उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। डीपी जगदीश चहल, प्रवीण आर्य,

आशा अरोड़ा, नीतू चौधरी, रेनू गुप्ता व मीनू कुंडू ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर छात्रों का हौसला बढाया। इस मौके पर योगा के प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। यह जानकारी स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने दी। वहीं प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि भारत भूमि वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की जन्म व कर्मभूमि रही है। महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा का जन्म पंजाब के अमृतसर में पिता डॉक्टर दितामल ढींगरा के घर हुआ था और ये परिवार की इच्छा के विरुद्ध कम आयु में ही स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गये और अंग्रेज हुकूमत ने 17 अगस्त 1909 को इन्हें अंग्रेज अफसर पर गोली चलाने के अपराध में फांसी की सजा दे दी।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों की हर मांग को सरकार के समक्ष रखेगी कांग्रेस: शैली चौधरी

टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सर्व कर्मचारी संघ, ट्यूबवेल औपरेटर यूनियन नारायणगढ़, बिजली विभाग से मीटर रीडर यूनियन नारायणगढ़ ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के नाम विधायक शैली चौधरी को ज्ञापन सौंपे, जिसमें उनकी मुख्य मांगे डढर , वेतन वृद्धि, आदि, ट्यूबल ऑपरेटर कोदौ वर्ष से बढ़े हुए वेतन का एरियल अभी तक नहीं मिला,ईपीएफ, ईएसआई, का लाभ नहीं मिला, मीटर रीडर कर्मचारियों की मांग है ,उनको

प्रति मीटर चार रू के हिसाब से मिलता है, जिसको बढ़ाकर आठ रु प्रति मीटर किया जाए। नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी ने कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी की तरफ से आश्वासन है कर्मचारियों की हर वाजिब मांग को सरकार के समक्ष उठाएंगे और हमने आने वाले विधानसभा सत्र में सभी मांगे सरकार को भेज दी है उन्होनें कहा कि जहां-जहां देश में कांग्रेस की सरकार है वहां वहां हमारी सरकार ने ओपीएस लागू कर दी है हरियाणा में भी जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी ओपीएस को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के कई राज्य ऐसे है जहां पुरानी पेंशन स्कीम लागू हो चुकी है लेकिन हरियाणा में इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को भारी कमी है। नई भर्ती नहीं की जा रही जिसके चलते विभिन्न कार्यलयों में जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सरकार को चाहिए की वह नियमित भर्ती करे तथा कच्चे कर्मचारियों को भी पक्का किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगे नहीं मानती तो वह अपना संघर्ष इसी प्रकार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी उनका संगठन धरने प्रदर्शन कर चुका है लेकिन सरकार ने उनकी बात नहीं मानी है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी हरियाणा सरकारी ने यह बात नहीं मानी।

हर साल मानसून में बढ़ जाते हैं फ्लू के मामले

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम
चार अलग-अलग प्रकार के वायरस होते हैं जो इन्फ्लूएंजा का कारण बन सकते हैं, जिसे आम बोलचाल में फ्लू कहा जाता है। वैसे तो ये वायरस पूरे साल संक्रमण फैलाते हैं, लेकिन मानसून और सर्दी के मौसम में तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव के कारण इनका प्रसार तेज हो जाता है।बच्चे इनमें से किसी भी वायरस के कारण फ्लू की चपेट में आ सकते हैं और फिर धीरे-धीरे पूरा परिवार फ्लू की गिरफ्त में आ जाता है। फ्लू वायरस नाक और गले के साथ-साथ कभी-कभी फेफड़ों को भी प्रभावित करते हैं। यह 5 साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों के अस्पताल में भर्ती होने और उनकी असमय मृत्यु के सबसे बड़े कारणों में से है। बैक्टीरियल न्यूमोनिया, कान एवं साइनस इंफेक्शन होना तथा पहले से चल रही किसी बीमारी का गंभीर हो जाना फ्लू के कारण होने वाली जटिलताओं में शामिल है। बच्चों की विकसित हो रही प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) और बुजुर्गों की कमजोर होती प्रतिरक्षा प्रणाली अक्सर इन जटिलताओं से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाती है।फ्लू के चार में किसी भी वायरस के संक्रमण की चपेट में आने के खतरे को कम करने में 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन सबसे प्रभावी तरीकों में से है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) 6 महीने से 5 साल की उम्र के बच्चों और 50 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों को हर साल फ्लू का टीका लगवाने का सुझाव देते हैं, जिससे उन्हें इस तरह की जटिलताओं से बचाया जा सके।
4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन के बारे में माइलस्टोन क्लीनिक के डॉ. दीपक आहूजा ने कहा, अपने चिकित्सकीय अनुभव में मैंने देखा है कि फ्लू की चपेट में आने वाले हर 10 में से 1 बच्चे में न्यूमोनिया या कान का संक्रमण हो जाता है। सालाना 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन बच्चों को इस तरह की जटिलताओं से बचाने में कारगर हो सकता है।

संपादकीय

चीन को कूटनीतिक तरीके से सबक सिखाना होगा!

भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक वसुधैव कुटुम्बकम पर आपत्ति जताई है। हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। लेकिन भारत और चीन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। भारत के नेतृत्व में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के बाद से ही चीन की तल्खी तेज हो रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच विवाद का प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है। यह सीमा तीन सेक्टरों में बंटी हुई है। इनमें पूर्वी सेक्टर, पश्चिमी सेक्टर और मध्य सेक्टर शामिल हैं। भारत के पांच राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश, चीन के साथ सीमा लगी हुई है। चीन पश्चिमी सेक्टर में जम्मू-कश्मीर, शिनजियांग और अक्साई चिन की सीमा वाला इलाके को विवादित कहता रहा है। सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच समय-समय पर झड़पें होती रही हैं। चीन अपनी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के चलते लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का उल्लंघन करते हुए भारत की सीमा में प्रायः घुसपैठ करता रहा है। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की थी। हालांकि भारत के जांबाज सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। लेकिन यह बात सच है कि चीन तवांग, डोकलाम, गलवान अथवा लद्दाख में अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। उसे जैसे ही मौका मिलता है, घुसपैठ की हरकत शुरू कर देता है। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं। आज अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है।

लालकिले से उभरी विकसित भारत की तस्वीर

रोहित माहेश्वरी

> स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया

आजादी के शुभदिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री के उद्बोधन का विरोधी दल भले ही कटु आलोचना करें। लेकिन एक आम भारतीय की नजर से देखें तो उसे प्रधानमंत्री के भाषण में एक विकसित भारत साफ तौर पर दिखाई देता है। और इसकी ठोस वजह है प्रधानमंत्री मोदी के पिछले नौ साल की उपलब्धियां और उनकी कार्यप्रणाली। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में दिन-रात जुटे हुए हैं। ऐसे में आम भारतवासी उनके शब्दों और वायदों पर पूरा भरोसा करता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य तय किए और उनकी घोषणा की। एक, आजादी के 100 साल बाद 2047 में भारत विकसित राष्ट्र होगा। दूसरा, आगामी 5 साल में जो फैसले लिए जाएंगे और काम किए जाएंगे, उनका असर 1000 साल तक रहेगा। लक्ष्यों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश की जनता से मदद मांगी और आशीर्वाद चाहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकास का रोडमैप भी बताया और ये भी कि अर्थव्यवस्था का तेज विकास किस तरह होगा। उन्होंने ने किसान से लेकर गरीब तक, महिलाओं से लेकर मणिपुर हिंसा तक, समय से पहले नए संसद भवन के निर्माण का भी उल्लेख किया और कहा कि ये नया भारत है। ये संकल्पों से भरा भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक शक्ति बढ़ी है तो हमारी सामरिक शक्ति को भी नई ताकत मिली है। उन्होंने सेना को युद्ध योग्य बनाने के लिए निरंतर रिफॉर्म का उल्लेख किया और बम धमाके की घटनाओं का जिक्र भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीरियल बम धमाके का जमाना बीती बात हो गई है। आतंकी घटनाओं में कमी आई है, परिवर्तन का वातावरण बना है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना लेकर चलने की बात कही और ये भी कहा कि हमें राष्ट्रीय चरित्र के लिए और बल देते हुए आगे बढ़ना होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक निर्णायक मोड़ पर है और इसमें कोविड महामारी के बाद उभर रही नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ताकत है।

उन्होंने देशवासियों को अगले पांच वर्षों में उज्ज्वल भविष्य के साथ नए भारत का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद देश और दुनिया में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री के संबोधनों में राजनीतिक संदेश भी छिपे रहते हैं। हो सकता है कि इस बार के संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा में कोई संकेत छिपा हो। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने पंच प्रण की घोषणा की थी। उन्होंने देशवासयिों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, आपसी मानसिकता के किसी भी संकेत को समाप्त करने, भारत की धरोहर पर गर्व करने, एकता की शक्ति को मजबूत करने और ईमानदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों को पूरा करने की अपील की थी।

2014 में लाल किले की प्राचीर से पहले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उन्होंने स्वच्छ भारत और जन धन खातों जैसे कई नए कार्यक्रमों की घोषणा की। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 2018 में मोदी ने गरीबों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत शुरू की थी।

स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया, उसने वास्तव में अमृत काल में अग्रणी वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय के लिए सही पृष्ठभूमि तैयार की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत ने निश्चित रूप से समानता के साथ स्वच्छ ऊर्जा, वैश्विक शांति और समृद्धि जैसे कई परिवर्तनकारी क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व करने की पहल की है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवार-आधारित पार्टियों और तुष्टीकरण को भारत की राजनीतिक व्यवस्था, शासन और विकास को प्रभावित करने वाली तीन बुराइयां बताईं। उन्होंने भ्रष्टाचार जैसा मजबूत और वैध मुद्दा उठाया। यह असल में ऐसा कैंसर है जिसने हमारे राजनीतिक प्रतिष्ठान को खोखला किया है और शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। हमारी तरक्की को भी प्रभावित किया है। यह भी सच है कि केंद्र सरकार में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार कम हुआ है। इसका श्रेय मोदी को जाता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार व्यवस्था की जड़ों में मट्ठे का काम करता है और मजबूत से मजबूत इमारत को भी हिलाकर रख देता है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी तो देश के विकास को पंख लगना तय है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले नौ सालों में कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। सभी भारतीयों को इन उपलब्धियों पर गर्व महसूस करना चाहिए चंद्रयान, भारत में डिजिटल क्रांति, भारत की एनर्जी बास्केट में अक्षय ऊर्जा का तेजी से विस्तार, भारत के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, बैंकिंग क्षेत्र को समावेशी बनाना, जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व में विकास, महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान, वगैरह. इसमें कोई शक नहीं है कि इसका श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। तस्वीर साफ है कि जीवन के हर क्षेत्र में देष तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से घोषणा की है कि वह 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाएंगे और ग्रामीण स्व सहायता समूहों को ताकतवर बनाएंगे। यह तो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियाद है, जिसे अभी बनाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना की भी घोषणा की है। जो शिल्पकार, मिस्त्री, स्वर्णकार आदि हाथ और औजार से काम करते हैं, उनकी मदद इस योजना के तहत की जाएगी। बेशक 2047 का लक्ष्य भी सपनीला लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल निम्न मध्यम आय वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है। विकसित राष्ट्र बनने के मायने ये हैं कि प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को आर्थिक अवसर जरूर मिलने चाहिए। यकीनन हमारी 30 साल की उम्र से कम वाली आबादी विश्व में सर्वाधिक है। वह हमारी ताकत भी है। वह ताकत विकसित अर्थव्यवस्था तब पैदा कर सकती है, जब बेरोजगारी के मुद्दे को गंभीरता से संबोधित किया जाए। भारत में बेरोजगारी एक चिंतित सरोकार है और इसकी राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी है। रोजगार के मोर्चे पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत लंबे समय से महसूस होती है।

विपक्ष की आलोचना और निंदा के बावजूद प्रधानमंत्री का लाल किले से बोला गया एक-एक शब्द करोड़ों देशवासियों के भीतर एक नयी ऊर्जा, उमंग और तरंग का संचार करता है। और अगर देशवासी विकास की दिशा में सरकार का सहयोग दें और सही दिशा में कदम बढ़ा दें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। और देश के वर्तमान वातावरण से ऐसा आभास होता है कि देश ने आगे बढ़ने का संकल्प मन ही मन ले लिया है और देशवासी उस दिशा में पूरी मजबूती से आगे बढ़ चुके हैं।

कविता

उन के बिन गर्दिशे रोजो शब
देखिए
मुझ पे ढाती है क्या क्या गजब देखिए

मैं ने जो माँगा उस ने अता कर दिया
मह्रबाँ मुझ पे है कितना रब देखिए

हुस्न में क्या बला का है आया निखार
उस को आ कर जरा आप अब देखिए

सुर्ख रुखसार होते हैं क्या दीदा जेब
जब वो गुस्से में हो उस को तब देखिए

ऐसे कैसे भला मान जाएगा वो
उस की नाराजगी का सबब देखिए

मर के भी जिन्दा हैं गालिब, इकबाल, मीर
ये है मेयारे इल्मो- अदब देखिए

क्या वो खुशियों का तावीज है पा गया
हँसता ही रहता है उस को जब देखिए

तब चले गा पता कितने फय्याज हैं
उन से कुछ आप कर के तलब देखिए

जकी तारिक

सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है हरियाली तीज

प्रियंका सौरभ

हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड? वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं।

विचार

लालकिले की प्राचीर से लोकसभा चुनावों का शंखनाद

मृत्युंजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लाल किले की प्राचीर से से देश को लगातार दसवीं बार संबोधित किया।इस अवसर का लाभ उठाते हुए जहां उन्होंने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं वहीं अपनी गारंटी देते हुए यह भविष्यवाणी भी कर दी कि 2024 की 15 अगस्त को देश की उपलब्धियां बताने के लिए वो ही फिर से आएंगे। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व ही यह भविष्यवाणी कर दी कि अगली बार मैं ही देश की उपलब्धियां बताने के लिए आऊंगा। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री के इस दावे से भाजपा विरोधी ताकतों को सिर दर्द होने लगा और उनकी हताशा भरी प्रतिक्रियाएं आनी प्रारंभ हो गयीं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के आरम्भ में ही मणिपुर की हिंसा सहित हिमांचल और उत्तराखंड आदि राज्यों में बाढ़ के हालात का उल्लेख किया। अपनी सरकार के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और साथ ही अगले 25 वर्षों की योजना भी बता दी। प्रधानमंत्री जी ने गारंटी के साथ अपने अगले कार्यकाल में भारत को विश्व तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवथा बनाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय बहुत ही महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक है क्योंकि इस समय जो भी निर्णय लिए जाएंगे उनका असर आगामी 1000 वर्षों तक दिखाई पड़ेगा। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के रोडमैप वाला ये उद्बोधन उत्साहवर्धक और प्रभावी रहा ।प्रधानमंत्री लाल किले से एक बार फिर यह स्थापित करने में सफल रहे कि आज देश में जो सरकार है वह सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए समिर्पत है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ते हुए वर्तमान भारत के उदय का वर्णन किया। उन्होंने भारत के आर्थिक पुनरुत्थान ने समग्र वैश्विक स्थिरता और रेजिलिएंट सप्लाई चेन के रूप में जो काम किया है उसका भी उल्लेख किया। उन्होंने अपने विगत 9 वर्षो के कार्यकाल में किए गये सुधारों और पहलों की भी चर्चा की । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जो उत्तर दिया लालकिले का यह संबोधन उसी का विस्तार था। इस संबोधन से प्रधानमंत्री आगामी लोकसभा चुनावों के पूर्व विरोधी दलों द्वारा बनाये जा रहे महागठबंधन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने पर सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि भारत के अमृतकाल के कालखंड में हम जितना त्याग करेंगे तपस्या करेंगे आने वाले एक हजार साल का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। उनका कहना था कि आज मां भारती जागृत हो चुकी हैं और विश्व भर में भारत के प्रति एक नई आशा, नया विश्वास पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में नौजवानों के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है आप जितने अवसर चाहेंगे ये देश आसमान से भी ज्यादा अवसर देने का सामर्थ्य रखता है। देश के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आप ही का परिश्रम है कि आज देश कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति को संबोधित करते हुए ह्लवीमन लेड डेवलपमेंटह्व का अपना संकल्‍ दोहराया और कहा कि उनका सपना गांवों में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। उन्होंने गांवों में काम कर रही महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की भी बात कही। देशवासियों को गारंटी देते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा करी कि वह अगले 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। देशभर में 25 हजार जनऔषधि केंद्र खोलने तथा आगामी 17 सितंबर को 13 से 15 हजार करोड़ की नई विश्वकर्मा योजना के आरम्भ की घोषणा भी प्रधानमंत्री ने लालकिले से की। प्रधानमंत्री ने कहा हम जिन भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हैं, उनका लोकार्पण भी हम ही करते हैं। आजकल मैं जिन परियोजनाओं का शिलान्यास कर कर रहा हूँ उनका लोकार्पण भी आपने मेरे ही नसीब में छोड़ा हुआ है। महंगाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद यूक्रेन युद्ध ने नई मुसीबत पैदा की है आज पूरी दुनिया महंगाई के संकट से जूझ रही है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

कैरियर

जनसंपर्क अधिकारी कैसे बनें

विजय गर्ग

जनसंपर्क अधिकारी जिसे आमतौर पर पीआरओ के नाम से जाना जाता है, हर संगठन में एक आम शब्द बन गया है चाहे वह वाणिज्यिक या गैर-व्यावसायिक, सरकारी या निजी औपचारिक या अनौपचारिक हो और वह भी अपनी स्थापना के बहुत ही कम समय में। हालाँकि यह विशेष कार्य अनादि काल से किया जा रहा है, अर्थात राजा और महाराजाओं के समय से या उससे भी पहले भगवान राम और भगवान कृष्ण के समय से, जब वे अपने दूतों को अन्य राज्यों में भेजते थे, जैसे अंगद को राम द्वारा रावण के पास भेजा गया था। बिना किसी लड़ाई आदि के सीता को रिहा करके शांति लाना। समय और हर चीज के भौतिकीकरण के साथ, वर्तमान समय के डूटा और पीआरओ की भूमिका काफी हद तक बदल गई है।

पीआरओ प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच स्पष्ट संचार नेटवर्क बनाए रखकर कंपनी में आंतरिक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं। इसका पहला उद्देश्य संचार के चैनलों में सुधार करना और सूचना और समझ के दो-तरफा प्रवाह को स्थापित करने के नए तरीके स्थापित करना है। एक करियर विकल्प के रूप में जनसंपर्क तब अस्तित्व में आया जब बहुत सी निजी या सरकारी कंपनियों और संस्थानों को अपने उत्पाद, सेवा और सुविधाओं के विपणन की आवश्यकता महसूस हुई। कड़ी प्रतिस्पर्धा और बेचने के लिए समान उत्पादों और सेवाओं के समय में, यह सार्वजनिक छवि है जो सभी संगठनों और प्रमुख हस्तियों के लिए महत्वपूर्ण हो गई है। जनसंपर्क विशेषज्ञ की भूमिका संकट की स्थितियों में प्रासंगिक हो जाती है जब सूचना का सही और समय पर प्रसारण संगठन का चेहरा बचाने में मदद कर सकता है।

कैरियर के अवसरों के संदर्भ में, उत्पाद प्रचार, कॉर्पोरेट प्रचार, सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाने, समाचार पत्र, बुलेटिन, कर्मचारियों के लिए पत्रिकाएं आदि जैसे कॉर्पोरेट प्रकाशन प्रकाशित करने के लिए जनसंपर्क का व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है। अपने कर्तव्यों का अत्यंत कुशलता से निर्वहन करने के लिए एक पीआरओ को जनता को दी जाने वाली वर्तमान जानकारी से अपडेट रहना चाहिए।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का विशेष ध्यान

सुनील कुमार महला

आज की शिक्षा पहले के जमाने की भांति टीचर्स सेंटर्ड नहीं है। आज की शिक्षा स्टूडेंट सेंटर्ड है। यानी कि स्टूडेंट आज की शिक्षा में सर्वोपरि है। पहले शिक्षा में टीचर्स सर्वोपरि हुआ करते थे। जैसा टीचर चाहते थे वैसा होता था लेकिन आज जैसा स्टूडेंट चाहते हैं वैसा शिक्षा में होता है। मतलब यह कि आज बच्चों को शिक्षा में अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की मनोविज्ञान के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था की जाती है। इसका उद्देश्य अधिगम, जिसे लर्निंग या सीखना भी कहा जाता है, संबंधी विभिन्न कठिनाइयों को दूर करना है। इसमें सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में बालक(स्टूडेंट या शिक्षार्थी)होता है। बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यता के विकास पर अध्ययन किया जाता है।आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अनुसार शिक्षक बच्चे के सवार्गीण विकास का प्रयास करते हैं, लेकिन प्राचीन समय में बच्चे के मस्तिष्क में जानकारी या ज्ञान को भरा जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो अध्यापक केंद्रित कक्षा में शिक्षक निर्देश देते हैं और बच्चे सुनते हैं। बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे शिक्षक की आज्ञा का पालन करेंगे और अनुशासन में रहेंगे। बहरहाल, आज की बाल केंद्रित शिक्षा के बीच ही दिल्ली के एक स्कूल का मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। जानकारी देना चाहूंगा कि दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह एक छात्र की बुरी तरह पिटाई कर दी। क्या एक शिक्षक को मात्र इसलिए एक बच्चे की जमकर पिटाई कर देनी चाहिए कि वह स्कूल में किताबें नहीं ला पाया ? क्या शिक्षक का यह कर्तव्य नहीं बनता था कि वह बच्चे को इसके बारे में समझाते ? यह बहुत ही अफसोसनाक है कि शिक्षक ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा। आज की शिक्षा बाल केंद्रित शिक्षा है और बाल केंद्रित शिक्षा बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देती है। सरकार और माननीय अदालतों द्वारा समय समय पर इस संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी करने के बाद में भी हमारे समाज में ऐसा हो रहा है, तो वाकई यह बहुत ही दुखद और अफसोसनाक है। क्या शिक्षकों को बच्चों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ नहीं पेश आना चाहिए?

लाल अंगूर खाने से दिल की बिमारियाँ कम होती हैं

स्पेनिश वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि लाल अंगूर खाने से रक्तचाप कम होता है, कोलेस्ट्रोल घटता है और दिल की बिमारियाँ कम होती हैं।

मेड्रिड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपनी जाँच मे पाया कि लाल अंगूर के छिलके और अंदर के गुदे में मौजूद फाइबर से तथा एंटिऑक्सिडेंट से दिल की बिमारियाँ कम हो सकती है।

वैज्ञानिकों ने कुछ स्वयंसेवकों के उपर इसका शोध का परीक्षण किया। इस परीक्षण से पता चला कि इन स्वयंसेवकों के शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रोल 14 प्रतिशत तक कम हो गया।

इन वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें दिन में कम से कम 30 ग्राम लाल अंगूर खाना चाहिए। यह स्वास्थ्य वर्धक है और दिल की बिमारियों को होने से रोकता है।

गर्भावस्था के दौरान होने वाली तकलीफे

गर्भावस्था के दौरान महिलाएं विभिन्न शारीरिक तथा मानसिक समस्याओं से गुजरती है। इन्हे दूर करने के लिए चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। गर्भावस्था को समान्यरूप से तीन चरणों में बाँटा जा सकता है। पहला चरण 1 से 12 सप्ताह का, दूसरा चरण 13 से 28 सप्ताह का तथा तीसरा चरण 29 से 40 सप्ताह का।

प्रथम चरण में होने वाली तकलीफे

- उबकाइयाँ आना, घबराहट होना, खाने में अरूची तथा उल्टियाँ होना।

- अतिशय उल्टियाँ होने के कारण निम्न हो सकते है : जुड़वाँ बालक होना, खून का ऊँचा दबाव, असामान्य गर्भ, पीलिया, एसिडिटी, मधुप्रमेह तथा मूत्र पिण्ड की कोई तकलीफ।
- योनिमार्ग से रक्तस्त्राव होना, यह लाल रंग का भी हो सकता है, तो गहरा कत्थई भी। इस स्थिति में गर्भ सुरक्षित हो सकता है, तो गर्भपात भी हो सकता है।

गर्भावस्था के दूसरे चरण में होने वाली तकलीफे

- डकारें आना, घबराहट होना, वायु तथा एसिडिटी बनना।
- गर्भावस्था के दौरान होने वाले अंत:स्त्राव के कारण कुछ जोड़ व स्नायु ढिले होते है, इसके कारण कमर दर्द, पैर खीचना, चलने में तथा करवट बदलने में तकलीफ होना।
- सरदर्द तथा कब्ज होना तथा मस्से से खून गिरना
- नींद न आना, विचारों का उमड़ना, चिड़चिड़ापन, मूड बदलना, याददाश्त कमजोर होना।
- स्तनों से चिकना द्रव्य निकलना तथा स्तन भारी होना तथा उसके कारण दर्द होना।
- मुँह, योनि तथा बगल में संक्रमण लगना।

गर्भावस्था के तीसरे चरण में होने वाली तकलीफे

- नींद न आना। इसके कारणों में गर्भाशय का बढ़ना, डकारें, उबकाईयाँ, प्रसुति सम्बन्धी चिंताएं शामिल है।
- चमड़ी सम्बन्धी तकलीफे होना, गर्भाशय के बढ़ने से चमड़ी व स्नायु खींचते है जिससे पेट व स्तनो पर धारियाँ बन जाती है।
- खून का दबाव बढ़ना, पैरों में सूजन आना, पेशाब में प्रोटीन जाना वगैरे समस्याजनक हो सकते है।
- योनिमर्ग से द्रव्य गिरना। यह दुर्गंधयुक्त हो तो संक्रमण को दर्शाता है, अगर प्रवाही पतला पेशाब जैसा हो तो वह गर्भजल भी हो सकता है। चिकित्सक की सलाह लें।
- बालक असामान्य अवस्था में रहना। 36 - 37 सप्ताह तक बालक उल्टा नहीं होता है तथा टेढ़ी मेढ़ी अवस्था में रहता है तो शल्य-चिकित्सा द्वारा प्रसुति करवानी पड़ती है।

हेल्थ प्लस

रसोई में छिपा सेहत का खजाना

गुणकारी हींग

- दिल से जुड़ी बीमारियों में आराम पाने के लिए चुटकी भर हींग 1 बड़े मुनक्के के साथ रोज सुबह खाएं। हृदय से जुड़ी बीमारियों में आराम मिलता है।
- पेट की गैस की समस्या होने पर पके केले में चुटकी भर हींग मिला कर खाएं।
- पेट में दर्द होने पर 1 कप गर्म पानी में 1 छोटा चम्मच हींग घोल लें और नरम कपड़े को उसमें भिगो कर पेट की सिंकाई करें।

अनार के छिलके

- आधा छोटा चम्मच दालचीनी और 2 छोटे चम्मच शहद 1 कप अनार के रस में मिला कर पीने से खून की कमी जाती रहती है।
- अनार के छिलकों को सुखा कर बारीक पीस लें। इस पाऊडर को गुनगुने सरसों के तेल में मिला कर छालों पर लगाने से राहत मिलती है।
- अनाक के छिलकों को पीस कर उसका लेप लगाने से घाव जल्दी ठीक होता है।

स्वस्थ रहने के लिए टिप्स

स्वस्थ रहना सबको भता है पर स्वस्थ रहना आसान नहीं है। स्वस्थ रहना है तो इन्हें अपनाएं और स्वस्थ रहें।

- उम्र के अनुसार अन्न का सेवन करें-
- नाश्ता अवश्य करें पर ध्यान रखें कि नाश्ते में अन्न की मात्रा अधिक न लें।
- टी.वी. देखते और पढ़ते समय भोजन न करें। न ही बातें करते हुए भोजन करें।
- बीमार होने पर भोजन में संयम बरतें।
- लम्बी आयु पाने के लिए भूख से कम भोजन खाएं। एक ही समय में अधिक न खाएं।
- तीन बार मुख्य भोजन लें और दो बार हल्का नाश्ता लें।
- सुबह और रात के खाने में विभिन्नता रखें।
- बासी खाना न खाएं। थोड़ा खाएं पर ताजा खाएं।
- चाहे घर हो या बाहर, मर्यादा में रहकर खाएं।
- खाना खाते समय मन में किसी प्रकार के बुरे विचार न रखें। प्रसन्न मन से भोजन करें।
- एक ही समय अधिक चीजों का सेवन न करें। भोजन में तले हुए भोज्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- भोजन चबा-चबा कर खाएं। शीघ्र भोजन न खाएं, न ही अधिक चटखारे लेकर खाएं।
- भोजन से एकदम पहले और एकदम बाद पानी न पीएं।

क्या दिन में आठ ग्लास पानी पीना आवश्यक है ?

कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए

एक पुरानी मान्यता के अनुसार हमें दिन में आठ ग्लास पानी पीना चाहिए। इस बात पर अमूमन हर कोई यकीन करता है, लेकिन बहुत कम इसके पीछे कितनी सच्चाई है यह जानने की कोशिश करते हैं।

हकीकत यह कि यह कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए। शरीर के लिए पानी बहुत आवश्यक होता है यह सच है। लेकिन शरीर पानी की जरूरत को कई अन्य स्रोतों से भी पूरा करता है। जैसे कि फल, सब्जी, वातावरण, चाय अथवा कॉफी इत्यादि।

तो शरीर को नमी प्रदान करने के लिए पानी पीना ही एकमात्र विकल्प नहीं होता है। इसके अलावा पानी की जरूरत मौसम के हिसाब से बदलती भी है। बरसाती माहौल में आप कम पानी पीते हैं, क्योंकि वातावरण मे मौजूद नमी बाकी की जरूरत को पूरा कर देती है।

तो आपको पानी कब पीना चाहिए? जाहिर है, जब प्यास लगी हो। इसके अलावा अपने मूत्र के रंग को भी ध्यान मे रख सकते हैं। सामान्य स्थिति मे यह सफेद या हल्का पीला होना चाहिए। गहरा पीला हो रहा है तो इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आप कम पानी पी रहे हों।

नजला-जुकाम के उपचार

सर्दी लग जाने, शरीर में बने मल, मूत्र, पसीना, कफ आदि की सफाई न हो सकने, किसी चिंता में रहने धूल-मिट्टी में जाने, अधिक शराब आदि पीने, कब्ज के ठीक न होने, गलत खान-पान से, पानी में भीग जाने आदि से जुकाम हो जाता है।

घरेलू उपचार- नजला या जुकाम को साधारण रोग तो मानते हैं मगर जब यह बार-बार होने लगता है, बिगड़ जाता है तो सांस के रोग, दमा आदि का जन्मदाता भी बन जाता है। टी.बी. जैसे रोग का भी कारण बनता है अत: उपचार जरूरी है।

सावधानियां- 1. रात को देर तक नहीं जागें। प्रात: जल्दी बिस्तर त्यागें।

2. कब्ज की शिकायत न होने दें। अधिक तरल खाएं।

3. एकदम सर्दी में न निकलें। गर्म-सर्द न हों।

4. पूरा आराम किया करें। हर समय की भाग-दौड़ बंद करें।

5. भारी, तला हुआ तेल व मसालों वाले भोजन न खाएं।

उपचार- निम्नलिखित कुछ उपचार करें-

कपूर की पोटली- यदि नजला जुकाम का रोगी कपूर की पोटली दिन में कई बार सूंघ ले तो आराम मिलेगा।

लौंग का तेल- इस रोग को शांत करने के लिए लौंग का तेल सूंघें अथवा दो-तीन बूंदें नाक में डालें।

दूध व हल्दी- एक गिलास दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाएं। इसे अच्छी प्रकार उबालें व रोगी को पिलाएं। कुछ दिन नियमित पिलाते रहें।

काढ़ा तैयार करें- ग्रीन टी 2 चम्मच, 7 दाने काली मिर्च, 11 पत्तियां तुलसी की, दो लौंग, अंदाज से दाल चीनी तथा तेजपत्ता इन सबको एक गिलास पानी में खूब उबालें। जब एक चौथाई रह जाए तो उतार लें।

एक गिलास दूध में इस काढ़े का एक तिहाई डालें, फिर उबालें। रोगी इसे गर्म चाय की तरह पीता जाए। इसमें जरूरत के अनुसार शक्कर भी डाल लें।

बादाम तथा मुनक्के- रात को एक गिलास पानी में चार गिरी-बादाम, 11 मुनक्के डालें। रात भर पड़ा रहने दें। प्रात: इन बादामों व मुनक्के को पिसी काली मिर्च के साथ रोगी खा ले। पांच दिनों तक बिना नागा इसे खाएं, आराम रहेगा।

काली मिर्च- नजला-जुकाम से बचने या इसे ठीक करने के लिए काली मिर्च के पांच दाने गर्म पानी के साथ चबा कर निगल जाएं।

अजवायन- अजवायन को तवे पर भूनें। पोटली बनाकर सूंघें। काफी आराम मिलेगा। चार दिन लगातार इस उपचार को करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य कायम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

काकुरो पहेली - 2559



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ उनके योग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणार्थ:

	1	2	3	4
1				
2				
3				

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2558 का हल

लॉफिंग ज़ोन



प्रेमी नेता सभा के पश्चात अपनी प्रेमिका पर बरस पड़े - तुमने मुझे इतना लंबा भाषण क्यों लिखकर दिया था? भाषण के बीच कई बार तो बहुत हूटिंग हुई.

प्रेमिका ने माफी मांगते हुए कहा - भाषण ज्यादा नहीं था. हां.. इतनी गलती मुझसे जरूर हो गई कि मैंने भाषण की चारों कापियां तुम्हें थमा दी थी.

☺ ☺ ☺

पागलखाने का दौरा करने आये मंत्री जी से पागलो का परिचय कराते हुए निरीक्षक ने कहा - ये है उमेश, यह सुरेश और यह है बेचारा मुकेश.

मंत्री जी ने बीच में ही टोक कर पूछा - बेचारा मुकेश, तुमने इसे बेचारा क्यों कहा?

निरीक्षक ने मुंह बिचका कर जवाब दिया- दरअसल साहब यह अकेला ऐसा व्यक्ति है, जो विवाह से पहले ही पागल हो गया.

☺ ☺ ☺

वकील - जब इन दोनों पति-पत्नी में लड़ाई हो रही थी, तो क्या तुम वहां मौजूद थे?

गवाह - जी हां.

वकील - तो तुम्हें कुछ कहना है?

गवाह - यही कि मैं कभी शादी नहीं करूंगा

☺ ☺ ☺

फिल्म वर्ग पहेली - 2559

बायें से दायें:-

...

२०. 'छुपा रुस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'पाइन टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और कांटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'तो मैं घर मनाना तो' गीत वाली राजेश, राखी, उर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'साजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

...

१८. अमिताभ, विनोद, साधना की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल आँगन या बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'ऊपर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरा' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
३० रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तस्वीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-३
३२. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2558

सूडोकू -2559

सूडोकू -2558 का हल

शब्द पहेली - 2559

बाएं से दाएं

1. सुरक्षित-4
4. मजूर, आलसा-4
7. कार्य, काम-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होंठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. कामदेव की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

ऊपर से नीचे

1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कछवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खड़खड़ाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

शब्द पहेली - 2558 का हल

27 लाख रुपये के खराब मसाले पकडे, फैक्ट्री सीज

-खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्यवाही, लोग बोले खिला रहे जहर

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही करते हुए मसाला फैक्ट्री को सीज किया है। यहां हुई छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 27 लाख रुपये कीमत के खराब गुणवत्ता के मसाले पकडे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खादय एवं पेय पदार्थ के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आए डॉक्टर गौरी शंकर के नेतृत्व में कोसी कोटवन क्षेत्र में एनएच दो पर

स्थित एक मसाला फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा छापा मारा गया। फैक्ट्री में खाद्य मसाले की पिसाई एवं पैकिंग नियमों को ताक पर रखकर की जा रही थी वहीं पर चाय की पत्ती की पैकिंग करते हुए कारीगर पाएंगे संबंधित कारोबारी से उक्त फैक्ट्री संचालन हेतु लाइसेंस मांगने पर लाइसेंस नहीं दिखा सके। निरीक्षण के उपरांत मसालो में गंभीर मिलावट को देखते हुए पिसी हुई, हल्दी साबुत हल्दी, धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर खुला तथा मिर्च पाउडर पैक्ड, खुली चाय तथा पैक्ड चाय के सात सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए। फैक्ट्री में मसालों एवं चाय की खराब गुणवत्ता को देखते हुए यह मसाले आमजन की किचन तक न पहुंचे के दृष्टिगत लगभग साबुत हल्दी 1200 किलो, पिसी हल्दी 1250 किलो, पैक्ड हल्दी 350 किलो, लाल मिर्च खुली एवं पैक्ड 2800 किलो, धनिया पिसा एवं सावुत 1600 किलो, चाय पत्ती 4800 किलो आदि सभी की लगभग कीमत 27 लाख रुपये हैं को सीज करते हुए फैक्ट्री को बंद करा दिया गया।
एनएच दो पर स्थित वरुण बेवरेज कोल्ड ड्रिंक प्लांट का निरीक्षण करते हुए प्लांट में स्थित कैंटीन से बेसन, तैयार सब्जी तथा खाद्य तेल एवं सॉफ्ट ड्रिंक बनाने में प्रयुक्त होने वाली शुगर तथा तैयार एनर्जी ड्रिंक के पांच सैंपल संग्रहित किये गये।

न्यूज फ्लैश

पर्यटकों के लिए जारी होगा हेल्पलाइन नम्बर

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। जिलाधिकारी पुलकित खरे के निर्देश पर जनपद मथुरा में आने वाले सभी श्रद्धालु एवं पर्यटकों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नम्बर तथा उसके संचालन हेतु पर्यटक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया। विगत तीन माह के प्रयासों से बीएसएनएल के माध्यम से पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर 18601801508 प्राप्त हो गया है। इसके संचालन हेतु पर्यटक कन्ट्रोल रूम को स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत संचालित आईटीएमएस कक्ष के साथ संचालित किया जायेगा। इस कन्ट्रोल रूम में 24 घंटे शिफ्टवार पुलिस, पर्यटन, नगर निगम, राजस्व, रोडवेज तथा रेलवे के कर्मचारी बैठना सुनिश्चित करेंगे। इस पर्यटक कन्ट्रोल रूम के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त स्तर के अधिकारी को नामित किया जायेगा। पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर पर आने वाली कॉल्स, सुझाव तथा समस्याओं को एक रजिस्टर में नोट कर उनका तत्काल निस्तारण संबंधित विभाग से कराते हुए पर्यटक को सूचित कराया जायेगा। श्री खरे ने निर्देश दिये हैं कि जनपद के प्रमुख चैराहा एवं पर्यटक स्थलों पर ग्लो शाइन बोर्ड के माध्यम से मथुरा पर्यटक हेल्पलाइन नम्बर 18601801508 का अंकन मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराया जाये। हेल्पलाइन नम्बर का पायलट ट्रायल एक सितम्बर को जन्माष्टमी से पूर्व होगा।

शराब माफिया पर सख्ती, 15 दिन चलेगा अभियान

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने विशेष प्रवर्तन अभियान की चेकिंग के लिए निम्नलिखित टीम गठित की गई। उन्होंने अवगत कराया है कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत 20 अगस्त से पांच सितम्बर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर मजिस्टेज्ट, सभी उप जिला मजिस्टेज्ट तथा क्षेत्राधिकारी पुलिस द्वारा निरंतर चेकिंग की जायेगी और अभियान के अंतर्गत कार्यवाही करेगी। डीएम ने निर्देश दिये हैं कि अन्य प्रान्तों से लगी जनपद मथुरा की सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाये एवं नियमित रूप से रोड़ चैकिंग करायी जाये, जिससे किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न हो। जिलाधिकारी ने उक्त अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान किसी भी कार्मिक द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ा जायेगा। ऐसी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

बलिया में परिषदीय विद्यालय के छात्रों को शिक्षकों ने बेरहमी से पीटा, आरोपित शिक्षक सस्पेंड

बलिया/टीम एक्शन इंडिया
शिक्षा क्षेत्र मनियर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में बुधवार को अध्यापकों द्वारा छात्रों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो के सामने आते ही बीएसए मनीष कुमार सिंह ने प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है।
आरोप है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में पढ़ने वाले कक्षा सात के छात्र अर्जुन राजभर (13) पुत्र शिवजी राजभर व अमरजीत राजभर (12) पुत्र टुनटुन राजभर को प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीभगवान राम, सहायक अध्यापक वीरेन्द्र कुमार तथा अनुदेशक संतोष कुमार ने बुधवार की सुबह बेरहमी से पीटा। तीनों बच्चे गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन शिक्षक पीटते रहे। बीच-बचाव करने आई एक महिला शिक्षक को भी शिक्षकों ने अपशब्द की बौछार कर खदेड़ दिया। शिक्षकों की पिटाई से चीखते-चिल्लाते बच्चों की आवाज सुन आस-पास के लोग जुट गये। छात्र को शिक्षक द्वारा बेरहमी से पीटे जाने की निन्दा करते हुए लोगों ने विरोध करना शुरू किया, तब तक बच्चों के परिजन और ग्रामीण पहुंच गये। ग्रामीणों का तेवर देख शिक्षक एक कमरे में कैद हो गये और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस किसी तरह से बीच बचाव व कारवाई का भरोसा देकर दो शिक्षकों को रूम से बाहर निकालकर थाने ले गयी। वहीं, सूचना पर पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने कुछ शिक्षकों और ग्रामीणों का बयान दर्ज करने के साथ ही दोनों शिक्षकों व अनुदेशक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनियर की संस्तुति पर बीएसए मनीष कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीभगवान राम व सहायक अध्यापक वीरेन्द्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

वृन्दावन में काशी विश्वनाथ की तरह कॉरिडोर बने: बागेश्वर

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
ठा. श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने देवकीनंदन महाराज के साथ शिव अभिषेक कर पार्थिव शिवलिंगों की आरती उतारी। उन्होंने कहा वृन्दावन में काशी विश्वनाथ की तरह कॉरिडोर निर्माण की जरूरत है। देवकीनंदन महाराज के साथ आगरा जामा मस्जिद सीढ़ियों से केशवदेव विग्रह को वापस लाने का संकल्प भी लिया । प्रियाकान्तजु मंदिर पर चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग महोत्सव के 30वें दिन बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पूजन किया। श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुये धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि अब समय भागने का नहीं जागने का है। सब एकत्रित होकर जाग जाओ और भारत को महान राष्ट्र बनाओ। सभी सनातनियों को अपने सनातन चिन्ह धारण करने चाहिये।

श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
भगवान श्री कृष्ण की लीला स्थली ,कर्म स्थली तथा योगास्थली श्री कृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल के प्रांगण में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट, एनएसएस वॉलिंटियर्स की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा देश के अमर वीर शहीदों के चित्रपट पर पुष्पार्चन के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कमल कौशिक द्वारा किया गया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य डॉ. कमल कौशिक ने ध्वजारोहण किया जिसमें सहयोग लेफ्टिनेंट पवन कुमार तथा बृजेश भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। विद्यालय के होनहार एनसीसी कैडेट अंकित कुंतल ने प्री टी एस सी कैंप मेरठ में 11 ग्रुप में से पर्सनल बाधा, ग्रुप बाधा तथा 200 मीटर दौड़ में तीन तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार खुशी से झूम उठा।

करंट की चपेट में आने से आढ़तिया की मौत

जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया
खुटहन थाना अंतर्गत सब्जी मंडी में आढ़त की दुकान चलाने वाले व्यक्ति की बुधवार की सुबह दुकान पर लगे फरार्टा पंखा में उतरे करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिलकिछा दौलतपुर गांव निवासी 50 वर्षीय ओमप्रकाश गुप्ता सब्जी मंडी में अपनी दुकान चलाते थे। बुधवार को गर्मी अधिक होने के कारण वे दुकान में रखा फरार्टा पंखा चालू कर उसे हाथ में पकड़ बाहर लाने लगे। अचानक वे बेहोश होकर गिर गये। पंखा उनके ऊपर आ गिरा। अगल बगल के दुकानदार भाग कर आए। बोर्ड से बटन बंद कर उन्हें तत्काल सीएचसी ले गए। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हरियाली तीज को लेकर तैयार की रणनीति

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
नगर आयुक्त अनुनय झा ने हरियाली तीज की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की। नगर निगम कार्यालय में सभी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने महानगर के गिरासू भवनों के सम्बन्ध में मंथन किया। बैठक में हरियाली तीज के दृष्टिगत वृन्दावन नगर में मंदिरों, मुख्य मार्गों, तिराहे चैराहों के साथ साथ वृन्दावन परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वृन्दावन नगर में कन्ही भी लीकेज व जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रकाश विभाग को निर्देशित किया गया कि मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखें, कन्ही स्ट्रीट लाइट बन्द न पायी जाये। निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग की की जाए एवं पैच मरम्मत कराया जाये। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भ्रमणशील रहे। गिरासू भवन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत गिरासू एवं क्षतिग्रस्त भवनों का सर्वे तत्काल कर लिया जाये। सर्वे कर गिरासू क्षतिग्रस्त भवनों को चिन्हित करते हुये नगर निगम अधिनियम में किये गये प्रावधानों के अनुसार नोटिस आदि की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में क्रांति शेखर सिंह अपर नगर आयुक्त (वर्चुयली), अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, मुख्य अभियंता सिविल, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिविल, कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वृंदावन हादसा: पांच मौतों के बाद प्रशासन को आई सर्वे की याद

हादसा

8 -हादसे में कई श्रद्धालु हुए थे घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
थाना वृंदावन क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15 अगस्त को सांय लगभग साढे पांच बजे दुसायत मोहल्ले से श्री बांके बिहारी जी मंदिर की तरफ बाग वाला पार्किंग से सटे हुए विष्णु शर्मा के मकान के प्रथम तल के छज्जे की दीवार अचानक सड़क पर गिर गई, जिसमें पांच व्यक्तियों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई तथा चार लोग घायल हो गए।

फोटो परिचय- बांकेबिहारी मंदिर की गली में हुए हादसे में मरे लोग।

जिलाधिकारी ने वृन्दावन में ऐसे जर्जर एवं गिरासू मकानों, भवनों के सम्पूर्ण सर्वे के लिए समिति गठित की है, अपर नगर आयुक्त जिसमें कान्ति शेखर सिंह, रितु सिरोही डिप्टी कलेक्टर, राजकुमार भाष्कर डिप्टी कलेक्टर, प्रसून द्विवेदी विशेष कार्याधिकारी एमवीडीए, एके सिंह मुख्य अभियन्ता नगर निगम मथुरा वृन्दावन एवं मनोज मिश्रा मुख्य अभियन्ता मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण है। समिति वृंदावन के वार्ड संख्या 67 कैमारवन, वार्ड संख्या 69 रतनछतरी व वार्ड संख्या 70 बिहारीपुरा के प्रमुख मार्गों (जो मार्ग नागरिकों, पर्यटकों, श्रद्धालुओं द्वारा प्रमुखता से प्रयोग किए जाते हैं) पर स्थित भवनों (विशेषकर लटकते हुए छज्जों, गली की ओर दीवारों) का टेक्निकल ऑडिट करेगी तथा यह भी देखेगी कि अथॉरिटी के बिल्डिंग बायलॉज, महायोजना, हेरिटेज क्षेत्र के प्रावधानों, सुसंगत नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। प्रथम दृष्टया यदि भवन जर्जर एवं गिरासू पाया जाता है तो तत्काल नगर निगम द्वारा उसमें नियमानुसार कार्यवाही की जाए तथा प्राधिकरण की नियमावली बिल्डिंग तथा बायलॉज का उल्लंघन पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाए। समिति किए गए टेक्निकल ऑडिट की रिपोर्ट जिलाधिकारी को 15 दिनों मे प्रस्तुत करेगी।

लाखों के आभूषण नगदी चोरी, एक युवक पकडा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
राधा कुंड क्षेत्र में कुंजेरा के नगला रामनगर में बीती रात घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी पर राधाकुंड चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित के अनुसार उनकी बहुओं के पूरे गहने, घरेलू बर्तन, कपड़ा आदि सामान को चोर उड़ा ले गए हैं। जिसकी कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपये है। प्रेम सिंह पुत्र तुलाराम निवासी नगला रामनगर कुंजेरा ने थाने दी तहरीर में कहा है कि उनके परिवार के दो सदस्य घर में और सभी सदस्य छत पर सो रहते थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे चोर दो घर दीवाल फांद कर घर में घुस गए। कमरे में रखी संदूक व अलमारी के ताला तोड़कर एक मंगलसूत्र, दो सोने की लर, दो अंगूठी, दो लॉकेट, पांच चांदी तोड़िया, दो पायजेब, एक कोंदनी, व 30 हजार नगद, बाबू सिंह पुत्र तुलाराम के घर से चार तोड़िया, चार हजार नगद, पीतल के बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए।
इसके बाद चोरों ने तीसरे मकान में चोरी करने का प्रयास किया। यहां देशराज चैधरी के घर को निशाना बनाकर कूदने की फिराख में थे तभी कुत्ता भोंकने पर जगार हो गई। पप्पू पुत्र राम सनेही ने चीख पुकार मचाई और आस पास के घरों से लोग आ गए और चोर का पीछा करते हुए एक चोर को पहचान लिया। जिसको पुलिस पूछताछ को थाने ले आई है।

रमनलाल शोरावाला में मनाया स्वतंत्रता दिवस

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
कृष्णा नगर स्थित रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर प्रदीप अरोरा ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर देश के शहीदों को नमन किया गया।
चक दे इंडिया पर स्कूल के नन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय में मौजूद अभिभावकों ने करतल ध्वनि से बच्चों की सराहना की। विद्यालय के मैनेजर सभी उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्कूल की डयरेक्टर मीना अरोरा ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये। उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार सक्सेना ने सभी अभिभावक और मेहमानों को धन्यवाद दिया।

केशव प्रसाद मौर्य सपरिवार पहुंचे महावन के रमणरेती

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को महावन स्थित रमणरेती आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने गुरू शरणानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। आश्रम में प्रवेश करते ही आश्रम के मीडिया प्रभारी हरदेवानंद महाराज एवं कार्ष्णि नागेंद्र महाराज ने पटुका पहना कर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया। वहीं राजकीय सम्मान के साथ गार्ड सलामी दी गई। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने गुरु पीठाधीश्वर कार्ष्णि गुरु

शरणानंद महाराज से मिलने उनकी कुटिया में पहुंचे। गुरु को दंडवत प्रणाम कर पूजन करने चले गए। करीब एक घंटे तक उन्होंने अपने गुरु के साथ मंथन किया और आशीर्वाद लेकर लौटे। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर व्यस्तता के कारण नहीं आ पाया था, इसलिए आज आशीर्वाद लेने आया हूँ। इस दौरान महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडेय, एसपी देहात त्रिगुण विशेन, एसडीएम महावन नीलम श्रीवास्तव, सीओ आलोक सिंह, तहसीलदार विवेक शील यादव, गोकुल नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित, रविकांत गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

कनेक्टेड टूअर: कम दाम में कर सकेंगे एसी बस से ब्रज के स्थानों के दर्शन

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
ब्रज में आने वाले श्रद्वालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलियों के भ्रमण एवं दर्शन में सुगमता होगी। कण्डक्टड टूअर के संचालन का शुभारम्भ अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी ने हरी झंडी दिखाकर दो बसों को रवाना किया। कण्डक्टड टुअर स्मार्ट सिटी की बसों के माध्यम से संचालित किया जायेगा। एक टूअर वृन्दावन से प्रारम्भ होकर मथुरा, गोवर्धन एवं गोकुल होते हुए वापस वृन्दावन पर समाप्त होगा। जबकि दूसरा दूअर मथुरा से प्रारम्भ होकर गोवर्धन एवं गोकुल होते हुए वापस मथुरा पर समाप्त होगा। दोनों बसें वातानुकूलित हैं, इन टूअर्स में यात्रियों को भ्रमण एवं दर्शन हेतु पर्याप्त समय का निर्धारण किया गया है। ये बस सेवायें पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी, पर्यटन गतिविधि होगी। इस कण्डक्टेड टुअर का किराया 200 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है तथा एक डेस्टिनेशन से दूसरे डेस्टिनेशन के मध्य का किराया प्रति डेस्टिनेशन 50 रुपये निर्धारित किया गया। डेस्टिनेशन के मध्य रास्ते की सवारी प्रतिबंधित रहेगी। मथुरा से प्रारम्भ होने वाली बस सेवा प्रातः 8.30 बजे रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन से गोकुल हेतु रवाना होगी। 9.15 से 10.30 बजे तक गोकुल भ्रमण करेगी और गोवर्धन के लिए प्रस्थान करेगी। 12 से दो बजे गोवर्धन दर्शन कराएगी, दो से तीन बजे तक भोजन एवं विश्राम तथा उसके बाद मथुरा के लिए प्रस्थान करेगी। चार से पांच बजे तक श्रीकृष्ण जन्मस्थान, मथुरा दर्शन करायेगी। वृन्दावन से प्रारम्भ होने वाली बस सेवा प्रातः साढे सात बजे टीएफसी वृन्दावन से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए प्रस्थान करेगी, 8.15 से 9.15 बजे तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करायेगी। 10.30 से 01 बजे तक गोवर्धन पहुंचकर दर्शन कराएगी, 01 से 02 बजे तक भोजन और उसके बाद गोकुल हेतु प्रस्थान करेगी। 3.30 से 4.30 बजे तक गोकुल आगमन पर गोकुल दर्शन एवं पूजन कराएगी और उसके बाद वृन्दावन हेतु प्रस्थान करेगी तथा 5.30 बजे वृन्दावन पहुंचेगी।

फोटो परिचय- बस को हरी झंडी दिखा कर योजना का शुभारम्भ करते मंत्री चैधरी लक्ष्मीनरायण।

ब्रज भाषा के लोकगीत संग्रह ब्रज विविधा का लोकार्पण

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में ब्रज भाषा काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रज के लोकगीतों की पुस्तक ब्रज विविधा का लोकार्पण भी किया गया। काव्य संगोष्ठी की अध्यक्षता राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी जयपुर के पूर्व अध्यक्ष विट्ठल पारीख ने की। पुस्तक की लेखक पूनम शर्मा पूर्णिमा भी मंचस्थ रहीं। पूर्णिमा ने बताया कि पुस्तक में संकलित किए गये ब्रज के गीत और लोकगीत लिपिबद्ध किये गये हैं। उन्होंने ब्रज भाषा के संरक्षण के लिए गद्य व पद्य

में लेखन पर बल दिया। श्री पारीख ने ब्रज भाषा को बचाने की अपील की। ब्रज भाषा काव्य संगोष्ठी में कवि अशोक यज्ञ, योगेश शर्मा, कवयित्री अर्चना शर्मा, संस्कृत शिक्षक राम दत्त मिश्रा, अनुपम गौतम, भूपेंद्र भरतपुरिया आदि ने कविता पाठ किया। श्री यज्ञ ने कविता पढी जब आयौ द्वार बिहारी के, विश्वास अधूरौ मति करियौ। संचालन करते हुए ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा ने गीता शोध संस्थान में प्रारंभ हुए रासलीला के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम व अन्य गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की।

काशी का लाल बना अडानी ग्रीन एनर्जी का सीईओ

वाराणसी। देश की प्रतिष्ठित अडानी ग्रीन एनर्जी कंपनी के सीईओ पद पर जनपद के अमित सिंह को नियुक्त किया गया है। हालांकि अमित के नाम की घोषणा इसी साल मई में की गई थी, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में इस पद पर सेवा शुरू कर दी है। अमित सिंह बनारस के सेवापुरी के जगतीपुरी गांव निवासी जितेन्द्र कुमार सिंह के पुत्र है। 45 वर्षीय आईआईटी दिल्ली स्नातक अमित सिंह के पास तेल और ऊर्जा क्षेत्र में 22 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। साथ ही उन्हें लंबे समय तक यूरोप, मध्य पूर्व, एशिया और अमेरिका सहित कई भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने का गहन अनुभव है। अडानी में शामिल होने से पहले अमित लंदन में स्थित एसएलबी (जिसे पहले शलम्बरगर के नाम से जाना जाता था) के रणनीति और विपणन, डिजिटल और एकीकरण प्रभाग के निदेशक रह चुके हैं। अमित सिंह की इस उपलब्धि पर उनके गांव में हर्ष का माहौल है। अमित के पिता जितन्द्र कुमार सिंह भी सिंचाई विभाग में चीफ इंजीनियर पद से सेवानिवृत हुए हैं। अमित के परिवार में उनके माता-पिता के अलावा उनकी पत्नी, दो बच्चे और बहन हैं। अमित सिंह का परिवार आज भी अपने गांव से जुड़ा हुआ है। गांव में आयोजित होने वाले पारिवारिक समारोह में अमित और उनका परिवार शामिल होता रहता है।

गो फर्स्ट एयरलाइन की सभी उड़ानें 18 अगस्त तक कैंसिल

नई दिल्ली : आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट ने अब अपनी सभी उड़ानें 18 अगस्त तक रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने पिछले 3 मई से लगातार अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर रखा है। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर ट्वीट कर बताया कि परिचालन कारणों से 18 अगस्त तक गो फर्स्ट की सभी उड़ानें कैंसिल कर दी गई हैं। गो फर्स्ट ने कहा कि असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए सभी ग्राहक http:hor-turl.at/jlrEZ पर जा सकते हैं। किसी तरह के संशय या सवाल मन में होने पर आप बेझिझक हमसे संपर्क कर सकते हैं। इससे पहले जुलाई के आखिर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दो महीने से बंद पड़ी गो फर्स्ट एयरलाइन कंपनी को 15 विमानों और 114 दैनिक उड़ानों के संचालन की अनुमति दी थी। साथ ही एयरलाइन से कहा था कि अंतरिम फंडिंग की उपलब्धता और नियामक से उड़ान कार्यक्रम की मंजूरी के साथ परिचालन शुरू कर सकता है। गो फर्स्ट एयरलाइन मई से लगातार अपनी सभी उड़ानों को कैंसिल कर रही है। इससे पहले कंपनी ने 16 अगस्त तक के लिए अपनी सभी उड़ानों को कैंसिल कर दिया था। एयरलाइन के पास करीब 4,200 कर्मचारी हैं।

बर्गर किंग ने भी बंद किया टमाटर का इस्तेमाल, कंपनी ने बताई यह वजह

नई दिल्ली : टमाटर की आसमान छूती कीमत ने मैकडॉनल्ड्स और सबवे जैसे ब्रांडों को अपने अपने बर्गर, पिज्जा आदि से टमाटर हटाने को मजबूर कर दिया। वहीं अब इस कड़ी में एक और जाना माना नाम बर्गर किंग शामिल हो गया है। फास्ट फूड श्रृंखला वाले बर्गर किंग ने अपने खाने के आइटम में टमाटर का उपयोग करना बंद कर दिया है। देश में बर्गर किंग के करीब 400 स्टोर हैं, अपनी वेबसाइट पर जानकारी देते हुए कंपनी ने कहा कि रेस्टोरेंट ब्रांड्स एशिया लिमिटेड में हमारे पास गुणवत्ता के बहुत उच्च मानक हैं क्योंकि हम वास्तविक और प्रामाणिक भोजन परोसने में विश्वास करते हैं। टमाटर की फसल की गुणवत्ता और आपूर्ति पर अप्रत्याशित स्थितियों के कारण, हम टमाटर को अपने भोजन में शामिल करने में असमर्थ हैं। कंपनी ने ग्राहकों से धैर्य रखने का अनुरोध किया है। टमाटर की बढ़ती कीमतों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को खोजने के लिए संघर्ष करने के कारण क्यूएसआर श्रृंखलाओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के बीच देश के कुछ हिस्सों में टमाटर की खुदरा कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक है। इससे सरकार को पहली बार टमाटर आयात करने पर मजबूर होना पड़ा है।भारत फिलहाल नेपाल से टमाटर आयात कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 83.57 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

वहीं, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.04 डॉलर यानी 0.05 फीसदी की उछाल के साथ 79.42 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

आईजीआई एयरपोर्ट पर 2.93 करोड़ रुपये का सोना जब्त, आठ गिरफ्तार

नई दिल्ली। कस्टम विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर एक तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। कस्टम अधिकारियों ने ताशकंद से आए 8 यात्रियों को गिरफ्तार कर 5.319 किलोग्राम सोने की चेन बरामद की है। सोने की चेन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.93 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक्स पोस्ट पर ट्विट कर बताया कि ताशकंद से आए आठ लोगों से कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 5.319 किलोग्राम सोना की (50 चेन) बरामद किया है। सीबीआईसी ने कहा कि जब्त किए गए सोने की 50 चेन की कीमत 2.93 करोड़ रुपये है।

फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है।

भारत में निवेश अवसरों के लिए सहयोग बढ़ाए जेबीआईसी : सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में निवेश अवसरों का लाभ उठाने के लिए जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग बैंक (जेबीआईसी) को राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) और एक्जिम बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों के साथ सक्रिय साझेदारी के लिए आमंत्रित किया।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर ट्विट कर बताया कि निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में जेबीआईसी के गवर्नर हयाशी नोबिमित्सु के साथ एक बैठक के दौरान भारत में निवेश बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने अगले पांच साल में भारत में जापान के निवेश को बढ़ाकर पांच ट्रिलियन येन करने से संबंधित बिंदुओं पर भी बातचीत की। बैठक में वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को जेबीआईसी निवेश के सर्वाधिक आकर्षक गंतव्यों में से एक मानता है। उन्होंने एक्जिम बैंक, एनआईआईएफ जैसे वित्तीय संस्थानों के साथ संबंध बढ़ाने और बैंकों को कर्ज देने के लिए जेबीआईसी को प्रोत्साहित किया। सीतारमण ने पीएम-गतिशक्ति जैसे कई सरकारी अभियानों से भी नोबिमित्सु को अवगत कराया। उन्होंने जेबीआईसी से भारत में समुद्री खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक, परिवहन के साथ कृत्रिम मेधा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का अनुरोध भी किया।

इस दौरान जेबीआईसी गवर्नर ने कहा कि जेबीआईसी को भी भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रूप से लाभदायक संपर्क के लिए अधिक अवसरों की तलाश है। इसके साथ ही उन्होंने पीएलआई योजनाओं और राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन एनआईपी जैसे विभिन्न उपकरणों के माध्यम से निवेश की सुविधा प्रदान करने की दिशा में भारत सरकार की पहल की सराहना की।

सरकार ने सेबी के निदेशक मंडल में दो पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया

नई दिल्ली । केन्द्र सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में दो पूर्णकालिक सदस्यों कमलेश चंद्र वार्ष्णेय और अमरजीत सिंह को नियुक्ति किया है।बाजार नियामक ने जारी बयान में बताया कि सरकार की ओर से 12 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार सेबी के निदेशक मंडल में दो पूर्णकालिक सदस्यों कमलेश चंद्र वार्ष्णेय और अमरजीत सिंह को नियुक्त किया है। वार्ष्णेय राजस्व विभाग में संयुक्त सचिव हैं जबकि अमरजीत सिंह सेबी में कार्यकारी निदेशक हैं।सेबी के मुताबिक दोनों नियुक्तियां कार्यभार संभालने से तीन साल तक या अगले आदेश जो भी पहले हो प्रभावी रहेंगी। सेबी के निदेशक मंडल में दो पूर्णकालिक सदस्य और चार अंशकालिक सदस्य हैं। गौरतलब है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच हैं।

बोइंग ने भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

नई दिल्ली। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। अपाचे के धड़ का निर्माण हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड सुविधा में किया गया है।

अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बताया कि उसने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है। भारतीय सेना को अपाचे हेलीकॉप्टर की आपूर्ति 2024 तक निर्धारित है। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकाप्टरों में से एक है।

बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलील गुप्ते ने कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं का समर्थन करते हुए बोइंग एक और महत्वपूर्ण है कि बोइंग कंपनी एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम है, जो दुनिया भर

उपलब्धि हासिल करने पर खुश हैं। उन्होंने कहा कि एएच-64 की उन्नत तकनीक और प्रमाणित प्रदर्शन, भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों और उसकी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने में मदद करेगा। उल्लेखनीय में हवाई जहाज, रोटरक्राफ्ट, रॉकेट, उपग्रह, दूरसंचार उपकरण और मिसाइलों की डिजाइन, निर्माण और बिक्री करता है। इसके अलावा कंपनी पट्टे पर देने और उत्पाद समर्थन सेवाएं भी प्रदान करती है।

जीक्यूजी पार्टनर्स समेत कई निवेशकों ने अदाणी पावर में 8.1फीसदी हिस्सेदारी खरीदी, 9000 करोड़ में डील

नई दिल्ली। अमेरिका की बुटीक निवेश कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स ने अन्य निवेशकों के साथ अडाणी पावर लिमिटेड में 8.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,000 करोड़ रुपये (1.1 अरब डॉलर) में खरीदी। शेयर बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि जीक्यूजी पार्टनर्स और अन्य निवेशकों ने ब्लॉक सौदे में अदाणी पावर के 31.2 करोड़ शेयर खरीदे। अदाणी पावर बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक कारोबार करने वाले अदाणी समूह की चौथी कंपनी है जहां जीक्यूजी ने मई के बाद से अब तक निवेश किया है। कंपनी में प्रमोटर के तौर पर अदाणी परिवार की 74.97 प्रतिशत हिस्सेदारी थी और उसने 31.2 करोड़ शेयर यानी अपनी 8.1 प्रतिशत हिस्सेदारी 279.17 रुपये प्रति शेयर के औसत मूल्य पर बेच दी। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार जीक्यूजी पार्टनर्स इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी फंड और गोल्डमैन सैक्स ट्रस्ट द्वितीय- गोल्डमैन सैक्स जीक्यूजी पार्टनर्स इंटल अपॉर्च्युनिटीज फंड ने 279.15 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 15.2 करोड़ शेयर खरीदे। अमेरिका स्थित निवेश कंपनी ने मार्च की शुरुआत में अदाणी समूह में निवेश करना शुरू किया था। शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए प्रतिकूल आरोपों का सामना कर रहे समूह में जीक्यूजी पार्टनर्स लगातार अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। जीक्यूजी ने इससे पहले अदाणी एंटरप्राइजेज में 5.4 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में 6.54 प्रतिशत और अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड में 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। अदाणी पावर भारत की रणनीतिक ऊर्जा और बिजली उत्पादक कंपनियों में से एक है। यह सौदा भारत में किसी निवेशक और प्रमोटर समूह के बीच अपनी तरह का पहला सौदा है।

त्योहारी सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार आह्वान, चीन को एक लाख करोड़ रुपये का होगा नुकसान

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रक्षाबंधन से शुरू होकर दीपावली तक चलने वाले त्योहारी सीजन के दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन कैट का अनुमान है कि त्योहारी सीजन में सामानों के आयात न होने से चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान होगा।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि इस त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के खर्च से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूंजी का प्रवाह हो सकता है। पिछले वर्ष चीनी सामानों के बहिष्कार से 75 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया का अनुसरण करते हुए देशभर के व्यापारियों ने चीनी सामान को न बेचने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता भी अब चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण भारतीय सामान की मांग में वृद्धि हुई है।

खंडेलवाल ने बताया कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के 20 शहरों में किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों और आयातकों ने दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी पर्व विशुद्ध रूप से भारतीय त्यौहार के रूप में मनाये जायेंगे। कैट की रिसर्च विंग ने नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बंगलुरू, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू में यह सर्वे किया है।

चौतरफा बिकवाली में लुढ़कीं प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज, टॉप 10 में से 9 रेड जोन में

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत शेष 9 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 29,147.89 डॉलर यानी 24.25 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम की कीमत 0.98 प्रतिशत टूट कर 1,822.86 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 2.10 प्रतिशत, एक्सआरपी 4.37 प्रतिशत, कार्डानो 4.16 प्रतिशत, डोजेकॉइन 5.72 प्रतिशत, सोलाना 6.35 प्रतिशत और ट्रॉन 1.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान यूएसडी कॉइन अकेली ऐसी क्रिप्टो करेंसी रही, जो 0.01 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रही थी।

अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो चौतरफा दबाव के कारण पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में भी 1.51 प्रतिशत की कमजोरी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप गिर कर 1.15 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 95.66 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

क्रिप्टो करेंसीज की कीमत में जोरदार गिरावट के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में करीब 2,538 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन-देन का ये स्तर 25.38 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.35 प्रतिशत बढ़ कर 49.13 प्रतिशत हो गई है।

2031 तक सालाना 6.7ब्न की दर से बढ़ेगी जीडीपी, एसएंडपी ने कहा- वैश्विक सुस्ती और ब्याज दरों का नहीं होगा असर

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था 2031 तक सालाना औसतन 6.7ब्न की दर से बढ़ेगी। विनिर्माण और सेवाओं के निर्यात, ग्राहकों की मांग और निकट समय में चुनौतियों के बावजूद यह वृद्धि दर जारी रहेगी। एसएंडपी ने कहा, ब्याज दरों के बढ़ने और वैश्विक धीमापन का बहुत असर अर्थव्यवस्था की तेजी पर नहीं दिखेगा। स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ने कहा, चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6 प्रतिशत रह सकती है। यही नहीं, जी20 (20 देशों के समूह) में भी भारत की जीडीपी सबसे तेज बढ़ेगी। पिछले माह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर के अनुमान को 0.2फीसदी बढ़ाकर 6.1फीसदी कर दिया था। आरबीआई ने 6.5फीसदी का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2031 तक बढ़कर 6.7 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा, जो वित्त वर्ष 2023 में 3.4 लाख करोड़ डॉलर है। इसका मतलब प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़कर करीब 3.75 लाख रुपये हो जाएगी। यदि ऐसा होता है तो भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण की ओर बढ़ते वैश्विक रुझान से नए अवसर उभरने की उम्मीद है, क्योंकि निर्माताओं को प्रोत्साहन के साथ बुनियादी ढांचे में सुधार हो रहा है। कर सुधारों से दक्षता लाभ, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे के लिए राज्य समर्थन और सरकारी सब्सिडी हस्तांतरण से रिसाव को कम करने से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे चलकर लाभ होगा।जुलाई में फुटकर महंगाई के 15 महीने की ऊंचाई पर पहुंचने से शहरी गरीब सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। क्रिसिल ने कहा, शहरी क्षेत्रों में उच्च आय वर्ग को सबसे कम महंगाई के बोझ का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके खर्च में भोजन का हिस्सा कम था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे गरीब वर्ग को अधिक महंगाई के बोझ का सामना करना पड़ा, क्योंकि वे खाने पर निर्भर हैं और जुलाई में खाद्य महंगाई सबसे ज्यादा बढ़ी है। क्रिसिल ने कहा, इसमें 20 प्रतिशत कम आय वाले, 60 प्रतिशत मध्य आय वाले और 20 प्रतिशत ऊंची आय वालों को शामिल किया गया है। कम आय वालों में शहरों में कमाने वालों के लिए जुलाई में महंगाई 8.5 फीसदी रही जबकि गांवों में यह 7.9 फीसदी रही।

नेपाल के चितवन जिले में एकसाथ टकराए आठ वाहन, 20 जख्मी

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले के रत्ननगर में पूर्व-पश्चिम महेन्द्र राजमार्ग पर एकसाथ आठ यात्री वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 20 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें से सात की हालत चिंताजनक है। जिला प्रहरी कार्यालय चितवन के मुताबिक पूर्वाह्न 11:40 बजे के आसपास एक कॉलेज की बस एक शव वाहन बोलेरो से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में पास से गुजर रहीं चार मोटरसाइकिल और दो स्कूटी भी आ गईं। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल हुए 20 लोगों में से सात की हालत गंभीर है। सभी घायलों को भरतपुर मेडिकल कॉलेज और चितवन मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। गंभीर रूप से घायलों में खैरहनी नगरपालिका निवासी 65 वर्षीय कृष्ण बहादुर तामांग, 82 वर्षीय जीत बहादुर तामांग, रत्ननगर नगरपालिका के 55 वर्षीय कुसुम बहादुर राना, डोलबहादुर कार्की, 38 वर्षीय सुरेश श्रेष्ठ, 35 वर्षीय किशोर तामांग और हेटौडा निवासी मोहन तामांग शामिल हैं।

यूएई के छात्र अबूधाबी में दिल्ली आईआईटी के कैंपस का स्वागत करने को हैं उत्सुक

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का कैंपस शुरू होने से यहां आसपास के छात्रों और प्रोफेसरों में खुशी है। आईआईटी दिल्ली के अकादमिक कार्यक्रम, पाठ्यक्रम अगले वर्ष से शुरू होने है। इसे पढ़ने और समझने के लिए यूएई के छात्र उत्सुक हैं। इस संबंध में दुबई में अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में शामिल होने आईं शिक्षक और वागीश संस्था से जुड़ीं डॉ. आरती लोकेश ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर अबूधाबी में दिल्ली आईआईटी का कैंपस शुरू होने से स्थानीय छात्रों में खुशी है। नई पीढ़ी के लिए यह कैंपस आईआईटी के छात्रों को प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि कैंपस के निर्माण चल रहा है। वर्ष 2024 के सत्र के लिए अगले साल से प्रवेश शुरू होंगे। अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव के मुख्य अतिथि व स्थानीय प्रतिष्ठित कंपनी बंयू स्टील के जनरल मैनेजर धैर्य नारायण से इस आईआईटी कैंपस को लेकर वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि अबूधाबी में आईआईटी दिल्ली का कैंपस स्थापित होने से पारस्परिक समृद्धि और वैश्विक भलाई का रास्ता खुलेगा और ज्ञान की ताकत का लाभ छात्रों को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल छात्रों के भविष्य के निर्माण में कारगार साबित होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

मियामी से चिली जा रहे विमान में पायलट की मौत, पनामा में हुई आपात लैंडिंग

पनामा। अमेरिका के मियामी से 271 यात्रियों को लेकर दक्षिण अमेरिकी देश चिली जा रहे एक विमान के बाथरूम में गिरकर पायलट की मौत हो गयी। इसके बाद सहपायलट ने मध्य अमेरिकी देश पनामा में विमान की आपात लैंडिंग कराई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लताम एयर लाइंस का विमान मियामी से चिली की राजधानी सैनटियागो के लिए 271 यात्रियों को लेकर रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान विमान के पायलट कैप्टन इवान अंडॉर बाथरूम गए, जहां गिरकर उनकी मौत हो गयी। विमान में मौजूद सहपायलट को यह बात पता चली तो उन्होंने पनामा में विमान की आपात लैंडिंग सुनिश्चित की। माना जा रहा है कि पायलट की मौत हृदयाघात से हुई है। कैप्टन इवान अंडॉर विमान के उड़ान भरने से तीन घंटे पहले अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। घटना के बाद विमान में मौजूद क्रू ने उन्हें आपातकालीन उपचार देने की कोशिश की थी लेकिन वह उन्हें बचा नहीं पाए। विमान पनामा सिटी के टोक्यूमेन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंड करते ही वहां मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञ उनका इलाज करने पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पायलट अंडॉर के पास 25 साल का अनुभव था। एयरलाइन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मियामी से सैनटियागो के लिए जा रही उड़ान संख्या एलए 505 वाले विमान को मेडिकल इमरजेंसी के कारण पनामा के टोक्यूमेन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंड करना पड़ा।

पाकिस्तानी चर्चों में तोड़फोड़ व आगजनी पर अमेरिका ने कहा, हिंसक अभिव्यक्ति स्वीकार नहीं

वाशिंगटन/ इस्लामाबाद,। पाकिस्तान में ईशनिंदा के नाम पर चर्चों और अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी पर अमेरिका ने आक्रोश जाहिर किया है। अमेरिका ने कहा कि हिंसक अभिव्यक्ति को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पाकिस्तान में धर्म के नाम पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फैसलाबाद शहर में जरानवाला इलाके में बुधवार को भीड़ ने कुरान की बेअदबी का आरोप लगाकर पांच चर्च तोड़ डाले। इतना ही नहीं, चर्च के आस-पास रहने वाले लोगों के घरों को भी जला दिए। उनके साथ मारपीट और लूटपाट भी की। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी रही। इस पर अमेरिका ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि पाकिस्तान में कुरान के अपमान के जवाब में चर्चों और घरों को निशाना बनाये जाने से अमेरिका चिंतित है। अमेरिका स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है, लेकिन हिंसा या हिंसा की धमकी को कभी भी अभिव्यक्ति के रूप में स्वीकार्य नहीं कर सकते। पटेल ने पाकिस्तान के अधिकारियों से इन घटनाओं की जांच करने और लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया। इस घटना को लेकर पाकिस्तान के अल्पसंख्यक गुस्से में हैं। चर्च ऑफ पाकिस्तान के प्रमुख बिशप आजाद मार्शल ने कहा कि इस घटना के बाद कुछ कहने की हिम्मत नहीं बचती है। इस खौफनाक घटना को शब्दों में क्यों नहीं किया जा सकता। चर्च जलाए जा रहे हैं। बाइबिल के टुकड़े किए गए और कुरान के अपमान का झूठा आरोप लगाकर ईसाइयों को प्रताड़ित किया जा रहा है। ह्यूमन राइट्स फोकस पाकिस्तान के प्रमुख नवीद वाल्टर ने सरकार, न्यायालय और पुलिस से न्याय और कार्रवाई की मांग की और कहा कि अल्पसंख्यकों को तुरंत सुरक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को आश्वस्त किया जाए कि एक दिन पहले उन्होंने जिस देश का स्वतंत्रता दिवस का जश्न पूरे जोश से मनाया, वह उनको अपना मानता है। वाल्टर ने कहा, 1947 में आजादी के बाद से पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की आबादी 23 फीसदी से घटकर 3 फीसदी हो गई है। यह सोचने का विषय है, आखिर ऐसा क्यों हुआ।

बागेश्वर धाम बाबा शुक्रवार को आयेंगे नेपाल, पशुपतिनाथ दर्शन के बाद होगी हनुमन्त कथा

काठमांडू। बागेश्वर धाम वाले चर्चित संत आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को काठमांडू पहुंचेंगे। वह यहां पशुपतिनाथ दर्शन के बाद हनुमन्त कथा सुनाएंगे। तीन दिनों के कथावाचन के लिए नेपाल आ रहे बागेश्वर बाबा की सुरक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है।

बाबा बागेश्वर धाम को नेपाल आमंत्रित करने वाले उद्योगपति वरूण चौधरी के मुताबिक बाबा बागेश्वर की हनुमन्त कथा का कार्यक्रम नवलपरासी जिले के शाश्वतधाम मन्दिर परिसर में रखा गया है, इसलिए शुक्रवार शाम को काठमांडू में ही उनके भक्तों के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। शाश्वतधाम में हनुमन्त कथा का कार्यक्रम शनिवार से सोमवार तक होगा।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चार्टर्ड फ्लाइट से काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आने के बाद सीधे पशुपतिनाथ मन्दिर में दर्शन के लिए जाएंगे। शाश्वतधाम में शुरू होने वाले कथावाचन कार्यक्रम में 18 से 20 हजार भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई है। हालांकि आयोजकों और पुलिस प्रशासन को यह अनुमान है कि यह संख्या दोगुनी से भी अधिक हो सकती है। इसलिए मुख्य पांडाल के बाहर कई स्थानों पर बड़े बड़े स्क्रीन लगाए गए हैं। नेपाल पुलिस प्रवक्ता डिआईजी कुबेर कडायत ने कहा कि बाबा बागेश्वर की काठमांडू से लेकर शाश्वतधाम तक की यात्रा के लिए सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। नेपाल में उनके आगमन से लेकर प्रस्थान तक नेपाल प्रहरी, सशस्त्र प्रहरी के कमांडो सुरक्षा घेरा में रहेंगे। पुलिस के डीएसपी के नेतृत्व में नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस का कमांडो फोर्स उनकी सुरक्षा में तैनात रहेगा।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनकी गाड़ी के आगे पीछे हथियारबंद सुरक्षा बल का दस्ता भी मौजूद रहेगा। भारी भीड़ को देखते हुए शाश्वतधाम में भी सुरक्षा के हाईटेक व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल और पूरे शहर में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी लगाया गया है। पूरे कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। सैकड़ों पुलिस वालों को सादी वर्दी में तैनात किया गया है।

नेपाली सेनाध्यक्ष का भारत दौरा सितम्बर में, उपहार में मिलेंगे दो 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर

काठमांडू। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति महारथी प्रभुराम शर्मा का पांच दिवसीय भारत दौरा तय हुआ है। भारतीय थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के निमंत्रण पर नेपाली सेनाध्यक्ष 24 से 28 सितम्बर तक की भारत यात्रा पर आयेंगे।

नेपाली सेना की तरफ से जानकारी दी गई है कि महारथी शर्मा के दौरे अपर भारतीय सेना की तरफ से उन्हें भारत में ही निर्मित दो हेलीकॉप्टर उपहार में दिए जाएंगे। यह 'मेक इन इंडिया' के तहत एचएएल निर्मित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' होंगे। नेपाली सेना के प्रमुख अपने भारतीय समकक्ष जनरल मनोज पांडे से द्विपक्षीय रक्षा हितों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा भारतीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से शिष्टाचार मुलाकात भी करेंगे। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति भारतीय थलसेना के ऑनरेरी जनरल होते हैं। इसी तरह भारतीय थलसेनाध्यक्ष भी नेपाली सेना के मानार्थ प्रधान सेनापति होते हैं। कई दशकों से यह परम्परा चली आ रही है।

अधेड़ बेटे भी पढ़ाई पूरी करने को प्रेरित हों, 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने 12वीं की परीक्षा पास की

काठमांडू। कहते हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती- इसे सच साबित कर दिखाया है नेपाल की 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने। उन्होंने इस उम्र में 12वीं की परीक्षा पास कर अपने बेटों के समक्ष उदाहरण पेश किया जो पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए।

जब 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो काठमांडू निवासी रत्ना सुनुवार की खुशी बाकी परीक्षार्थियों से अलग थी। काठमांडू के शान्तिनगर स्थित बानेश्वर कॉलेज से 80 वर्षीया महिला रत्ना ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। वे ग्रामीण विकास, समाज शास्त्र और जनसंचार विषय की पढ़ाई कर 65 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई हैं। अब वे ग्रेजुएट होने की चाहत रखती हैं।नेपाल के रामेछाप जिला निवासी रत्ना सुनुवार के चार बच्चे और 7 नाती-पोते हैं। विकट इलाके में घर, कम उम्र में शादी, परिवार की जिम्मेदारी के कारण वे पहले पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई थी लेकिन पढ़ाई की इच्छा हमेशा रही। रत्ना ने बताया कि कोरोना काल में जब पूरा परिवार साथ में रहा तो उनके पति और बच्चों ने उनकी पढ़ने की लालसा को देखते हुए प्रेरित किया। कोरोना के समय ही यानी 78 वर्ष की उम्र में उन्होंने 10वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। घर की आर्थिक हालत के कारण उनके बच्चों की भी पढ़ाई अधूरी रह गई थी। रत्ना ने कहा कि अपने बच्चों को प्रेरणा देने के लिए भी उन्होंने इस उम्र में पढ़ाई करने की ठानी ताकि उनके बच्चों की भी पढ़ाई पूरी हो सके।

दक्षिण चीन सागर के विवादित द्वीप पर हवाई पट्टी बना रहा चीन, सेटेलाइट तस्वीर से खुलासा

बीजिंग। विस्तारवादी चीन अपने पड़ोसी देशों को दबाने का कोई मौका नहीं छोड़ता, चाहे वह भूभाग विवादित ही क्यों न हो। ताजा घटनाक्रम में दक्षिणी चीन सागर के ट्राइटन द्वीप में चीन हवाई पट्टी का निर्माण कर रहा है। सेटेलाइट से लिए गए चित्रों के विश्लेषण के बाद यह दावा किया जा रहा है। जबकि इस द्वीप पर वियतनाम और ताइवान भी दावा करते हैं। ट्राइटन द्वीप पर चीनी सैनिकों की मौजूदगी में निर्माण कार्य दिखा है। पैरासेल द्वीप समूह के ट्राइटन पर चल रहा काम, पूर्व में स्प्रैटली द्वीप समूह में सात मानव निर्मित द्वीपों पर हुए निर्माण को प्रतिबिंबित करता है। यह हवाई पट्टियों, गोदी और सैन्य प्रणालियों से सुसज्जित है। चीन पूरे दक्षिण सागर पर दावा करता है, जबकि अन्य देश उसके दावे को खारिज करते हैं। इसकी वजह से इस क्षेत्र में तनाव रहता है।

अगस्त की शुरुआत में प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा लिए गए सेटेलाइट तस्वीर के विश्लेषण में हवाई पट्टी निर्माण की जानकारी मिली थी। इस समय रनवे का निर्माण चल रहा है, जो 600 मीटर से अधिक लंबा है। यह टर्बोप्राप एयरक्राफ्ट और ड्रोन के लिए पर्याप्त है लेकिन जेट और बॉम्बर नहीं उतर सकते।

ट्राइटन वियतनाम के तट और चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान से समान दूरी पर है। अमेरिका यहां मुक्त नौवहन संचालन के अधिकार के तहत अपने नौसैनिक जहाज भेजता रहता है। चीन ने यहां निर्माण कार्य का कोई ब्यौरा नहीं दिया है। उसने किसी तरह के सैन्यीकरण से इनकार किया है।

नेपाल में सोना तस्करी मामले में चार चीनी नागरिक पांच दिन की पुलिस रिमांड पर

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू की एक अदालत ने एक क्विंटल सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार किए गए चार चीनी नागरिकों को पांच दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने सोना तस्करी में संलिप्त चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया था। इस मामले में अब तक 10 चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि सोना तस्करी में गिरफ्तार चार चीनी नागरिकों में तीन पुरुष और एक महिला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी के साथ ही उन्हें काठमांडू की जिला अदालत में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया है। सीआईबी के एक जांच अधिकारी ने बताया कि आज रिमांड पर लिए गए चीनी नागरिकों को पहले से पुलिस रिमांड पर चल रहे अन्य चीनी नागरिकों के साथ आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सोना तस्करी के मामले में पुलिस ने सबसे पहले एक चीनी नागरिक को एयरपोर्ट से चीन जाते समय गिरफ्तार किया था। उसके बयान के आधार पर चीनी मूल के एक वियतनामी और एक भारतीय पासपोर्टधारी नागरिक को गिरफ्तार किया था। इसके कुछ दिन बाद ही दावा छिरिंग नाम के एक तिब्बती नागरिक को गिरफ्तार किया गया। कुछ दिन पहले ही सीआईबी ने दो अन्य चीनी नागरिकों को एयरपोर्ट से उस समय गिरफ्तार किया था जब वो चीन भागने की फिराक में थे। इन छह चीनी नागरिकों के बाद आज चार अन्य की गिरफ्तारी हुई है।

महिला को जिंदा दफन किया, 11 दिन बाद कब्र से खोदकर निकाली गई बाहर

इस्लामाबाद। ब्राजील से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक महिला को गलती से जिंदा दफना दिया गया। कई दिनों तक वह ताबूत के अंदर बेसुध पड़ी रही। इस दौरान महिला ने खुद को बाहर निकालने के लिए हरसंभव कोशिश की। बाद में, उसकी चीख-पुकार सुनकर लोगों ने 11 दिन बाद उसे कब्र से जिंदा बाहर निकाला। हालांकि, बाद में उनकी मौत भी हो गई।

दरअसल, साल 2018 में कब्र खोदकर जब महिला को बाहर निकाला गया तो इसकी शिकायत पुलिस को मिली। पुलिस तब से इस मामले में जांच कर रही थी। अब कई सालों बाद हैरान करने वाली सच्चाई सामने आई है।

ताबूत के अंदर खून मिला

महिला की पहचान 37 वर्षीय रोसांगेला अल्मेडा डॉस सैंटोस के तौर पर हुई। बताया जा रहा है कि पूर्वोत्तर ब्राजील के रियाचाओ दास नेवेस में एक कब्रिस्तान में दफना एक ताबूत बाहर निकाला तो उसके अंदर खून मिला। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला ने खुद को ताबूत से बाहर निकलने के लिए खूब चीख पुकार की, लेकिन उनकी मदद करने वाला कोई नहीं था। इस दौरान उनकी कलाइयों में चोट लग गई।

बाद में, उसकी चीख-पुकार सुनकर लोगों ने 11 दिन बाद उसे कब्र से जिंदा बाहर निकाला। हालांकि, बाद में उनकी मौत भी हो गई।

चीखने-चिल्लाने की आवाजें

रिपोर्ट के मुताबिक, कब्रिस्तान के आसपास रहने वाले लोगों ने रियाचाओ के परिवार को बताया कि उसकी कब्र से लगातार चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही हैं। जल्द ही परिवार वाले कब्रिस्तान में पहुंचे और दफनाए ताबूत को लोगों की मदद से बाहर निकाला। जब ताबूत का ढक्कन हटाया गया, तो उसके भीतर रियाचाओ जिंदा मिली।

महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। रियाचाओ के हाथ और पैर पर चोट के निशान थे। माना जा रहा कि वह ताबूत से निकलने की कोशिश कर रही थी, तभी यह चोटें आई होंगी। हालांकि, हालत इतनी खराब थी कि उसकी अगले दिन ही मौत हो गई।

साल 2018 का मामला

बता दें, रियाचाओ शादीशुदा थीं। उनके बच्चे नहीं थे। उन्हें सात साल की उम्र से ही चक्कर आने की समस्या थीं। इसकी वह दवाएं भी ले रही थीं। इसी वजह से एक दिन वह बेहोश हो गई और फिर लोगों ने गलती से उन्हें मृत समझकर दफना दिया। हालांकि, साल 2018 में महिला का डेथ सर्टिफिकेट बना, जिसमें बताया गया कि उसकी मौत दो बार आए हार्ट अटैक और अंगों के फेल होने की वजह से हुई है।

1960 में मदद लेने के बाद आज भारत सबसे बड़ा चावल निर्यातक, अमेरिका ने भी की तारीफ

काठमांडू। अमेरिका की एक वरिष्ठ कूटनीतिज्ञ ने कहा है कि भारत ने अमेरिका से मदद लेने के बाद खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बनने का लंबा रास्ता तय किया है। अमेरिकी कूटनीतिज्ञ ने कहा कि भारत ने खाद्य सुरक्षा के मामले में शानदार काम किया है और अब भारत निर्यातक बन गया है। बता दें कि फिजी में 'यूएस इंडो पैसिफिक कमांड चीफ ऑफ डिफेंस' का सम्मेलन हुआ। इस दौरान 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलेपमेंट' की प्रशासक समांथा पॉवर ने कहा कि एक देश में निवेश करने से अन्य देशों को भी फायदा मिलता है। इस दौरान समांथा पॉवर ने भारत की तारीफ करते हुए उसका उदाहरण दिया और कहा कि 'एक देश में किए निवेश से अन्य देशों को भी फायदा मिलता है। खाद्य सुरक्षा को ही लें तो भारत में 1960 की शुरुआत में, हमने वैज्ञानिकों और स्थानीय किसानों के साथ मिलकर उच्च उपज वाले बीज विकसित और वितरित किए थे। अगले दो दशकों में उन बीजों की मदद से भारत ने अपने चावल उत्पादन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की और गेहूं उत्पादन में 230 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। भारत में हरित क्रांति हुई और इस बढ़ी हुई कृषि उपज का फायदा दुनिया के अन्य देशों को भी हुआ।' समांथा पॉवर ने कहा कि भारत ने अमेरिकी मदद लेने से लेकर खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बनने और दूसरे देशों को खाद्यान्न निर्यातक बनने का लंबा रास्ता तय किया है। अब भारत अपनी अद्भुत विकास प्रक्रिया को अपनी सीमाओं के पार भी बढ़ा रहा है। बता दें कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है और वैश्विक चावल व्यापार का 40 प्रतिशत अकेले भारत निर्यात करता है। 2022 में भारत ने 140 देशों को 9.66 बिलियन यूएस डॉलर कीमत का दो करोड़ 20 लाख टन चावल निर्यात किया। बता दें कि देश में चावलों की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए भारत सरकार ने बीती 20 जुलाई को चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिसकी वजह से भारत से निर्यात होने वाले 25 प्रतिशत चावल पर रोक लग गई है।

भारत-आयरलैंड सीरीज को लेकर लोगों में भारी उत्साह, पहले दो मैचों के पूरे टिकट बिके

डबलिन। भारतीय क्रिकेटरों की वैश्विक लोकप्रियता ने क्रिकेट आयरलैंड जैसे उदीयमान क्रिकेट बोर्ड की चांदी कर दी है और पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के सारे टिकट बिक गए हैं। क्रिकेट आयरलैंड ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'भारत और आयरलैंड के बीच पहले दो टी20 मैचों के शत प्रतिशत टिकट बिक गए हैं और तीसरे मैच के टिकट तेजी से बिक रहे हैं।'

सभी मैच 'द विलेज' मालाहाइड क्रिकेट क्लब मैदान पर होंगे जिसकी क्षमता 11500 दर्शकों की है। इंग्लैंड में 2009 में टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आयरलैंड को आठ विकेट से हराने के बाद से भारत ने अब तक आयरलैंड के खिलाफ पांचों टी20 मैच जीते हैं।

पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी वाली आयरलैंड टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लोरकान टकर ने कहा कि उन्हें भारत से मिलने वाली कड़ी चुनौती का अहसास है। उन्होंने कहा, 'खास अनुभव हो रहा है चूंकि बड़ी टीम खेलने आ रही है। यहां भारत को काफी समर्थन मिलेगा लेकिन इतनी बड़ी तादाद में दर्शकों का आना आयरलैंड में क्रिकेट के लिए अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'टीम इन बड़े मैचों को लेकर काफी रोमांचित है। हमने विश्व कप में खेला है और भारत के खिलाफ पहले भी खेल चुके हैं। हमें पता है कि ऐसे बड़े दबाव वाले मैचों में कैसा लगता है।' उन्होंने कहा, 'हमने इस साल काफी क्रिकेट खेली है और हम तैयार हैं। हमने स्कॉटलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई भी किया है। हर कोई रोमांचित है।' इस श्रृंखला के जरिये भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी भी होगा जो एक साल तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद अब टीम की कप्तानी करेंगे। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारत को वेस्टइंडीज ने हाल ही में टी20 श्रृंखला में 3.2 से हराया।

जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन से खेलेगा भारत

डसेलडोर्फ । भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे चार देशों के टूर्नामेंट में स्पेन के खिलाफ मुकाबले से विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। भारत का सामना 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी से होगा। इसके दो दिन बाद टीम इंग्लैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमों का सामना 22 अगस्त को फाइनल में होगा।

भारतीय जूनियर टीम ने जून में ओमान में जूनियर एशिया कप जीतकर दिसंबर में कुआलालम्पुर में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 2.1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था। अभ्यास शिविर में चोटिल हुए उत्तम सिंह की जगह विष्णुकांत सिंह भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' हमारे पास मजबूत और अनुभवी खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों की लय हम कायम रखेंगे।'

उन्होंने कहा, 'हमें आत्मविश्वास हासिल करने के लिये जीत के साथ आगाज करना होगा। यह टूर्नामेंट विश्व कप से पहले यूरोप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलकर अनुभव हासिल करने के लिये अहम है।'भारत को पिछली बार 2019 में मैड्रिड में अंडर 21 टूर्नामेंट में स्पेन ने 3.1 से हराया था। स्पेन और भारत 2016 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन भारत ने जीते। जर्मनी और भारत ने 2013 के बाद से चार मैच खेले जिनमें से भारत ने तीन मैच जीते हैं।

एलपीएल 2023 में धमाल मचा रहे मथीशा पथिराना, बोले- धोनी ने जो सिखाया वो काम आ रहा

कोलंबो। श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने एक गेंदबाज के रूप में उनके विकास में भूमिका के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनीकी प्रशंसा की है। पथिराना ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई के लिए पदार्पण किया और अपने पहले ही सीजन में वह टीम के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज रहे। पथिराना ने चेन्नई में अपने अनुभव पर कहा कि एक युवा खिलाड़ी के रूप में अगर कोई आपको इस तरह का आत्मविश्वास देता है तो यह आपके करियर को आगे बढ़ाता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं।लंका प्रीमियर लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स के लिए खेलने वाले पथिराना मौजूदा सीजन में 12 विकेट के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। श्रीलंका ने अभी एशिया कप के लिए स्क्वाड की घोषणा नहीं की है, हालांकि पथिराना घरेलू सरजमीन पर होने वाले एशिया कप और उसके बाद भारत में होने वाले विश्व कप में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।बहरहाल, पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताए गए समय पर कहा कि मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं।

एफसी बार्सिलोना के खेल निदेशक नियुक्त हुए एंडरसन लुइस डी सूजा

मैड्रिड। एफसी बार्सिलोना ने अपने पूर्व खिलाड़ी एंडरसन लुइस डी सूजा 'डेको' को क्लब का खेल निदेशक नियुक्त किया है। एंडरसन माटेउ अलेमानी की जगह लेंगे। बार्सिलोना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 2004-2008 के बीच बार्सा के लिए खेलने वाले डेको ने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है।

क्लब ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को कहा,डेको एफसी बार्सिलोना के खेल दर्शन को स्थापित करने और कोच और कोचिंग के साथ टीम को एक साथ लाने और फुटबॉल अनुभाग का प्रमुख बनने के प्रभारी होंगे। वहीं, अलेमानी बार्सिलोना में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, जिन्होंने वित्तीय निष्पक्ष खेल सीमाओं के कारण

समस्याओं का सामना करने के बावजूद क्लब को स्थानांतरण बाजार में आगे बढ़ने में मदद की है। वह रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, रफिन्हा, इनिगो मार्टिनेज और इल्के गुंडोगन जैसे खिलाड़ियों को बार्सा टीम में लाने और वित्तीय सीमाओं के बावजूद गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों को साइन करने में सफल रहे हैं।

घुटने की चोट के कारण वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हुए पृथ्वी शॉ

लंदन। भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड में चल रहे वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने एक बयान में कहा अपने छोटे से कार्यकाल में पृथ्वी ने एक क्लब के रूप में हम पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि वह इस प्रतियोगिता के शेष भाग के लिए हमारे साथ नहीं रहेंगे। वह एक अत्यंत विनम्र युवक है, वह बहुत सम्मानित है और नॉर्थम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिए बहुत आभारी हैं।

उन्होंने कहा, 'मैदान पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारे ड्रेसिंग रूम में भी उनका बहुत बड़ा प्रभाव था। हम उनके अच्छे होने की कामना करते हैं और उम्मीद

करते हैं कि हम उन्हें जल्द ही फिर से रन बनाते हुए देखेंगे।' शॉ ने 153 गेंदों में 244 रन की शानदार पारी खेली, जिससे नॉर्थम्पटनशायर को पिछले हफ्ते समरसेट पर 87 रन से जीत दर्ज करने में मदद मिली। इसके बाद उन्होंने डरहम के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। बता दें कि वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए चयनकर्ताओं ने भारतीय सलामी बल्लेबाज की अनदेखी की थी।23 वर्षीय शॉ ने आखिरी बार भारत के लिए तब खेला था जब मेन इन ब्लू ने जुलाई 2021 में श्रीलंका का दौरा किया था।

विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुई टोक्यो ओलंपियन भावना जाट

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपियन भावना जाट 12 महीने के भीतर तीन डोप परीक्षण विफलता के बाद बुडापेस्ट में 19 से 27 अगस्त तक होने वाले विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं और अब वह स्वदेश लौटेंगी। भावना, जो विश्व चैंपियनशिप में 20 किमी रेस वॉक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय एथलीट थीं, को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अनुसार, तीन तीन डोप परीक्षण में विफलताओं के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से चैंपियनशिप में जगह बनाई और इस साल कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर अच्छी फॉर्म में हैं। जुलाई 2023 में, भावना ने प्रियंका गोस्वामी को हराकर

राष्ट्रीय अंतर-राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 जीती। उन्होंने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए 1:37:03 का समय लिया। 2023 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फरवरी में रांची की नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में आया, जहां उन्होंने 1:29:44 का समय निकाला।इसके अलावा, मार्च में ऑल जापान रेस वॉकिंग इवेंट में उन्होंने 1:36:20 का समय निकाला। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के नियमों के अनुसार, एक एथलीट को 12 महीने के भीतर तीन बार डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। यदि ऐसा है तो उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि भावना जाट ने जुलाई 2022 विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था। एएफआई ने उन्हें राष्ट्रमंडल खेल 2022 पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हटने के लिए कहा था। भावना ने 10,000 मीटर रेस वॉक में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया और 2022 में खेलों में 8वें स्थान पर रहीं।

अल्कराज ने साल की 50वीं जीत दर्ज की, सिनसिनाटी ओपन के दूसरे चरण में थॉम्पसन को हराया

मेसन । स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सिनसिनाटी ओपन 2023 के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर इस साल की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज़ ने मंगलवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया, हालांकि उनकी अर्द्धशतकीय जीत की खुशी उनके औसत दर्जे के प्रदर्शन के नीचे छुप गयी। शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज़ विश्व के नंबर 55 खिलाड़ी थॉम्पसन के खिलाफ लयविहीन नजर आए।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 5-2 की बढ़त बनाने के बाद पहला सेट हार गए, लेकिन अल्काराज की अप्रत्याशित गलतियों की सहायता से दूसरा सेट 6-4 से जीतने में कामयाब रहे। वर्षाबाधित मैच में अल्काराज़ ने अंतत- तीसरा सेट शुरू होने से पहले अपनी लय हासिल की और सिर्फ आधे घंटे में सेट जीतकर जीत अपने नाम की।

अल्कराज ने कहा, 'यह आसान मैच नहीं था लेकिन अंत में मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर मिला। हम मैच खेलने के लिये पूरे दिन इंतजार कर रहे थे। फिर जब आप कोर्ट पर कदम रखते हैं तो आपको बारिश से शुरुआत करनी होती है, इसलिए यह आसान नहीं था। आपको इस प्रकार की स्थिति में इन मैचों को जीतने का तरीका ढूंढना होगा।' अल्काराज़ की 50वीं जीत इस साल उनके 12वें टूर्नामेंट में आई है, जबकि पिछले साल उन्हें 50 विजयों के लिए अपने 14वें टूर्नामेंट अमरीकी ओपन का इंतजार करना पड़ा था।

नार्दर्न रेलवे ने केडी सिंह बाबू सोसाइटी को दी मात

लखनऊ। हाकी लीग सीनियर चैम्पियनशिप में नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन ने के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को नौ-एक से मात दे दी। इस मैच में शुरू से ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ी हावी रहे और अंत तक के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को बढ़त नहीं होने दी।

नार्दर्न रेलवे के कप्तान ओ.पी पाल ने अपने खिलाड़ियों का जाल कुछ इस तरह बिछाया था कि के.डी सिंह बाबू सोसाइटी के खिलाड़ी उसी में उलझकर रह गये। पांचवें मिनट में ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पहला गोल कर दिया। इसके बाद के.डी. सिंह के खिलाड़ी अभी बराबरी के लिए जूझ रहे थे कि 15 मिनट में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पुनः एक गोल कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। इसके बाद पुनः 21वें मिनट

में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने एक गोल दाग दिया। 22वें मिनट में के.डी. सिंह बाबू के खिलाड़ियों ने एक गोल किया, लेकिन इसके बाद वे कोई गोल नहीं कर सके। नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने 23वें मिनट, 27वें मिनट, 39वें मिनट, 50वें मिनट, 51वें मिनट और 57वें मिनट में गोल दागकर मैच को नौ-एक से जीत लिया।

अब तक हुए मैच में लखनऊ कमिश्नरेट ने 10 प्वाइंट हासिल किये हैं, जबकि नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन और के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी ने छह-छह अंक हासिल किये हैं। वहीं गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने चार अंक और इस्लामिया कालेज लखनऊ ने तीन अंक हासिल किये है।

हर मैदान के रहस्य होते हैं, मुझे भी यह सीखने पड़े थे- विंडीज दौरे पर बोले रविचंद्रन अश्विन

चेन्नई। अनुभवी भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि विंडीज में टी20 सीरीज गंवा चुकी टीम इंडिया के प्लेयरों की आलोचना करना सही नहीं है। भारत की युवा टीम को टी20 श्रृंखला में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले टीम इंडिया ने टेस्ट श्रृंखला 1-0 जबकि एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी। हालांकि अश्विन ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए कैरेबिया में खेलना आसान नहीं था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सोशल मीडिया पर टीम की आलोचना करना बेहद आसान है क्योंकि वे ऐसी टीम से हार गए जिसने पिछले टी20 विश्व कप (सुपर 12) और 50 ओवर के विश्व कप (इस साल होने वाले) के लिए क्वालीफाई नहीं किया। सभी देशों के मैदान के कुछ रहस्य होते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ी मेहमान टीम के खिलाड़ियों की तुलना में इन छोटी चीजों को कहीं बेहतर जानते हैं विशेषकर तब जब मेहमान टीम के खिलाड़ी युवा हों। जब मैंने पहली बार वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तो मुझे कई छोटी-छोटी चीजें सीखनी पड़ी थी। अश्विन ने कहा कि बहुत से युवाओं ने जब पहली बार वेस्टइंडीज का दौरा किया तो उन्होंने बहुत-सी चीजें सीखी होंगी। वे क्रिकेटर के रूप में बेहतर बनेंगे। वे निश्चित रूप से बेहतर होंगे। उन्होंने कहा- जाहिर है सीरीज हारने के बाद, कई लोग आलोचना कर रहे हैं और परेशान हैं। यह ठीक है और समझ में आता है। मुझे लगता है कि यह उचित है। लेकिन हम इस हार को 2 दृष्टिकोण से देख सकते हैं। कई खिलाड़ियों ने भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।अश्विन ने कुछ युवाओं की प्रशंसा की जिनके बारे में उनका मानना है कि वे भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की विशेष तौर पर प्रशंसा की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय रहे। इसके अलावा उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि तिलक वर्मा का एक बल्लेबाज के रूप में उभरना (सकारात्मक है)। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसने गेंद से भी कमाल दिखाया। सूर्यकुमार यादव ने टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

संजू सैमसन को लग सकता है बड़ा झटका, एशिया कप टीम से बाहर होना लगभग तय

नई दिल्ली। स्टार भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में अब उनके भारत की एशिया कप टीम में जगह बना पाना लगभग ना के बराबर हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक संजू सैमसन आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाएंगे। एशिया कप 30 अगस्त से मुल्तान में शुरू होगा। यह टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल में खेला जाएगा जिसके अधिकतम में श्रीलंका में होंगे क्योंकि भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। जानकारी के मुताबिक अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली टीम सिलेक्शन कमेटी रविवार 20 अगस्त को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का

ऐलान करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने टी20 में 12, 7 और 13 रन बनाए जबकि इससे पहले दो वनडे मैचों में 9 और 51 रन बनाए थे। ऐसे में वह 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने से चूक सकते हैं।

एशिया कप में भारत अपने अभियान की शुरुआत 2 सितम्बर से पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। इस साल यह टूर्नामेंट वनडे फार्मेट के रूप में खेला जाएगा। यहां तक वनडे विश्व कप 2023 के लिए टीम का ऐलान है तो वह एशिया कप के बाद ही होगा।

संजू सैमसन के बाहर होने का कारण

खराब फॉर्म के अलावा सैमसन के बाहर होने का मुख्य कारण इशान किशन का फॉर्म में होना है। उन्होंने वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की है। उनका 13 वनडे में औसत 55.71 है। रिपोर्ट के मुताबिक एशिया कप 2023 के लिए सिलेक्शन कमेटी प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में मौका दे सकती है।

विश्व कप को लेकर भारत की तैयारी पर बोला पूर्व पाकिस्तानी विकेटकीपर, दिया बड़ा बयान

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा है कि अगर भारत विराट कोहली को अपना कप्तान बनाए रखता तो वे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार होते, जो भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच आयोजित किया जाएगा।

भले ही भारत घरेलू धरती पर शोपीस इवेंट की तैयारी कर रहा है लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन के लिए चोटें परेशानी का कारण बनी हुई हैं। श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और ऋषभ पंत सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस और उपलब्धता अभी भी सवालिया निशान हैं। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व करने के लिए लौट आए हैं, लेकिन प्रतिष्ठित आयोजन में उनकी भागीदारी निश्चित नहीं है।

इसके अलावा संजू सैमसन, इशान किशन और सूर्यकुमार यादव जैसे युवा या गैर-नियमित खिलाड़ियों को 50 ओवर के अंतरराष्ट्रीय मैचों में अधिक अनुभव देने के लिए बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को हाल ही में समाप्त हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान आराम दिया गया था। 50 ओवरों की टीम से उनकी अनुपस्थिति, विश्व कप से पहले

बहुमूल्य खेल समय गंवाने से प्रशंसकों की आलोचना हुई। विश्व कप आने और प्रमुख खिलाड़ियों की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं होने के कारण, कई प्रशंसकों को डर है कि मेजबान टीम अनुभव की कमी वाली टीम के साथ उच्च जोखिम वाले आयोजन में जा सकती है।

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में लतीफ ने कहा, अगर उन्होंने विराट कोहली को कप्तान बने रहने दिया होता तो भारत इस समय तक वर्ल्ड कप के लिए 100 फीसदी तैयार हो चुका होता। विराट ने 95 एकदिवसीय मैचों में भारत का नेतृत्व किया जिनमें से 65 जीते, 27 हारे और एक बराबरी पर रहा, जबकि 2 का कोई नतीजा नहीं निकला। कप्तान के रूप में उनका जीत प्रतिशत 68.42 था।

पाकिस्तान के लिए 1996 और 2003 विश्व कप में भी भाग लेने वाले लतीफ ने कहा कि भारत अपनी टीम के चयन के कारण संघर्ष कर रहा था और नए खिलाड़ियों को टिकने की अनुमति नहीं देने के कारण वेस्टइंडीज के हाथों 2-3 टी20 सीरीज हारे। उन्होंने कहा, भारतीय टीम प्रबंधन ने कहा है उन्होंने कई खिलाड़ियों के साथ प्रयोग किया और अगर मैं उनकी बल्लेबाजी की बात करूं तो मध्य और निचले क्रम नंबर 4 से 7 तक उन्होंने किसी भी नए खिलाड़ी को जमने नहीं दिया। बहुत सारे बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे चोटिल सीनियर खिलाड़ियों पर निर्भरता जोखिम भरी हो सकती है। उन्होंने कहा,मैं कहूंगा कि यह जोखिम भरा है क्योंकि केएल और अय्यर चोटों से वापसी कर रहे हैं। टूर्नामेंट के दौरान अच्छे प्रभाव के लिए देश स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे स्ट्रोक लगा सकते हैं। एक क्षेत्र जहां मुझे लगता है कि एशियाई टीमों को इन टीमों से मुकाबला करने के लिए संघर्ष करना होगा, विशेष रूप से बीच के ओवरों में जब तेज स्ट्राइक रेट की भी आवश्यकता होती है। लतीफ ने कहा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आजकल स्पिनरों के खिलाफ रिवर्स स्वीप और स्विच शॉट्स को बहुत घातक बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिल जैसे इंग्लिश स्पिनर राशिद और मोईन अली अपने विकेट खरीदते हैं जबकि एशियाई स्पिनर अच्छी इकॉनमी रेट बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। आदिल राशिद जैसा गेंदबाज या मोईन अली जैसा कोई व्यक्ति उनके विकेट खरीदता है जबकि हमारे स्पिनर किफायती गेंदबाजी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप में सबसे करीबी मुकाबला होता है और मुझे नहीं लगता कि एशियाई टीमों को कोई अतिरिक्त बढ़त मिलेगी क्योंकि यह भारत में आयोजित किया जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड महिला विश्वकप के फाइनल में, अब मुकाबला स्पेन से

सिडनी । इंग्लैंड ने यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना स्पेन से होगा। ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार सैम केर टूर्नामेंट में पहली बार शुरूआती एकादश में शामिल थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल भी किया लेकिन यह यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले हाफ में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा रहा। इला टून ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को 1-0 से बढ़त दिला दी। केर ने 63वें मिनट में बराबरी का गोल किया जिससे स्टेडियम में मौजूद 75 हजार से अधिक दर्शकों ने राहत की सांस ली।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही। लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी जबकि एलेसिया रुसो ने नियमित समय का खेल समाप्त होने से चार मिनट पहले गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं। इन दोनों टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में स्वीडन से भिड़ेगा।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

उत्तराखंड : इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियां तेज

उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

धामी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर राज्य में विकास और रोजगार को धार देगी। आगामी दिसंबर माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक बैठक में इसकी रूप रेखा पर चर्चा की गई। इस बार सरकार राज्य में ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लिया गया है। सुभाष रोड स्थित एक होटल में आज ग्लोबल सलाहकार समूह की बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यमंत्री के साथ उनके मंत्रिमंडल के सदस्य शासन के आला अधिकारी समेत राज्य के उद्योगपति भी शामिल हुए। उत्तराखंड में निवेश के लिए फ्रेंडली माहौल तैयार करने के रूप रेखा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से

बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित है। इस बार राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2018 में हुई इन्वेस्टर्स समिट से दोगुना निवेश पाने का है। इस समिट में ढाई लाख करोड़ के एमओयू के साथ-साथ हाईड्रो, ट्यूरिज्म, एजुकेशन,सोलर जैसे क्षेत्रों में निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड में बाहरी राज्यों और देश-विदेश से निवेश लाने के लिए रोड शो सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए शांत वातावरण। सरकार बेहतर काम और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।
मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। देश के विभिन्न शहरों में इन्वेस्टर्स सम्मिट के तहत रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

चौथे दिन बदरीनाथ हाइवे हुआ सुचारु

आपदा प्रभावित

> गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही

टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर

उत्तराखंड बदरीनाथ हाइवे को गुरुवार चौथे दिन सुचारु कर दिया गया है। पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में वॉश आउट हाइवे को सभी प्रकार के वाहनों के लिए सुचारु कर दिया गया है। हालांकि गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही है। पीपलकोटी में आपदाग्रस्त परिवारों के भोजन के लिए प्रशासन की ओर से नि:शुल्क कैंटीन की व्यवस्था भी की गई है। जिला आपदा परिचालन केंद्र और जिला सूचना कार्यालय के अनुसार बदरीनाथ हाइवे जो पिछले चार दिनों से पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में सौ मीटर के लगभग वॉश आउट होने से बाधित हो गया था, उसे आज सुचारु कर दिया गया है। साथ ग्रामीण क्षेत्रों की 48 लिंक मोटर मार्ग को खोलने के लिए भी संबंधित विभागों की ओर से कार्य किया जा रहा है। आपदा प्रभावित क्षेत्र कौंज पोथनी के खंडरा, काणा, बैनीधार, मवल्ढा के प्रभावितों को राहत सामग्री भी भेजी गई है, जिसका वितरण किया जा रहा है। आपदा प्रभावित गांव किरूली, कौंजपोथनी, गरुड़ गंगा, पाखी, बिरही, थराली पैनगढ़ एवं पीपलकोटी बंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में राशन किट वितरण किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम प्रभावित गांवों में जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर रही है। आज चिकित्सा टीमों ने दूरस्थ गांव किरूली, कौंज पोथनी और बिरही के आसपास प्रभावित गांवों का भ्रमण ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। थराली पैनगढ़ मार्ग पर प्राणमति में पैदल चलने के लिए लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया गया है। एसडीएम और तहसीलदार की देखरेख में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिलीफ फोर्स के जवान गाड-गदेरों पर वैकल्पिक मार्ग, अस्थायी पुलिया बनाने में जुटे है। तहसील प्रशासन के माध्यम से प्रभावित लोगों को अहैतुक सहायता धनराशि के चेक भी वितरित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पीपलकोटी बंड क्षेत्र में मजदूर लगाकर प्रभावित लोगों के घरों से मलबा साफ करवाया जा रहा है।

फास्ट न्यूज

10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट करना जरूरी

टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल

जनपद में संचालित सभी 96 आधार पंजीकरण केंद्रों, ग्राम पंचायतों और वार्डों में संचालित 720 जन सेवा केंद्रों के माध्यम से शिविर लगाकर 10 वर्ष पुराने आधार कार्डों को अपडेट किया जायेगा। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने निर्देश जारी कर दिए हैं।
श्री द्विवेदी ने जनपद के आम जनमानस से अपील की है कि जिन लोगों के आधार कार्ड को 10 वर्ष हो गए हैं, वे अपना आधार कार्ड को अपने निकटतम जन सेवा केंद्र में जाकर अथवा पास के आधार पंजीकरण केंद्र में अपडेट करवा सकते हैं। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर विकास शर्मा ने बताया कि इन केंद्रों के साथ ही आम जन घर से भी माई आधार डॉट यूआईडीएआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए 25 रुपये ऑनलाइन फीस देनी होगी, जबकि आधार पंजीकरण केंद्र अथवा जन सेवा केन्द्रों में आधार अपडेट करवाने को 50 रुपये फीस भारत सरकार से निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड बनवाते वक्त जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था, 10 साल पूर्ण होने के उपरान्त कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों को अपडेट कराना जरूरी है।

झमाझम बारिश से चहुंओर जलभराव

वाराणसी: काशीपुराधिपति की नगरी में गुरुवार अपरान्ह में हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण जाम में चहुंओर जलभराव से जूझना पड़ा। नगर के कमच्छा गुरूबाग तिराहा, गोदौलिया नई सड़क मार्ग, मलदहिया तेलियाबाग रोड, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तेलियाबाग रोड, चौकाघाट रेलवे पुल के नीचे, अंधरापुल, सिगरा रथयात्रा मार्ग, सिगरा थाने के समीप सहित शहर के निचले हिस्सों में जलभराव से लगे जाम में वाहनों की कतारें लगी रही। दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार जाम और जलभराव के बीच बारिश से जूझते रहे। झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। उमस और गर्मी से राहत दिलाने वाली बारिश से ग्रामीण अंचल में किसानों में खुशी देखी गई। सूख रहे खरीफ की फसल के लिए बारिश संजीवनी सरीखी बताई गई। गौरतलब हो कि वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में पिछले एक सप्ताह से लोग उमस धूप भरी गर्मी से बेहाल थे। आसमान में बादल उमड़-घुमड़ रहे थे, लेकिन बारिश न होने के कारण उमस बढ़ गई थी। आज दोपहर तीन बजे अचानक मौसम बदला और देखते ही देखते आसमान में बादल छा गये। बिजली की चमक के बीच बादल झमाझम बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। स्कूलों से छुट्टी के बाद घर के लिए निकले बच्चे बारिश में भींगते और जमकर मस्ती करते दिखे।

'राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त'

अजमेर: भाजपा राजस्थान के आह्वान पर भाजपा शहर जिला अजमेर के निदेर्शानुसार महिला मोर्चा अजमेर इकाई ने जिला कलेक्ट्रेट पर मानव श्रंखला बना कर प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध को लेकर प्रदर्शन किया गया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर पारसमल से महिलाओं ने मिलकर मुख्यमंत्री को विषय की जानकारी दी।

सभी अस्पताल मरीजों की देखभाल करें: ब्रजेश

निर्देश

> मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: डिप्टी सीएम

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

मरीजों को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। मरीजों को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अस्पतालों में दवाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सक बाहर की दवाएं कतई न लिखें। यह निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनेक्सी भवन में सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुख की आहूत बैठक में दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों की समस्याओं और कमियों को निदेशक-सीएमएस अपने स्तर से जिम्मेदारी लेकर दूर करें। सभी अस्पताल एक-दूसरे से समन्वय बनाए रखें। यदि कोई सामान्य कमी हो तो दूसरे अस्पताल की सहायता लेकर उसे दूर करें। जो दवाएं जिलों के ड्रग वेयर हाउस में उपलब्ध हैं, उन्हें मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। रोगी कल्याण निधि की राशि मरीजों के हित में प्रयोग की जाए। हर महीने अस्पताल के प्रमुख अपने संस्थान की क्रिटिकल परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें। केयर एप में हर सोमवार उपकरणों की क्रियाशीलता का डाटा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के लिए वेंटीलेटर-आईसीयू की व्यवस्था के लिए सभी चिकित्सा संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आपातकालीन वार्ड में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। मरीजों के लिए एंबुलेंस, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाइयां, उपकरणों, पंखा-कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोपे पीपल, कदम्ब और मौलश्री के पौधे।

प्रशांत किशोर के निशाने पर सीएम नीतीश कुमार

टीम एक्शन इंडिया/समस्तीपुर

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आपको क्या लगता है नीतीश कुमार अटल जी को श्रद्धांजलि देने गए थे? अगर श्रद्धांजलि देने ही गए थे तो पिछले साल क्यों नहीं गए थे? पिछले 8 बरस में नहीं गए, यहां तक कि जब भाजपा के साथ थे तब नहीं जाते थे। नीतीश कुमार का अपना राजनीति करने का तरीका है। एक दरवाजे को खोलते हैं और पीछे से खिड़की और रोशनदान दोनों को खोलकर रखते हैं। किसकी कब जरूरत पड़ जाए, इसके अनुसार अपना रास्ता खोले हुए हैं। समस्तीपुर शहर के पुलिस मैदान में गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए उनके लिए दरवाजा है और खिड़की राज्यसभा सदस्य हरिवंश नारायण हैं, जिनके माध्यम से उनका भाजपा के साथ संपर्क बना हुआ है। ये मैसेजिंग है जैसे हम कमरे में रोशनी आने के लिए जगह छोड़ देते हैं। ये सब तो बीजेपी और एनडीए वालों को मैसेज दे रहे हैं कि आपके जो बड़े श्रद्धेय थे उनकी हम इतनी श्रद्धा करते हैं।

छोटी टिड्डी दिखने से विभाग हरकत में

टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर

जिले की कोलायत तहसील में इस बार फाका (छोटी टिड्डी) दिखने से विभाग हरकत में आ गया। गनीमत है कि जैसलमेर की तरह ही यहां पर भी फाका ही है। इस कारण फसलों को किसी तरह का खतरा नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टिड्डी नियंत्रण केन्द्र की टीमों ने तुरंत प्रभाव से फाका को मार गिराया। किसानों के लिए राहत की बात है यह फाका उड़ नहीं सकता। इस कारण किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। टिड्डी नियंत्रण केन्द्र बीकानेर की टीमें लगातार सर्वे कर रही है।

नूंह हिंसा की न्यायिक जांच से क्यों भाग रही है बीजेपी-जेजेपी: हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

विधानसभा के मानसून सत्र में कानून व्यवस्था व नूंह हिंसा और बाढ़ की वजह से हुए भारी नुकसान व सरकार के कुप्रबंधन पर चर्चा के लिए कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिए हैं। साथ ही बेरोजगारी व सीईटी पर्चे में धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई करने के बारे में, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल में नुकसान, बाढ़ का मुआवजा,

परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों व क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रॉपर्टी आईडी की धांधली, सहकारी ऋण व खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा की धांधलियों और शामलात व जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा तमाम विधायक अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दों पर सरकार से सवाल-जवाब करेंगे। बुधवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सौंदर्यवर्धन

रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

त्वरित गति से चल रहा स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य

विकास कार्य

टीम एक्शन इंडिया/चूरु

उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। रतनगढ़ स्टेशन पर प्रथम चरण में लगभग 18 करोड़ की लागत से निम्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। रेलवे के सीनियर डीसीएम महेश कुमार जेवलिया के अनुसार स्टेशन की ओर आने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान, ड्रॉप ऑफ जोन, साइनेज इत्यादि में सुधार तथा सकुर्लेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण से

संबंधित कार्य, दो पहिया, चौपहिया एवं दिव्यांगजन के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, सौंदर्यवर्धन के लिए एलईडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्ट वर्क के साथ स्टेशन के वर्तमान भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार, बुकिंग ऑफिस, रिटायरिंग रूम में सुधार और पुराने स्टेशन भवन के फर्श को ऊंचा उठाकर सुधार तथा नए वेटिंग एरिया एवम नए आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान।
सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाना, 12 मीटर चौड़े पैदल पुल का निर्माण जिसमें रैंप के प्रावधान के साथ सभी प्लेटफार्म से जुड़ाव तथा पैदल पुल तक सभी प्लेटफार्म में कवरिंग का प्रावधान, स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा

> सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा

उत्पादन के लिए सोलर प्लांट लगाना, यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हेतु कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक लगाना, सकुर्लेटिंग एरिया में 100 फीट ऊंचा स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज लगाना शामिल है।